सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.8 न्यू | 15.5 अधि |
| धर्मशाला | 9.8 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,231.92 |
| निफ्टी | 26,068.15 |
| सोना 1,23,146 | चांदी 1,51,129 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 24 नवंबर 2025 | 9 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 327, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली ब्लास्ट: 40 लाख की फंडिंग पर उमर और मुजम्मिल में विवाद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपए को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था। इस मामले में एनआईए की जांच में बांग्लादेश से कनेक्शन के संकेत हैं। एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपए मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था। (अनंत ज्ञान)

### आईटीबीपी 10 महिला बॉर्डर चौकियों से एलएसी सुरक्षा करेगी मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) डीजी प्रवीण कुमार ने घोषणा की कि भारत-चीन एलएसी पर 10 सिर्फ महिला बॉर्डर चौकियां बनाई जाएंगी। यह कदम फोर्स की 'फॉरवर्डाइजेशन' योजना का हिस्सा है, जिसके तहत अब तक 180 की बजाय 215 बॉर्डर चौकियों को आगे बढ़ाया गया है। सात नई बटालियन और एक सेक्टर हेडक्वार्टर के निर्माण से सुरक्षा और निगरानी और मजबूत होगी। आईटीबीपी कुल 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी की रक्षा करती है और नए फॉरवर्ड बेस सुरक्षा और समन्वय बढ़ाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने टी-20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप जीता

**एजेंसी, कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहला दृष्टिहीन क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम किया। भारतीय टीम ने नेपाल को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। श्रीलंका केपी सारा ओवल में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए 115 रन का लक्ष्य मिला था। इसे भारतीय टीम ने केवल तीन विकेट गंवाकर 12वें ओवर में ही हासिल कर लिया। नेपाल ने पहले खेलते हुए पांच विकेट पर 114 रन का स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने जबरदस्त बॉलिंग की और नेपाल की बल्लेबाजों को केवल ही एक बाउंड्री लगाने दी। (अनंत ज्ञान)

*(विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर)*

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सबलेटिंग पर एसडीएम सख्त, नप को 3 दिन में कमेटी गठन के निर्देश -पेज 2
- बिलासपुर सब्जी मंडी बनी बीमारी की फैक्टरी -पेज 6
- खेल छात्रावास का हाल बेहाल, जल्द हो सुधार -पेज 9
- पारंपरिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ उपमुख्यमंत्री की बेटी का विवाह -पेज 10
- सिरमौर में स्कूल के पास तंबाकू बेचने वालों की अब खैर नहीं -पेज 12


### जी20 में 20 ग्लोबल लीडर्स से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कहा–

# एआई का दुरुपयोग रोकने के लिए हो वैश्विक समझौता

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहान्सबर्ग में हो रहे जी20 समिट के दौरान दुनिया के 20 ग्लोबल लीडर्स से मुलाकात की। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतरराष्ट्रीय नेता शामिल रहे।

मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यानी अंतरराष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है, इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)



जी20 समिट में ग्लोबल लीडर्स के साथ बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### वैश्विक संस्थानों में सुधार अब बन गई है जरूरत : मोदी

**मोदी** शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) नेताओं की बैठक में शामिल हुए। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे।

### मोदी-रामफोसा की टेक्नोलॉजी स्किल डेवलपमेंट पर हुई चर्चा

**पीएम** मोदी ने शिखर सम्मेलन से इतर साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इससे पहले मोदी ने बताया था कि कल जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।' मोदी ने एक्स पर बताया कि जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट,एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर।' इसके साथ ही मोदी ने जी20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी।

# विंग कमांडर की शहादत को सलाम सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

तेजस क्रैश में शहीद हुए पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट नमांश स्याल का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ पहुंचा, जहां क्षेत्रभर के लोग नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने पहुंचे। इस अवसर पर आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा, पर्यटन निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी, एसडीएम मनीष शर्मा, तथा भारतीय सेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद पायलट नमांश स्याल को उनके गांव पटियालकड़ में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, पायलट पत्नी अफशां का सैल्यूट देख पूरा गांव रो पड़ा।

शहीद के पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने पर संपूर्ण क्षेत्र शोक और गर्व की भावना से भर उठा। उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सैन्य अधिकारियों ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीद पायलट नमांश स्याल का बलिदान राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा। शहीद के पार्थिव शरीर का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ताया के पुत्र निशांत ने दी।

### पायलट पत्नी अफशां का सैल्यूट देख रो पड़ा पूरा गांव



शहीद नमांश स्याल की अंतिम विदाई में पहुंचे जनप्रतिनिधि, सेना, अधिकारी व गांववासी।

### सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र बोले–स्कूल से लेकर एनडीए और एयरफोर्स में बेस्ट परफार्मर रहे नमांश

**अनंत ज्ञान, गगल।** शहीद पायलट नमांश स्याल की पार्थिव देह के कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचने से पहले एयरफोर्स, आर्मी, जिला प्रशासन सहित सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के पूर्व छात्र एयरपोर्ट पहुंचे थे। शहीद नामांश स्याल सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के 21वें बैच के छात्र रहे थे, उसके बाद वह एनडीए में चले गए थे। सैनिक स्कूल के पूर्व छात्रों का कहना था कि नामांश बेस्ट प्रफोमर थे, स्कूल से लेकर एनडीए और एयरफोर्स में उन्होंने अपनी बेस्ट परफार्मेंस दी। रविवार दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर वायु सेना के विमान द्वारा नामांश स्याल का पार्थिक शरीर कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचा जहां सभी अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नामांश स्याल के पार्थिक शरीर के साथ पिता जगननाथ, माता बीना देवी और पत्नी ग्रुप कैप्टन अफसाना व बेटी भी साथ में थी। इसके बाद नगरोटा बगवां से आए युवाओं ने बाइकों पर भारत माता की जय के साथ पैतृक गांव को रवाना हो गए।

# हिमाचल कैबिनेट की अहम बैठक आज, 23 प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में राजधानी शिमला में सोमवार को बैठक करेगी। बैठक में 23 प्रस्तावों पर चर्चा होगी, जिनमें लंबे समय से लंबित मामलों, ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार सरकार राज्य सूचना आयोग को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का अंतिम निर्णय इस बैठक में ले सकती है। इसके अलावा शिमला शहर के रोपवे प्रोजेक्ट के टेंडर प्रक्रिया पर भी दोबारा विचार होने की संभावना है। ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़े राजस्व कर नीति, सौर ऊर्जा, ट्रांसमिशन ढांचा और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने वाले प्रस्ताव भी एजेंडे में हैं। मुख्यमंत्री हाल ही में हाइड्रो और जलविद्युत परियोजनाओं की समीक्षा कर चुके हैं और अब इन प्रोजेक्ट्स को गति देने के निर्देश जारी कर सकते हैं।

**डिप्टी सीएम और मंत्री हर्षवधर्न चौहान नहीं होंगे शामिल**

सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के निकट, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान पारिवारिक कारणों से उपस्थित नहीं रहेंगे, लेकिन उनके विभागीय मामलों पर निर्णय लिए जाएंगे।

### राजनाथ सिंह बोले–बॉर्डर कब बदल जाए कोई नहीं जानता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा और जहां तक जमीन की बात है। कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए। राजनाथ ने ये बातें रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करते हुए कहा कि आडवाणी ने अपनी एक किताब में लिखा था कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग अभी भी सिंध को भारत से अलग नहीं मानते हैं। दरअसल 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद सिंध प्रांत पाकिस्तान में चला गया। (अनंत ज्ञान)

# धर्म और मानवता की रक्षा के प्रतीक गुरु तेग बहादुर : सीएम सुक्खू

### शहीदी दिवस पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा साहिब में किया नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्री आनंदपुर साहिब में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित धार्मिक समारोह में शामिल होकर गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने आस्था, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए, जो पूरे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के खिलाफ जो अदम्य साहस दिखाया, वह मानवता के इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने न केवल सिख समुदाय बल्कि हर धर्म और हर पंथ के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके जीवन का संदेश हमें आपसी सद्भाव, सम्मान और विविधता में एकता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज के समय में जब समाज में शांति और सामाजिक न्याय की आवश्यकता सबसे अधिक है, गुरु जी की शिक्षाएं और विरासत और भी प्रासंगिक हो गई हैं।

इस अवसर पर विधायक हरदीप सिंह बावा, विवेक शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को नमन किया और समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।



मुख्यमंत्री सुक्खू गुरुद्वारा श्री आनंदपुर साहिब में शीश नवाते हुए।

# देश में एक दिसंबर से केस लिस्टिंग का नया सिस्टम : जस्टिस सूर्यकांत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के 53वें सीजेआई के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने संकेत दिए कि वह एक दिसंबर को देश को सरप्राइज देंगे। उन्होंने केवल इतना इशारा किया कि सरप्राइज केसों की लिस्टिंग को लेकर है। लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी कि सब इसका स्वागत करेंगे।

देश के सबसे बड़े ज्यूडिशियल ऑफिस का चार्ज संभालने से पहले, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डेजिग्नेटेड, जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनका मेन फोकस देश की अदालतों में पेंडिंग केसों की भारी संख्या को कम करना होगा।

**बोले- मेरा फोकस अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या कम करना, कल शपथ ग्रहण**

जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के उन मामलों का निपटारा करेंगे, जो हाईकोर्ट में लास्ट स्टेज में हैं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण लटके हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने मीडिएशन को भी एक गेम चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि यह लिटिगेंट्स को कोर्ट के बाहर तेजी से सेटलमेंट दिला सकता है। अगर पेंडिंग और प्री-लिटिगेशन केस मीडिएशन से सुलझाए जाते हैं, तो कोर्ट पर बोझ काफी कम हो जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर लीगल जर्नलिस्ट्स के एक ग्रुप को एड्रेस कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में अफगानी ड्रग तस्कर 215 .74 ग्राम चरस समेत दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लाजपत नगर में एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम ने 215.74 ग्राम चरस के साथ एक अफगानी ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 215.74 ग्राम चरस बरामद करते हुए परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की गई। आरोपित 2015 से भारत में बिना वैध वीजा के रह रहा था। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 21 नवंबर को एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड को सूचना मिली कि एक अफगान नागरिक लाजपत नगर-दो के आई-ब्लॉक, मुख्य बाजार रोड पर मजार रेस्टोरेंट के पास चरस बेचता है। टीम ने उक्त स्थान पर जाल बिछाया। संदिग्ध के मौके पर पहुंचते ही उसे पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान नजीब अहमद के रूप में हुई। (अनंत ज्ञान)



### उत्तराखंड का अग्निवीर जम्मू के पुंछ में शहीद

**एजेंसी, चम्पावत**

उत्तराखंड के अग्निवीर दीपक सिंह जम्मू-कश्मीर के पुंछ में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से शहीद हो गए। 23 साल के दीपक मूल रूप से चंपावत के खरही गांव के रहने वाले थे और 10 दिन पहले ही छुट्टियां खत्म कर ड्यूटी पर लौटे थे।

**एलओसी पर ड्यूटी के दौरान लगी गोली**

भारतीय सेना की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में बतौर अग्निवीर तैनात दीपक, बीते कल एलओसी पर ड्यूटी दे रहे थे, रेजिमेंट के अन्य जवानों के मुताबिक दोपहर के समय उन्हें गोली चलने की आवाज आई और जब उन्होंने दीपक को देखा तो वह खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े थे। बताया जा रहा था कि दीपक का परिवार उनकी शादी का तैयारी कर रहा था। इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है। (अनंत ज्ञान)

# आर्मी चीफ बोले–'ऑपरेशन सिंदूर' एक भरोसेमंद ऑर्केस्ट्रा जैसा था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' एक भरोसेमंद ऑर्केस्ट्रा की तरह था, जहां हर म्यूजिशियन ने एक साथ मिलकर काम करने वाली भूमिका निभाई, इसी तरह 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी जगहों को तबाह कर दिया।

उन्होंने कहा कि मिलिट्री ऑपरेशन में हालात के बदलने के साथ बदलाव का अंदाजा लगाने की दूर की सोच दिखाई देती है। यह एक ऐसा जवाब था जो उस पल में नहीं बल्कि सालों की सोच से बना था कि कैसे इंटेलिजेंस, सटीकता और टेक्नोलॉजी मिलकर एक्शन में बदल सकती हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले किए और उसके बाद भारत के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए। न्यूक्लियर हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच करीब 88 घंटे तक चली मिलिट्री लड़ाई 10 मई की शाम को एक समझौते पर पहुंचने के बाद रुक गई। आर्मी चीफ दिल्ली में न्यू दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के दीक्षांत समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और उसमें अवसर भी छिपे हैं। (अनंत ज्ञान)

**हर म्यूजिशियन ने भूमिका निभाई, 22 मिनट में सेना ने 9 आतंकी ठिकाने किए तबाह**



## सियासत

### विनय कुमार को हिमाचल कांग्रेस की कमान, संगठन को मिली नई सांस

# हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी ने बढ़ाया सियासी तापमान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की राजनीति में लंबे इंतजार और महीनों की खामोशी को तोड़ते हुए कांग्रेस हाईकमान ने आखिरकार विनय कुमार के सिर संगठन का ताज सजा दिया। यह ताजपोशी सिर्फ पद परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रदेश कांग्रेस की खोई ऊर्जा में नई ऊर्जा भरने जैसा कदम मानी जा रही है।



विनय की सहजता, संतुलन और सबको साथ लेकर चलने की क्षमता ने उन्हें उन नेताओं की कतार में खड़ा कर दिया है, जिन्हें प्रदेश नेतृत्व की बागडोर सौंपते हुए हाईकमान निश्चिंत दिख रहा है। इस नियुक्ति ने हिमाचल की राजनीतिक हवा को अचानक गर्म कर दिया है और संगठन में कई नई हलचलों की भूमिका तैयार कर दी है।

विनय पहले विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर थे, लेकिन अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलते ही उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया।

रेणुकाजी से लगातार तीन बार के विधायक और अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले विनय कुमार को कांग्रेस ने ऐसे समय में नेतृत्व दिया है, जब पार्टी लगातार संगठनात्मक सुस्ती से जूझ रही थी। हाईकमान के पर्यवेक्षक पहले ही समीक्षा पूरी कर चुके हैं और अब नई टीम गठन की तैयारियों में तेजी आ चुकी है। अगले सप्ताहभर में जिला, ब्लॉक और प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक ढांचे की तस्वीर काफी हद तक साफ होने की संभावना है। विनय कुमार के इस्तीफे से खाली हुए विधानसभा उपाध्यक्ष पद को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

रोहड़ू से कांग्रेस विधायक मोहनलाल बरागटा सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर का नाम भी दूर से ही सही, पर विमर्श के दायरे में है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल में खाली पड़े दो पदों को भरने और विभागीय फेरबदल की कवायद भी तेज होती दिख रही है। तपोवन, धर्मशाला में 26 नवंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से पहले पार्टी में लगातार बदलाव यह संकेत दे रहे हैं कि कांग्रेस आने वाले समय में किसी भी तरह की ढील नहीं छोड़ना चाहती। अगले सात दिन कांग्रेस के लिए निर्णायक रहेंगे।

### पंचायत चुनाव से पहले संगठन को बड़ा बूस्टर

**राज्य** में होने वाले पंचायत चुनाव कांग्रेस के लिए पहली बड़ी परीक्षा होंगे। अब तक कमजोर और फीके चल रहे संगठन के कारण पार्टी कई चुनौतियों का सामना कर रही थी, लेकिन विनय कुमार की ताजपोशी पार्टी के लिए एक बड़े बूस्टर की तरह देखी जा रही है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा के साथ सक्रिय होगा और कांग्रेस को इन चुनावों में स्पष्ट लाभ मिल सकता है।

### कांग्रेस नेता एक स्वर में विनय कुमार के समर्थन में हुए खड़े

**वहीं,** काफी समय से चली आ रही गुटबाज़ी भी फिलहाल शांत पड़ती दिख रही है और अधिकांश नेता एक स्वर में विनय कुमार के समर्थन में खड़े हैं। अब सबकी निगाहें इस बात पर होंगी कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस नए संगठनात्मक संतुलन को किस रूप में और कितनी मजबूती देते हैं। हालांकि, आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी एक अधिक संगठित, संतुलित और जमीन से जुड़ी हुई रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतरती दिख सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटी के विवाह के लिए दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत गरीब दास फाउंडेशन निरंतर ज़रूरतमंद परिवारों की मदद में जुटा है। इसी कड़ी में फाउंडेशन के अध्यक्ष देव राज ने भोरंज गांव स्थित स्वर्गीय रणजीत सिंह के घर जाकर उनकी पत्नी सुमन कुमारी को बेटी के विवाह के लिए 10,000 का चेक प्रदान किया। इस सहयोग से परिवार को विवाह संबंधी खर्चों में महत्वपूर्ण राहत मिली है। राशि प्रदान करते समय फाउंडेशन के सदस्य रवि कांत और सुमेश कौशल भी मौजूद रहे। उन्होंने परिवार को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। अध्यक्ष देव राज ने कहा कि संस्था का उद्देश्य आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे परिवारों तक समय पर मदद पहुंचाना है और आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। परिवार ने इस मानवीय सहयोग के लिए फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

### सन्नी शर्मा बने भोटा व्यापार मंडल के प्रधान

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** व्यापार मंडल भोटा का चुनाव हमीरपुर व्यापार मंडल के प्रधान सुमित ठाकुर और हिमाचल प्रदेश डिस्ट्रीब्यूटर आलाइंस व हमीरपुर व्यापार मंडल के जनरल सैक्रेटरी राजेंद्र सोनी पर्यवक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें सन्न शर्मा को व्यापार मंडल भोटा के सभी व्यापियों ने सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। सन्नी शर्मा ने कहा कि जल्द ही भोटा व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और व्यापारियों के हितों के लिए जो संभव होगा वह कार्य किए जाएंगे। इसमें विशेष तौर पर सुशील शर्मा हिमाचल व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शरण प्रसाद, पूर्व उप अध्यक्ष अनिल धीमान, तेज पठानिया, रिप्पू गुप्ता, उप अध्यक्ष संजय धीमान, अनिल कुमार व संजीव भटिया उपस्थित रहे।

### डॉक्टरों की तैनाती पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सर्वमंगल सभा धनेटा की मासिक बैठक अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का धनेटा अस्पताल में 4 डॉक्टरों की तैनाती के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति, भवन की मरम्मत, मरीजों के वार्डों का रखरखाव तथा डॉक्टरों के लिए उपयुक्त कक्ष उपलब्ध करवाने की मांग रखी गई, ताकि 24 घंटे बेहतर उपचार सुविधा सुनिश्चित हो सके। सभा के संस्थापक पीडी शर्मा ने लोगों से समाज सेवा के कार्यों में जुड़ने की अपील की। बैठक के दौरान दिल्ली के लाल किले के पास आतंकी हमले में मारे गए 15 निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

### 300 लोगों का स्वास्थ्य जांचा, फ्री दवाइयां बांटीं

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवएम साईं कॉलेज कल्लर जलाड़ी में सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कल्लर व जलाड़ी साईं समिति द्वारा साईं भजनों से हुई, जिसके बाद कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। साईं समिति के जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने साईं बाबा के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला, जबकि एडवोकेट भुवनेश शर्मा ने उपस्थित भक्तों का धन्यवाद किया। कॉलेज प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान फ्री मेडिकल चेकअप कैंप भी लगाया गया, जिसमें डॉ. रवि कुमार भोगल सहित कई चिकित्सकों की टीम ने लगभग 300 लोगों की स्वास्थ्य जांच की और मुफ्त दवाइयां वितरित कीं।

### नवीन व अमृता को चुना सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दांदड़ू में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को विधिवत समापन हुआ। समापन समारोह में रिटायर्ड कैप्टन अशोक कुमार शर्मा और पंचायत सदस्य विधि चंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने की। स्वयंसेवियों ने शिविर के दौरान किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत कर अपने अनुभव साझा किए तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को अनुशासन, एकता, नेतृत्व और सहभागिता जैसे गुणों के महत्व से अवगत कराते हुए एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस शिविर में नवीन कुमार और अमृता को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। कार्यक्रम प्रभारी सुरेश कुमार ने सभी शिक्षक साथियों और बच्चों को सफल आयोजन पर बधाई दी। इस अवसर पर नीलम शर्मा, पवन कुमार और राकेश सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### बड़सर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने अस्पताल में सभी रिक्त विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद भर दिए हैं। निवर्तमान जिला महासचिव पवन कालिया ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया के आग्रह पर नियुक्त विशेषज्ञ अब अपने पदों पर कार्यभार संभाल चुके हैं। इससे क्षेत्र के लोगों को उपचार हेतु दूर-दराज अस्पतालों में जाने की आवश्यकता कम होगी और अधिकांश बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। सरकार द्वारा हार्ट अटैक के मरीजों के लिए 50 हजार रुपये मूल्य का टीका भी निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं सहित क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

### नादौन में 9 अग्निवीर कैडेट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** गवर्नमेंट कॉलेज नादौन में एनसीसी दिवस बड़ी धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने की। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, वंदे मातरम, एनसीसी गीत और देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया, जिनमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'कॉफी विद कैडेट्स' रहा, जहां प्राचार्य एवं प्रोफेसरों ने कैडेट्स के अनुभव और उनके भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा की। इस संवाद ने छात्रों में नई प्रेरणा भर दी। कॉलेज में हाल ही में भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित 9 एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उप-प्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा, प्रो. नरेश कुमार, कैप्टन यश पाल चोपड़ा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### निकाय चुनावों में मांगा 18 प्रतिशत आरक्षण



**शाशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** घिरथ बाहती-चाहंग महासभा नादौन की बैठक में ओबीसी वर्ग की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया गया तथा एक कमेटी का गठन किया गया जो महासभा की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगी। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ ओबीसी नेता विजय चौधरी ने की। जिसमें सभा के प्रधान बलवीर चौधरी, सचिव कुलदीप कुमार चौधरी, चौधरी चंद्र लाल, वीरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, घनश्याम चौधरी, प्रकाश चंद, जोगिंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, गुरबचन सिंह, अजय कुमार, संदीप कुमार, तिलक राज, रामस्वरूप, सुरेश कुमार आदि ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे विश्वविद्यालय शिमला, मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय व बागवानी महाविद्यालय आदि में 18 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। नगर पंचायत, नगर परिषद, नगर पालिका आदि के चुनाव में ओबीसी को 18 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। साक्षात्कार कमेटियों में ओबीसी से संबंधित विशेष मेंबर भी बैठाए जाएं तथा पूर्व शिक्षा मंत्री नारायण चंद पाराशर की प्रतिमा मिन्नी सचिवालय नादौन में लगाई जाए।

### शक्ति सिंह 24 से 27 तक करेंगे बैठकें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय हाईकमान ने हमीरपुर जिला कांग्रेस की गतिविधियों की समीक्षा के लिए राज्यसभा सांसद एवं गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल को जिला पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वे 24 नवंबर को शाम लगभग 6 बजे हमीरपुर पहुंचकर सर्किट हाउस में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने बताया कि शक्ति सिंह गोहिल 25 नवंबर को दोपहर 2 बजे टाउन हॉल में जिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करेंगे तथा कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात करेंगे। 26 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक वे जिला के विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों तथा पदाधिकारियों से बैठक करेंगे। 27 नवंबर को सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक वे विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे। सुमन भारती ने कानून व्यवस्था पर राजेंद्र राणा के बयान का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूरी तरह तत्पर है और मुख्यमंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# आम आदमी को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार कर रहे हैं मुख्यमंत्री सुक्खू : बिट्टू

## बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा, उनका सम्मानजनक जीवन किया सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ब्लू स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर का वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इस संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय योगदान दिया है और यह अपनी स्थापना के पचासवें वर्ष की ओर अग्रसर हो रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण सहित सभी क्षेत्रों में कई ऐसी योजनाएं आरंभ की हैं जो कि आज तक किसी भी राज्य की सरकारों ने नहीं बनाई थीं। मुख्यमंत्री ने बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन आफ स्टेट का दर्जा देकर इनके लिए



ब्लू स्टार स्कूल हमीरपुर के वार्षिक उत्सव के दौरान होनहारों को सम्मानित किया गया।

सम्मानजनक एवं खुशियों भरे जीवन की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज को एक बड़े चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित कर रहे हैं। इसमें कैंसर केयर संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज और मातृ एवं शिशुओं के लिए एक अलग अस्पताल भी बनाया जाएगा। यहां पेट स्कैन, रोबोटिक सर्जरी और अत्याधुनिक सुविधाओं का प्रावधान भी किया जाएगा। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की, गेहूं और हल्दी के लिए अलग से उच्च खरीद मूल्य निर्धारित किए हैं। किसानों को इसका सीधा लाभ होगा। नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसके खिलाफ एक बड़ी जंग का ऐलान किया है। इसमें सफलता हासिल करने के लिए आम लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को इसके प्रति सावधान की अपील की। बिट्टू ने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विकास कुमार ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरीं। समारोह में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, एचपीएमसी के बीओडी मैंबर राजेश ठाकुर, पूर्व पार्षद राकेश शर्मा, स्कूल के एमडी तारा चंद, प्रधानाचार्य डॉ सुमन लता, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# सियोह-चंडीगढ़ एचआरटीसी बस सेवा हफ्ते से ठप, क्षेत्रवासियों में बढ़ा आक्रोश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- भरेड़ी होकर चलने वाली बस सेवा बंद होने से हो रही भारी परेशानी
- विभाग ने जल्द बहाली का दिया आश्वासन

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत संचालित सरकाघाट डिपो की सियोह से चंडीगढ़ जाने वाली एचआरटीसी बस सेवा पिछले एक सप्ताह से बंद चल रही है। अचानक बंद हुई इस रूट की बस के कारण चन्द्रही, भरेड़ी, धमरोल, जाहू इत्यादि क्षेत्र के स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों, रोज़ाना चंडीगढ़ आने-जाने वाले नौकरीपेशा कर्मचारियों एवं मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरी में निजी वाहनों या महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह रूट पहले से ही सीमित बस सेवाओं पर निर्भर है और ऐसे में मुख्य रूट की बस का बंद होना बड़ी परेशानी पैदा कर रहा है। कई यात्री सुबह-सवेरे चंडीगढ़ पहुंचने के लिए इसी बस पर निर्भर रहते थे। उधर, इस मामले में सरकाघाट डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में शादी-समारोहों के चलते कई चालक छुट्टी पर चले गए थे, जिसके कारण कुछ रूटों पर बस संचालन प्रभावित हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ड्राइवरों की उपलब्धता होते ही सियोह-चंडीगढ़ बस सेवा शीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

आरएम ने यह भी कहा कि विभाग यात्रियों की असुविधा को समझता है और प्रयास किया जा रहा है कि आगामी कुछ दिनों के भीतर यह सेवा सामान्य रूप से चालू कर दी जाए। वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी मांग की है कि बस सेवा को बिना बाधा निरंतर रूप से जारी रखने के लिए विभाग ठोस कदम उठाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# शीघ्र जारी हो एसएसए अनुदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- एसएसए अनुदान बिना स्कूलों में फंड की किल्लत

हिमाचल में वित्त वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान का विस्तृत बजट बीती 2 मई को अनुमोदित हो चुका है, लेकिन समग्र अब तक स्कूलों को एसएसए ग्रांट्स नहीं मिली है। सत्र 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने कुल 853.51 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग ने इस पर 780.25 करोड़ की राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा दी है।

यह बजट 12 प्रमुख घटकों में बांटा गया है, जिनमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए, लगभग 388.93 करोड़ बजट तय किया गया है। कौशल शिक्षा के लिए 150.38 करोड़, शिक्षक प्रशिक्षण के लिए 38.93 करोड़, आरटीई एंटाइटलमेंट्स के लिए 38.51 करोड़, कार्यक्रम प्रबंधन हेतु के लिए 37.15 करोड़, तथा शिक्षकों की आर्थिक सहायता देने के लिए 75.70 करोड़, एक्सेस एंड रिटेंशन मद के अंतर्गत 12.88 करोड़, लिंग समता के लिए 16.78 करोड़, योजना की मॉनिटरिंग के लिए 6.23 करोड़, तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा के लिए 13.79 करोड़, समावेशी शिक्षा के लिए 4.95 करोड़ स्वीकृत हुए हैं।

बजट का लगभग पचास प्रतिशत हिस्सा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उपयोग होगा मगर स्कूलों को देय अनुदान अब तक नहीं मिले हैं। राज्य के स्कूलों को इस वर्ष समग्र शिक्षा अभियान की ग्रांट्स आज तक प्राप्त नहीं हुई हैं जिससे फंड्स की किल्लत आ रही है। राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल और प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि यदि यह राशि समयबद्ध तरीके से रिलीज नहीं हुई, तो बिजली और इंटरनेट बिल देना भी मुश्किल हो जाएगा व वार्षिक समारोह के आयोजन में भी फंड्स की कमी पेश आएगी।

अधिकतम विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट, मुरम्मत ग्रांट, एसएमसी ट्रेनिंग और समुदाय जागरूकता ग्रांट, खेल अनुदान तथा इको क्लब, के लिए धनराशि की तत्काल आवश्यकता है। कई विद्यालयों ने अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उधारी पर खर्च भी किया है, जिसे तुरंत चुकाना जरूरी है। उन्होंने केंद्र से स्वीकृत राशि को शीघ्र जारी करने के लिए कार्रवाई की जाए। इसी संदर्भ में संघ ने राज्य परियोजना निदेशक को औपचारिक मांग पत्र भेजकर सभी स्कूलों को लंबित अनुदान राशि तुरंत जारी करने की मांग उठाई है।

# बच्चों के आत्मविश्वास व प्रतिभा की सराहना की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर हमीरपुर में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलडुक के सेवानिवृत प्रधानाचार्य नीना शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों, निहारिका, प्रियांशी, जानवी, विनायक, अन्वी, कृतिका, आयुष, प्रिंस, मिस्टी, परिधि, दिव्यांश, मेवलीन, मयंक, शिवन्या, शंभवी, शौर्य वैध, आराध्या, आकृति आदि बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की, जिनमें से डांडिया, हरयाणवी, भरतनाट्यम, पंजाबी, पाश्चात्य, एकलव्य, आर्मी, फनी डांस, योग, स्किट आदि विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों द्वारा दी गई इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध किया कि प्राथमिक स्तर पर भी शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास पर विद्यालय का विशेष ध्यान रहता है। इस अवसर पर मुख्यातिथि नीना ठाकुर ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना की। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रवींद्र पुरी जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि तथा अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रंजना देवी को न्याय दिलाने में नहीं छोड़ी जाएगी कमी: अनुराग ठाकुर



सांसद अनुराग ठाकुर गोलू व उसके परिवार के साथ मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को गोलू ऊर्फ वीरेंद्र और उसके परिवार से भेंट की तथा रंजना देवी के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। रंजना देवी पर सासन पंचायत में हुए क्रूरतापूर्ण हमले के बाद वह पांच दिनों तक जीवन-मृत्यु से जूझती रहीं और अंततः पीजीआई चंडीगढ़ में उन्होंने दम तोड़ दिया।

अनुराग ठाकुर ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह हृदय विदारक घटना पूरे क्षेत्र को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा कि रंजनादेवी की मृत्यु ने उनके 17 वर्षीय विशेष रूप से सक्षम पुत्र गोलू (वीरेंद्र) की आशाओं को चकनाचूर कर दिया है, जो अपनी मां पर पूरी तरह निर्भर था। इस दर्दनाक घटना ने समाज में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं और प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार की सुस्त प्रशासनिक व्यवस्था तथा बिगड़ती कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है।

उन्होंने गोलू के परिवार को हर संभव कानूनी एवं वाद-सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और कहा कि रंजना देवी को न्याय दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

### भाजपा नेताओं का सुजानपुर विधायक पर तीखा हमला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह पर भाजपा नेताओं ने सवालों की झड़ी लगा कर तीखा हमला बोला। बमसन मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा, महामंत्री सुरेश ठाकुर, सुरेश चौहान सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक कई मामलों में स्पष्ट जवाब देने से बच रहे हैं। भाजपा नेताओं ने पूछा कि नीति के पैसे पंचायतों के माध्यम से बांटे जाने चाहिए थे, लेकिन भू संरक्षण विभाग के जरिए किस दबाव या लाभ के तहत वितरण किया गया और ठेके क्यों विधायक के करीबी लोगों को मिल रहे हैं।

नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र विकास पिछड़ रहा है, प्रमोशन चैनल रोके गए हैं और रिटायर्ड कर्मचारियों को एक्सटेंशन देकर पदों पर बैठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक जनता के कामों को बजाय अपने चहेतों के करियर विकास में व्यस्त हैं। भाजपा नेताओं ने विधायक से जनता के सामने सभी सवालों का जवाब देने की मांग की।

# सबलेटिंग पर एसडीएम सख्त, नप को 3 दिन में कमेटी गठन के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

- सुजानपुर में किराए की दुकानों की जांच तेज
- नगर परिषद को 45 दिन में रिपोर्ट के निर्देश
- बाजार व बस स्टैंड क्षेत्र की दुकानों की जांच शुरू

सुजानपुर में नगर परिषद द्वारा निर्माणित बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र की दुकानों में लंबे समय से चल रही सबलेटिंग की समस्या पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने नगर परिषद ईओ को निर्देश जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर कमेटी गठित करने और सबलेटिंग मामलों पर तुरंत कार्रवाई शुरू करने को कहा है।

नगर परिषद की कई दुकानें को किरायेदारों द्वारा कम किराये पर लेकर आगे ज्यादा किराये पर देने की शिकायतें लंबे समय से उठती रही हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि ईओ की अध्यक्षता में तहसील, पुलिस विभाग, नगर परिषद के जेई सहित संबंधित अधिकारियों को मिलाकर कमेटी बनाई जाए।

उन्होंने आदेश दिया कि 45 दिनों के भीतर सभी दुकानों की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, जिसमें दुकानों की कुल संख्या, वास्तविक किरायेदार, बंद दुकानें, सबलेट की गई दुकानें, बिजली-पानी मीटर किसके नाम पर हैं, दुकानों के अंदर काम करने वाले व्यक्ति और दुकान के बाहर लगे बोर्डों के फोटो शामिल हों।

साथ ही दुकानदारों के आधार कार्ड, जीएसटी पंजीकरण, तथा वास्तविक उपयोगकर्ताओं की जानकारी भी अनिवार्य रूप से जुटाने को कहा गया है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सबलेटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम बड़सर के तबादले पर पुनर्विचार करे प्रदेश सरकार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** एसडीएम बड़सर के तबादले को लेकर ब्लॉक प्रधान संगठन तलख हो गया है, प्रदेश सरकार से तबादले को लेकर पुनर्विचार करने की पुरजोर मांग की है। बणी पंचायत प्रधान शैलजा, भकरेडी पंचायत प्रधान सुलोचना कुमारी, बलयाह पंचायत प्रधान बालवीर जसवाल, बड़सर पंचायत प्रधान राजेश कुमारी, गारली पंचायत प्रधान राजेश ठाकुर, उपप्रधान राजेश धीमान, बिझड़ी पंचायत प्रधान संजय शर्मा, घंगोट पंचायत प्रधान यशपाल ठाकुर, जिप सदस्य संजीव कुमार, उसनाड कलां पंचायत प्रधान संजीव शर्मा, चकमोह पंचायत प्रधान किरण कुमारी, बड़सर पंचायत उपप्रधान पंडित राकेश, बिझड़ी ब्लॉक पंचायत प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम जिनका तबादला सरकाघाट के लिए हुआ है पर प्रदेश सरकार पुनर्विचार करे। गौतम को यहां पर आए मात्र 15 महीने हुए हैं, लेकिन वह बड़ी ही कुशलता के साथ कार्य कर रहे हैं।

### पप्पू ने अपने खेत में उगाई 4 फुट लंबी तरडी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के पप्पू ने अपनी जमीन पर 3 से 4 फुट लंबी तरडी उगाकर इलाके में चर्चा बटोर ली है। पप्पू के अनुसार, यह सब्जी जमीन के नीचे 5 से 6 फुट गहराई में पैदा होती है और इसका वजन 4 से 5 किलो तक होता है। उत्तर प्रदेश से आए पप्पू लंबे समय से भलेठ में सब्जी उगाने का काम कर रहे हैं और खेतों में भिंडी, गोभी, शलगम, मूली, करेला, प्याज, आलू, हरी मिर्च जैसी सब्जियां उगाते हैं। तरडी क्षेत्र में सामान्यतः नहीं पाई जाती, लेकिन पप्पू ने मेहनत और गहरे गड्ढे में बीज बोकर इसे उगाया। यह सब्जी खाने में स्वादिष्ट है और इसका अचार भी बहुत टेस्टी माना जाता है।

### खिलाड़ियों ने लिया नशा विरोधी संकल्प



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के धमरोल में युवा क्लब द्वारा आयोजित लाइट बैडमिंटन टूर्नामेंट में युवाओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश चेयरमैन, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) राजीव राणा उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भोरंज की राह खेल से ही संभव है। जब युवा खेल अपनाते हैं, तो नशा अपने आप मिट जाता है। खेल अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक सोच सिखाता है। राणा ने समाज से अपील की कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना दिखाई और नशा विरोधी संकल्प लिया युवा क्लब धमरोल के प्रयासों को सराहा गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण, खेल प्रेमी और युवाओं की भारी उपस्थिति रही।

### विनय कुमार को अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने मीडिया को जारी एक बयान में कांग्रेस पार्टी आलाकमान द्वारा वरिष्ठ नेता विनय कुमार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि आलाकमान ने उन्हें अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर जहां दलित समाज को सम्मान देने का कार्य किया वहीं विनय कुमार की पार्टी एवं नेतृत्व के प्रति वफादारी के साथ साथ उनके शालीन स्वभाव और संतुलित राजनीतिक कार्यशैली के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया है। कौशल ने कहा कि विनय कुमार के संतुलित और प्रगतिशील नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी।

### छात्रों ने हासिल किया ज्ञानवर्धक अनुभव

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ के छात्रों व अध्यापकों ने कांगड़ा जिले में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य देशराज कमल ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को स्कूल से रवाना किया। इस भ्रमण में नौवीं से जमा दो कक्षा तक के 40 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने सबसे पहले पालमपुर साइंस सेंटर जाकर वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लिया और वैज्ञानिक सोच विकसित की। इसके बाद शक्तिपीठ माता चामुंडा मंदिर, शोभा सिंह आर्ट गैलरी, धर्मशाला क्रिकेट खेल मैदान और कांगड़ा किले का भ्रमण कर वहां की कला, संस्कृति और इतिहास की जानकारी प्राप्त की। अर्थशास्त्र प्रवक्ता पवन रांगड़ा और अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक रहा। स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### संस्कृत प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश भाषा संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं टिक्कर में 21 नवंबर को जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर के 75 विद्यालयों ने भाग लिया। संस्कृत भाषण, श्लोकोच्चारण सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भलेठ विद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सम्मानजनक स्थान प्राप्त किए। खुशबू ने संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में तीसरा स्थान और कनिका ने श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रधानाचार्य मंजरी वी. महाजन ने छात्राओं, संस्कृत अध्यापिका सुषमा ठाकुर और मार्गदर्शक अध्यापकों को बधाई देते हुए भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा किसान मोर्चा हर बूथ पर बनाएगा 10-10 प्रहरी

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बमसन मंडल भाजपा किसान मोर्चा की बैठक रणजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें नए पदाधिकारियों का आपस में परिचय करवाया गया और निर्णय लिया गया कि हर पोलिंग बूथ पर 10-10 प्रहरी बनाए जाएंगे। बैठक में अनिल काकू, कुलदीप सिंह, देश राज डोगरा, सुरेंदर राठौर, सुरेंद्र, जगदीश चौहान, अनीता कुमारी, मस्त राम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीटू ने नई श्रम संहिताओं को लागू करने पर किया विरोध

# श्रम संहिताओं की जलाई प्रतियां



सीटू कार्यकर्ता धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में नई श्रम संहिताओं को लागू करने का विरोध करते हुए।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** सीटू ने धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में मोदी सरकार द्वारा 21 नवंबर को नई श्रम संहिताओं को लागू करने का कड़ा विरोध किया और इन श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाने के साथ जोरदार नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन को सीटू के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रोजेक्ट इकाई के सचिव नवीन कुमार ने कहा कि मोदी सरकार पिछले पांच छह सालों से इन मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को लागू करने का प्रयास कर रही थी जिसका देश की सारी ट्रेड यूनियन्स विरोध कर रही थीं। इन श्रम संहिताओं को कॉर्पोरेट के लिए बनाया गया है और ये देश के मजदूरों को गुलामी में धकेलने के मकसद से ही बनाई गई है। इन संहिताओं के लागू होने से मालिकों द्वारा मजदूरों को समय पर वेतन ना देने के दंडात्मक प्रावधानों को ही समाप्त कर दिया गया है और अगर मजदूर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते हैं तो उसके लिए जुर्माने और सजाओं के प्रावधान इन संहिताओं में किए गए हैं। मजदूरों के यूनियन बनाने के अधिकार को बेहद ही कमजोर कर दिया गया है, अगर मजदूर संगठित ही ना हो सके इससे मजदूरों की सौदेबाजी की क्षमता भी कमजोर होगी जिसका मजदूर संगठन कड़ा विरोध करते हैं और इसके विरोध में 26 नवंबर को हमीरपुर में भी विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# शिमला में लेबर कोड की प्रतियां जलाईं

## सीटू के बैनर तले आईजीएमसी व सुन्नी डैम मजदूरों का सरकार की नीतियों पर हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में सीटू के बैनर तले चार लेबर कोड की प्रतियां जलाकर विरोध करते मजदूर संगठन।

शिमला में सीटू के बैनर तले आईजीएमसी कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन और सुन्नी डैम हाइड्रो प्रोजेक्ट वर्कर्स ने भारत सरकार द्वारा अधिसूचित चार लेबर कोड की प्रतियां जलाकर कड़ा विरोध जताया। यूनियन ने आरोप लगाया कि ये लेबर कोड मजदूरों के लोकतांत्रिक अधिकारों, सुरक्षा, वेतन और सामाजिक सुरक्षा को कमजोर करते हैं तथा पूंजीपतियों के पक्ष में बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन कोडों से संगठित व असंगठित दोनों क्षेत्रों में ठेका और अस्थायी रोजगार बढ़ेगा, जिससे स्थायी रोजगार की सुरक्षा खत्म हो जाएगी।

यूनियनों ने कहा कि औद्योगिक संबंध कोड 2020 में हड़ताल को लगभग असंभव बना दिया गया है, क्योंकि 14 दिन की पूर्व सूचना और सुलह प्रक्रिया के दौरान रोक जैसे प्रावधान संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करते हैं। साथ ही सामाजिक सुरक्षा कोड 2020 में असंगठित, प्रवासी, गिग और प्लेटफॉर्म मजदूरों के लिए वास्तविक कवरेज और गारंटी अस्पष्ट है, जिससे उन्हें लाभ मिलना मुश्किल हो जाएगा। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति कोड 2020 में निरीक्षण व्यवस्था ढीली कर दिए जाने से दुर्घटनाओं और असुरक्षित कार्य स्थितियों का खतरा बढ़ने की आशंका जताई गई। उन्होंने कहा कि चारों लेबर कोड मजदूर संगठनों की आपत्तियों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अनदेखी कर एकतरफा तरीके से लागू किए गए हैं।

ट्रेड यूनियनों ने इन्हें मजदूर विरोधी बताते हुए कई बार विरोध, देशव्यापी हड़तालें और संयुक्त किसान आंदोलन के साथ साझा कार्रवाइयां कीं, जिन्हें

**▶ मजदूर संगठनों का आरोप– लेबर कोड से अधिकार, सुरक्षा और स्थायी रोजगार पर खतरा**

नजरअंदाज किया गया। उन्होंने मांग की कि इन कोडों को तत्काल वापस लिया जाए और पुराने श्रम कानूनों को बहाल कर वैज्ञानिक संशोधनों के साथ पुनः लागू किया जाए।

## राज्यपाल निवास पर कांग्रेस का प्रदर्शन गैरकानूनी: राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा महामहिम राज्यपाल के निवास पर किया गया प्रदर्शन पूरी तरह गैरकानूनी और अभद्र राजनीतिक आचरण है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति राजभवन जैसे उच्च सुरक्षा क्षेत्र में पहुंचकर प्रदर्शन करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकना यह दिखाता है कि कांग्रेस किसी भी हद तक जाकर संवैधानिक मर्यादाओं को चुनौती देना चाहती है। उन्होंने इसे राज्यपाल पर दबाव बनाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को चोट पहुंचाने की गंभीर कोशिश बताया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि पंचायती राज चुनावों को लेकर सरकार और चुनाव आयोग के बीच बढ़ता विवाद हिमाचल को संवैधानिक संकट की ओर धकेल रहा है। चुनाव आयोग द्वारा राज्यपाल को पत्र सौंपकर मौजूदा स्थिति पर चिंता जताना यह साबित करता है कि सरकार संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों में हस्तक्षेप कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रशासन पर दबाव बनाकर पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों में दखल दे रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। डॉ. बिंदल ने कहा कि महामहिम राज्यपाल के प्रति अभद्र टिप्पणियां और प्रधानमंत्री का पुतला फूंकना अत्यंत निंदनीय, अमर्यादित और असंवैधानिक कृत्य है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे गैरकानूनी प्रदर्शनों पर तुरंत रोक लगाई जाए और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# प्रदेश सरकार की राजस्व लोक अदालत से लोगों को बड़ी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**▶ 4.62 लाख से अधिक लंबित मामलों का निपटारा**

**▶ हर माह दो दिन राजस्व लोक अदालत का आयोजन**

प्रदेश सरकार की प्रमुख पहल राजस्व लोक अदालत ने जमीन से जुड़े मामलों में लोगों को बड़ी राहत दी है। अक्तूबर 2023 से अक्तूबर 2025 के बीच कुल 4,62,590 लंबित राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है। इनमें 3,85,634 इंतकाल, 24,044 तकसीम, 42,123 निशानदेही और 11,789 राजस्व अभिलेखों की दुरुस्ती शामिल हैं। राजस्व विभाग के अनुसार वर्षों से लंबित मामलों का समय पर समाधान होने से भूमि मालिकों को बड़ा लाभ मिला है।

जानकारी के अनुसार 'राजस्व लोक अदालत' अब राज्यभर में हर माह के अंतिम दो दिनों में उप-तहसील और तहसील स्तर पर आयोजित की जा रही है। इससे जमीन से जुड़े मामलों के निपटारे में आसानी हुई है और बड़ी संख्या में लोग इस मंच का लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राजस्व विभाग में कई सुधार लागू किए गए हैं ताकि त्वरित और पारदर्शी सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

### लोगों को समय पैसा और परेशानियों से मिली राहत

30 अक्तूबर 2023 से शुरू की गई 'राजस्व लोक अदालत' भूमि मालिकों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुई है। मिशन मोड में चलाए जा रहे इस अभियान से उन लोगों को विशेष राहत मिली है जो वर्षों से अपने भूमि विवादों के समाधान का इंतजार कर रहे थे। सरकार की प्रतिबद्धता है कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध सेवाएं उनके घर-द्वार के निकट उपलब्ध हों। इस पहल से लोगों का समय और पैसा दोनों की बचत हुई है तथा उन्हें राजस्व कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से छुटकारा मिला है।

## विवेक ठाकुर को जिला अध्यक्ष की मिली कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई का शिमला जिला का दो दिवसीय सम्मेलन कालीवाड़ी हॉल शिमला में संपन्न हुआ, जिसका उद्घाटन एसएफआई हिमाचल प्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड सनी सेकटा ने किया। सम्मेलन में 35 सदस्यीय नई जिला कमेटी का चुनाव हुआ, जिसमें कॉमरेड विवेक ठाकुर को जिला अध्यक्ष और कॉमरेड पवन कुमार को जिला सचिव चुना गया। इसके अलावा पाँच उपाध्यक्ष और पाँच सह सचिवों का चयन किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्थाओं, स्कूलों के मर्जर और बंद होने, पीटीए फंड के नाम पर हो रही लूट, बस सुविधा की कमी और विश्वविद्यालय में री-एपियर तथा री-इवैल्युएशन के नाम पर छात्रों से वसूले जा रहे भारी शुल्क पर गंभीर चर्चा की। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सार्वजनिक शिक्षा पर बढ़ते दबाव, अकादमिक भ्रष्टाचार, ईआरपी सिस्टम की खामियों और परीक्षा परिणामों में गड़बड़ियों पर भी गहन चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 818 स्कूलों को बंद और 535 स्कूलों को मर्ज करना शिक्षण अधिकारों पर सीधा आघात है। साथ ही प्रदेश में लगातार 12 वर्षों से छात्र संघ चुनावों पर प्रतिबंध को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया गया। सम्मेलन में सार्वजनिक शिक्षा की रक्षा, अकादमिक भ्रष्टाचार पर रोक और प्रदेश में बढ़ती सांप्रदायिकता के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए तथा निर्णय लिया गया कि एसएफआई आने वाले समय में बड़े आंदोलन को मजबूत रूप से आगे बढ़ाएगी।

## कांग्रेस राज में कानून-व्यवस्था चरमराई हिमाचल में बढ़ता गन कल्चर: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**▶ ऊना में कांग्रेस गुटों के बीच खूनी गैंगवार, युवा नेता की गोली मारकर हत्या**

भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश की कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और गन कल्चर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऊना में कांग्रेस के दो गुटों के बीच हुआ ताज़ा हत्याकांड इसकी सबसे बड़ी मिसाल है, जहां युवाकांग्रेस नेता आशु पुरी की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। कपूर ने कहा कि यह वारदात किसी आकस्मिक झगड़े का नतीजा नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी, जो प्रदेश में राजनीतिक गुटबाजी और गिरती सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर तस्वीर पेश करती है।



उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब कांग्रेस नेताओं के होटल में ही गोलियां चल रही हैं, तो आम जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है।

कपूर ने कहा कि ऊना में इससे पहले भी गैंगस्टर कल्चर और राजनीतिक रंजिशों से जुड़ी घटनाएँ सामने आ चुकी हैं, जो प्रदेश की शांत पहचान के लिए खतरा बनती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सिर्फ मामले दर्ज कराने तक सीमित है, जबकि समय पर न्याय और प्रभावी रोकथाम कहीं नजर नहीं आती। भाजपा नेता त्रिलोक कपूर ने कहा कि युवाकांग्रेस नेता की हत्या केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि हिमाचल की शांति, सद्भाव और देवभूमि की छवि पर गहरा चोट है, जिसे कांग्रेस शासन में गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

## राज्यपाल चला रहे बीजेपी का एजेंडा: छत्तर सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्यपाल अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करने के बजाय खुले तौर पर बीजेपी का राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं, छात्रों, किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए युवा कांग्रेस ने कई बार समय मांगा, लेकिन राजभवन से आज तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। उनका कहना है कि ज्ञापन सौंपने के लिए हर बार राज्यपाल की अनुपस्थिति में सचिव के माध्यम से ही कार्रवाई करनी पड़ी, जो जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन का अपमान है। छत्तर ठाकुर ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे युवा कांग्रेस के प्रदर्शन को अचानक पुलिस ने बलपूर्वक हटाया, जिसमें धक्का-मुक्की और झड़प की घटनाएं हुईं। मीडिया रिपोर्टों ने भी इन झड़पों की पुष्टि की है। छत्तर ठाकुर ने आरोप लगाया कि पुलिस पर सख्त कार्रवाई का दबाव बनाने के लिए राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने तुरंत फोन किए, लेकिन बीजेपी के दागी और गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं पर कभी कोई तत्परता नहीं दिखाई गई। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर यही सक्रियता बीजेपी के बलात्कारी विधायक हंसराज पर कार्रवाई के लिए दिखाई गई होती तो प्रदेश की बेटियों को न्याय मिलता। उन्होंने कहा कि वोट चोरी कांड जैसे गंभीर मामले पर केंद्र सरकार और राष्ट्रपति आंखें मूंदे बैठे हैं, जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तुरंत निलंबित करने की मांग बार-बार उठाई जा रही है।

# शिक्षा का नहीं होने देंगे कांग्रेसीकरण: जयराम

## नेता प्रतिपक्ष बोले-40 पेज बधाइयों से भरे, शिक्षा मंत्री का संदेश गायब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर शिक्षा व्यवस्था के कांग्रेसीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और सुख सरकार का ध्यान रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर होना चाहिए, न कि संस्थानों पर ताले लगाने और शिक्षा को राजनीतिक रूप देने पर। उन्होंने कहा कि तीन साल में दो हजार शिक्षण संस्थान बंद करना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि हिमाचल शिक्षा बोर्ड छात्रों की योग्यता जांचने का माध्यम है, न कि नेताओं की ब्रांडिंग का केंद्र। उनका कहना है कि बाल दिवस पर प्रकाशित पुस्तिका साहित्यिक नैतिकता से परे है, जिसमें गांधी और पटेल जैसे महान विचारकों का उल्लेख तक नहीं है, जबकि लेखकों के नाम भी दर्ज नहीं किए गए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड की 72 पेज की पुस्तिका में 40 पेज कांग्रेस नेताओं के संदेशों से भरे हुए हैं, जबकि आश्चर्यजनक रूप से प्रदेश के शिक्षा मंत्री, सचिव और निदेशक का संदेश इसमें नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रकाशन राजकीय प्रेस से बाहर निजी स्तर पर करवाया गया है और इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को खुश करने की कोशिश साफ झलकती है। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या प्रदेश का पैसा कांग्रेस आलाकमान की चापलूसी पर खर्च किया जा रहा है।

**▶ कहा- तीन साल में 2000 संस्थान बंद, सरकार की नीयत पर उठाए सवाल**

**▶ प्रदेश का पैसा राजनीतिक ब्रांडिंग पर खर्च होने का भी लगाया आरोप**

उन्होंने कहा कि गनीमत यह रही कि पुस्तिका में चुनाव चिन्ह शामिल नहीं किया गया।

### शिक्षकों के बकाया लंबित कौशल विकास कार्यक्रम ठप



**जयराम** ठाकुर ने कहा कि शिक्षकों को परीक्षा मूल्यांकन और एग्जाम ड्यूटी का भुगतान दो साल से लंबित है, जबकि शिक्षा बोर्ड के संसाधन छात्रों और शिक्षकों पर खर्च होने चाहिए, न कि कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर। उन्होंने कहा कि भाजपा शिक्षा के कांग्रेसीकरण का कड़ा विरोध करती है और आगे भी करेगी। उन्होंने सरकार से केंद्र की नई शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू करने, कौशल विकास कार्यक्रमों को दोबारा शुरू करने और शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से अलग रखने की अपील की।

## एचआरटीसी के दो कंडक्टरों के साथ मारपीट, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला के ठियोग थाना क्षेत्र में एचआरटीसी कर्मचारियों के साथ मारपीट की दो अलग-अलग घटनाएँ सामने आई हैं। ठियोग थाना पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से परिवहन कर्मचारियों में भी रोष है।

पहले मामले में शिकायतकर्ता सुरेश कुमार कंडक्टर एचआरटीसी यूनिट तारादेवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 21 नवंबर को बस में शिमला से मंधोल रूट पर ड्यूटी कर रहे थे। दोपहर लगभग 1:40 बजे खोलागली में बस तकनीकी खराबी के चलते रुकी थी। इसी दौरान यात्री वीरेंद्र चौहान निवासी कोटखाई, बिना किसी कारण उनके पास आया और अचानक उन्हें थप्पड़ मार दिया तथा गाली-गलौज करने लगा। कंडक्टर के संभलने से पहले ही आरोपी वहां से भाग निकला। घटना बस में मौजूद यात्रियों ने मोबाइल में रिकॉर्ड भी की। बाद में यात्रियों को दूसरी बसों से भेजा गया और कंडक्टर ने मामले की जानकारी अड्डा इंचार्ज को दी। ठियोग थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना 22 नवंबर की है। शिकायतकर्ता संजय कुमार, एचआरटीसी कंडक्टर और निवासी हमीरपुर ने बताया कि वह ड्राइवर राकेश कुमार के साथ बस पर डिब्बर रूट में ड्यूटी कर रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे बस बांगापानी गांव पहुंची तो चाटोग की ओर सड़क के दोनों किनारों पर स्थानीय लोगों ने वाहन खड़े किए हुए थे, जिसकी वजह से बस आगे नहीं निकल पा रही थी। जब कंडक्टर ने लोगों से वाहन हटाने का अनुरोध किया, तो लोकराम निवासी और 4-5 अन्य लोगों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। मारपीट में उनकी आंख के पास और घुटनों पर चोटें आईं और उनकी यूनिफॉर्म भी फाड़ दी गई। घटना की जांच चौकी फागू के हेड कांस्टेबल विजय कर रहे हैं। दोनों मामलों में पुलिस कार्रवाई जारी है। वहीं, एचआरटीसी कर्मचारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं से मनोबल प्रभावित होता है।

# नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय ने की सीएम से मुलाकात

## शिष्टाचार भेंट में संगठन की भावी दिशा पर भी हुई सौहार्दपूर्ण चर्चा, नई जिम्मेदारी पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने रविवार को देर सांय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके शिमला स्थित आवास ओक ओवर में शिष्टाचार भेंट की। विनय कुमार के पदभार ग्रहण करने से पहले यह उनकी पहली औपचारिक मुलाकात थी। दोनों नेताओं के बीच बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और सरकार व संगठन के बीच बेहतर तालमेल पर बातचीत हुई।

जानकारी के मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने विनय कुमार को नई ज़िम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच प्रभावी भूमिका निभाएगा। विनय कुमार ने भी मुख्यमंत्री के साथ राज्य में विकास कार्यों और पार्टी की भावी गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया। मुलाकात पूरी तरह शिष्टाचार और सौहार्द पूर्ण रही।



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सीएम सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

### संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे विनय कुमार: प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन पहले की तरह एकजुटता के साथ आगे बढ़ेगा और कांग्रेस प्रदेश में और अधिक मजबूत होगी। प्रतिभा सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसे उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाया है और आगे भी जो दायित्व मिलेंगे, उन्हें वे पूरी ईमानदारी से पूरा करेंगी। प्रतिभा सिंह ने अपने कार्यकाल में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सामूहिक प्रयासों से आज प्रदेश में एक मजबूत संगठन खड़ा है और कांग्रेस की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में सरकार को मजबूत बनाने के लिए वे नवनियुक्त अध्यक्ष विनय के साथ मिलकर एकजुट होकर कार्य करेंगी।

# केंद्र सरकार ने हिमाचल को दी बड़ी सौगात: अजय राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**▶ कहा- 93.55 करोड़ सहित कई परियोजनाओं को मिली मंजूरी**

**▶ आपदा राहत व सड़क सुधार को बड़ी मदद**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और हालिया आपदा के बाद राज्य को राहत देने के लिए लगातार सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र ने नेशनल हाईवे-154ए के संवेदनशील स्थानों पर तटबंधों की विशेष मरम्मत के लिए 93.55 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सहयोग से तीन अहम सड़कों को सीआरआईएफ के तहत मंजूरी मिली है, जिनमें मंडी-गग्गल-चैल चौक-जंजैहली सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 137.40 करोड़, जेजों मोड़-टाहलीवाल लिंक रोड के उन्नयन के लिए 48.69 करोड़ और कुल्लू में ब्यास नदी पर मौहल स्थित पिरडी-तलोगी के बीच 110 मीटर डबल लेन मोटरेबल ब्रिज के लिए 28.35 करोड़ शामिल हैं।



अजय राणा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पहले ही प्रधानमंत्री और नितिन गडकरी से मिलकर इन परियोजनाओं को सीआरआईएफ में शामिल करने का आग्रह कर चुके थे और अब इनकी स्वीकृति से न केवल आपदा प्रभावित क्षेत्रों को राहत मिलेगी बल्कि प्रदेश में पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

# प्रदेश में नशे पर कार्रवाई से नशा तस्करों में हडकंप

## एक ही दिन में 121 जगहों पर छापे, ड्रग नेटवर्क पर पुलिस का कड़ा प्रहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। नशा मुक्ति अभियान के तहत शनिवार को प्रदेशभर में एक साथ 121 स्थानों पर दबिश दी गई, जिसमें कई जिलों से भारी मात्रा में नशा और अवैध सामग्री बरामद की गई। यह ऑपरेशन कई दिनों से जुटाई जा रही खुफिया जानकारी और तकनीकी विश्लेषण का परिणाम रहा।

जानकारी के अनुसार यह अभियान राज्य के तेरह जिलों में एक ही समय पर चलाया गया। अभियान के दौरान नौ स्थानों से नशीला पदार्थ मिला। पुलिस ने कुल 3.77 किलोग्राम चरस, 12.38 ग्राम हेरोइन, 88.1 ग्राम अफीम, 1.15 किलोग्राम पोस्त डोडा, 783 ग्राम पोस्ता भूस, एक देसी कट्टा और त्रेसठ हजार रुपये नकद बरामद किए। देहरा, नूरपुर, चंबा, बद्दी, कुल्लू, ऊना और बिलासपुर समेत कई जगहों पर की गई इन कार्रवाइयों में कई संदिग्धों को चिन्हित किया गया, जबकि कुछ आरोपी अपने ठिकानों पर मौजूद नहीं मिले। उनके खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के डीजीपी अशोक तिवारी ने बताया कि यह सिर्फ एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह अभियान लगातार चलेगा। पुलिस नशा तस्करी की हर कड़ी तक पहुंचने के लिए नेटवर्क

**▶ नौ मामलों में नशीले पदार्थ बरामद, तकनीकी सर्विलांस व फील्ड एक्शन का ऑपरेशन**

आधारित सर्विलांस, डिजिटल विश्लेषण और रियल टाइम मॉनिटरिंग का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और भी बड़े स्तर पर कदम उठाए जाएंगे ताकि नशा माफिया का पूरा जाल तोड़ा जा सके।

### संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे जनता

**पुलिस** अधिकारियों ने कहा कि नशे की समस्या सिर्फ पुलिस की लड़ाई नहीं है, बल्कि इसमें समाज की भागीदारी भी जरूरी है। प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों के दौरान युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ी है और कई युवाओं की मौत तक हो चुकी है। इस स्थिति को देखते हुए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाने को दें।

### नशे के खिलाफ आगे भी जारी रहेगा अभियान

**बहरहाल** प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रहा यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज होगा। पुलिस तस्करों के नेटवर्क, सप्लाई चैन और उनके आर्थिक संसाधनों पर भी सख्ती से नजर रख रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के संयुक्त ऑपरेशन प्रदेश में नशे के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक मोड़ देंगे।

**सौगात** पंचायतीराज मंत्री बोले- कसुम्पटी में सुदृढ़ होगा सड़क नेटवर्क, 230 सड़कों का निर्माण कार्य जारी

# चमियाणा में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने रविवार को चमियाणा पंचायत में करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चमियाणा पंचायत ने अपनी जमीन और अधिकारों को मजबूती से बचाए रखा है, जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में करीब दो हजार करोड़ रुपये तक के निवेश की संभावनाएं बनी हैं, जिससे आसपास के लोगों को निरंतर रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से सड़कें पक्की की जा रही हैं। क्षेत्र में कुल 230 सड़कें निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 80 को हाल ही में एफआरए की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि भट्टाकुफर में लोक निर्माण डिवीजन खोलने की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए 4.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही क्षेत्र में विद्युत ढांचे को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं।



पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने चमियाणा में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

मंत्री ने भट्टाकुफर में सड़क धंसने की घटना पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गड्ढे के नीचे 32 मीटर की गहराई में टनल निर्माण के दौरान लापरवाही बरती गई है। मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए गए इस प्रकरण पर सरकार ने जांच बैठाई है और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच पूरी होने तक गड्ढे को नहीं भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लोगों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और एनएचएआई की लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी कड़ी में उन्होंने भट्टाकुफर में कानूनगो सर्किल और नया पटवार सर्कल खोलने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में मंत्री ने 1 करोड़ 14 लाख रुपये से निर्मित दो मंजिला नया पंचायत घर चमियाणा का लोकार्पण किया, जिसमें सभागार, सम्मेलन कक्ष, तकनीकी सहायक कक्ष, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके अलावा उन्होंने 1 करोड़ 64 लाख रुपये से बने 25.50 मीटर स्पैन पुल का उद्घाटन किया। साथ ही उठाऊ जलापूर्ति योजना, पशु चिकित्सा भवन और क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के शिलान्यास भी किए। मंत्री ने छकड़ायाल में कम्युनिटी सेंटर के लिए 5 लाख रुपये और मलूठी महिला मंडल के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान और प्रतिनिधियों ने मंत्री अनिरुद्ध सिंह को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।





# छूछ महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए वरदान

प्रदेशभर में नदी-नालों, बावड़ियों और तालाबों के किनारों पर उगने वाला पौधा छूछ कैल्शियम का अत्यंत समृद्ध प्राकृतिक स्रोत है। इसकी कोमल हरी पत्तियां स्थानीय लोग परंपरागत रूप से साग के रूप में उपयोग करते आए हैं। आधुनिक शोध और अनुभव बताते हैं कि यह पौधा विशेष रूप से महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, क्योंकि मासिक धर्म की प्रक्रिया कम होने अथवा रजोनिवृत्ति के दौरान शरीर में कैल्शियम का स्तर तेजी से घटने लगता है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं में यह समस्या अधिक पाई जाती है, जिसके परिणामस्वरूप थकान, हड्डियों का कमजोर होना, दांतों की समस्या और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षण गंभीर रूप से दिखाई देते हैं। ऐसे में अक्सर महिलाओं को कैल्शियम युक्त भोजन या कैल्शियम सप्लीमेंट लेने की सलाह दी जाती है। हालांकि बाजार में मिलने वाले कैल्शियम सप्लीमेंट प्राकृतिक स्रोतों जितने सुरक्षित नहीं होते। कई बार ये शरीर के विभिन्न भागों में कैल्सीफिकेशन या पथरी जैसी समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं, इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्राकृतिक कैल्शियम स्रोतों को अपनाने की सलाह देते हैं।



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

## छूछ एक बारहमासी जल वनस्पति

छूछ एक बारहमासी जल-वनस्पति है, जो अपने वानस्पतिक नाम Nasturtium officinale तथा कॉमन नाम वाटर क्रेस से जानी जाती है। यह पौधा सरसों कुल से संबंधित है। यह पौधा केवल स्वच्छ बहते या ठहरे पानी के आसपास उगता है, इसलिए इसकी उपलब्धता उन्हीं क्षेत्रों तक सीमित है जहां जलस्रोत प्रचुर मात्रा में हों। यही कारण है कि अभी भी बहुत से लोग इसके खाद्य और औषधीय प्रयोग से अनजान हैं। प्रदेश के कई हिस्सों में स्थानीय लोग इसकी नर्म पत्तियों का साग, सब्जी या सलाद के रूप में उपयोग करते आए हैं। लेकिन फास्ट फूड के इस दौर में छूछ जैसे महत्वपूर्ण औषधीय पौधे दूर दराज के गावं से भी खाने की थाली से गायब होते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप युवा पीढ़ी इन बहुमूल्य जड़ी-बूटियों से अनजान होती जा रही है और कम उम्र में ही उन्हें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड रहा है, इसलिए व्यापक तौर पर इस पौधे के पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

## औषधीय गुण

**छूछ** को गले संबंधित रोगों तथा घेंघा रोग के इलाज में उपयोगी माना गया है। यह खून साफ करती है और एक स्टीमुलैएंट की तरह काम करती है। इसका रस नाक के फोड़ों का इलाज करने के लिए इस्तेमाल होता है। इसके अलावा छूछ का साग भूख बढ़ाने के लिए भी खाया जाता है। इसके विस्तृत औषधीय उपयोग इस प्रकार हैं।

## महत्वपूर्ण सावधानियां

* गंदे पानी में उगे पौधे कभी न खाएं।
* 100-150 ग्राम/दिन से अधिक सेवन से पेट में जलन या थायरॉइड उत्तेजना हो सकती है।
* गर्भवती, स्तनपान कराने वाली महिलाएँ और दवा लेने वाले लोग डॉक्टर से सलाह लें।

## खाद्य एवं पोषक गुण :

**छूछ** को आमतौर पर पारम्परिक रूप से साग के रूप में उपयोग किया जाता है, लेकिन आज की जेन जी और अल्फा जनरेशन को हम रोज -रोज साग नहीं खिला सकते, इसलिए इसको वैल्यू ऐडइशन करके मॉडर्न रेसिपीज में उपयोग करने की आवश्यकता है।

हालांकि, छूछ को हमेशा अच्छी तरह धोकर ही उपयोग करना चाहिए, क्योंकि यह पानी के किनारों पर उगता है और इसकी पत्तियों में धूल या सूक्ष्म जीव चिपके हो सकते हैं। इसकी कोमल, हरी और ताज़ा पत्तियां सलाद, सूप, चटनी या साग के रूप में बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक होती हैं। इसे हरी सब्जी की तरह हल्का-सा भूनकर भी खाया जा सकता है, लेकिन ध्यान रहे कि इसे अधिक पकाने से इसके विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट घट जाते हैं।

स्वास्थ्य लाभ पाने के लिए इसे कच्चा या हल्का स्टीम करके लेना सर्वोत्तम माना जाता है। यदि आप कैल्शियम और आयरन की कमी से जूझ रहे हैं, तो रोजाना अपने भोजन में एक मुट्ठी ताज़ा छूछ शामिल करना अत्यंत फायदेमंद है। स्वाद बढ़ाने के लिए इसे दही, नींबू, टमाटर या मूंगफली के साथ मिलाकर भी खाया जा सकता है।

| पोषक तत्व | मात्रा (per 100 g) |
|---|---|
| नमी | 9 95.11 g |
| ऊर्जा | 11 किलो कैलोरी |
| प्रोटीन | 2.30 g |
| कुल वसा | 0.10 g |
| संतृप्त वसा | 9 0.027 g |
| कार्बोहाइड्रेट | 1.29 g |
| फाइबर | 0.50 g |
| शुगर | 0.20 g |
| एश | 1.20 g |
| कैल्शियम | 120 mg |
| लोहे | 0.20 mg |
| मैग्नीशियम | 21 mg |
| फॉस्फोरस | 60 mg |
| पोटैशियम | 330 mg |
| सोडियम | 41 mg |
| जिंक | 0.11 mg |
| कॉपर | 9 0.08 mg |
| मैंगनीज | 9 0.24 mg |

## विटामिन्स अन्य पोषक तत्व

| | |
|---|---|
| विटामिन ए | 160 mg |
| बीटा-कैरोटीन | 1914 mg |
| विटामिन सी | 43 mg |
| विटामिन ई | 1 mg |
| विटामिन के | 250 mg |
| थायमिन | 0.09 mg |
| राइबोफ्लेविन | 0.12 mg |
| नियासिन | 0.20 mg |
| विटामिन बी6 | 0.13 mg |
| फोलेट | 9 mg |



| औषधीय गुण | किस समस्या में उपयोगी | विवरण/अध्ययन एवं पारंपरिक ज्ञान आधारित |
|---|---|---|
| रक्त शोधन | दाने, फोड़े-फुंसी, त्वचा रोग, विषाक्तता | ग्लूकोसाइनोलेट्स और विटामिन C शरीर से टॉक्सिन हटाकर खून को साफ करते हैं। |
| यकृत टॉनिक | फैटी लिवर, लिवर कमजोरी, पीलिया के बाद रिकवरी | एंटीऑक्सीडेंट संयुग्म लिवर एंजाइमों को सक्रिय करते हैं और डिटॉक्स प्रक्रिया तेज करते हैं। |
| फेफड़ों की सफाई | खांसी, बलगम, दमा, स्मोकिंग से जमा कफ | सल्फर यौगिक श्वसन तंत्र में जमा कफ पिघलाते हैं और सांस लेना आसान करते हैं। |
| एनीमिया-रोधी | खून की कमी, थकान, कमजोरी | आयरन + फोलेट + विटामिन सी का संयोजन आयरन अवशोषण को बढ़ाता है। |
| थायरॉइड संतुलन | हाइपोथायरॉइडिज़्म (कमजोर थायरॉयड) | इसमें प्राकृतिक आयोडीन पाया जाता है जो ग्रंथि के सामान्य कार्य को सपोर्ट करता है। |
| मूत्रवर्धक | सूजन, शरीर में पानी जमना, किडनी समस्याएँ | मूत्र की मात्रा बढ़ाता है और शरीर से अतिरिक्त लवण व जल निकालता है। |
| एंटी-इन्फ्लेमेटरी | जोड़ों का दर्द, सूजन, चोट, गठिया | फ्लेवोनॉयड्स और विटामिन, सूजन कम करके ऊतकों की हीलिंग तेज करते हैं। |
| पाचन सुधरक | गैस, अपच, भूख न लगना | हल्की तीक्ष्णता एंजाइम सक्रिय करती है, पाचन को तेज करती है। |
| एंटी-कैंसर क्षमता | कुछ कैंसरों की रोकथाम | ग्लूकोसाइनोलेट्स शरीर में सक्रिय होकर कैंसरकारक यौगिकों को निष्क्रिय करते हैं । |
| प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला | बार-बार संक्रमण होना | हाई विटामिन C + एंटीऑक्सीडेंट्स सफेद रक्त कोशिकाओं की कार्यक्षमता बढ़ाते हैं। |
| हड्डियों व दांतों के लिए लाभकारी | ऑस्टियोपोरोसिस, दांत कमजोर | कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन K1 हड्डियों की मजबूती में सहायक। |
| त्वचा स्वास्थ्य | त्वचा का रूखापन, झुर्रियां, एक्ने | विटामिन A,C और फाइटो-कंपाउंड्स त्वचा को डीटॉक्स और ग्लो प्रदान करते हैं। |
| एंटीमाइक्रोबियल गुण | बैक्टीरिया/फंगल संक्रमण | इसकी सक्रिय यौगिक रोगाणुओं की वृद्धि को रोकते हैं (लोक उपचार में उपयोग)। |
| हृदय सुरक्षा | उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल | पोटैशियम BP नियंत्रित करता है, एंटीऑक्सीडेंट हृदय को सुरक्षा प्रदान करते हैं। |
| डायबिटिक नियंत्रण | शुगर संतुलन बनाए रखने में सहायक | परंपरागत उपयोग के अनुसार यह ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म को सहारा देता है। |



# बदबूदार सांस



**बदबूदार सांस या हैलिटोसिस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति की सांस से अप्रिय गंध आती है। यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है और अक्सर शर्मिंदगी, सामाजिक असहजता और आत्मविश्वास में कमी का कारण बनती है। बदबूदार सांस एक साधारण किंतु परेशान करने वाली समस्या है, जो सामाजिक और मानसिक रूप से व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। सही मुंह की सफाई, संतुलित खानपान और होम्योपैथिक दवाओं के सही चयन से इस समस्या को जड़ से ठीक किया जा सकता है। होम्योपैथी शरीर को संतुलित कर प्राकृतिक रूप से उपचार देती है, इसलिए यह एक सुरक्षित और प्रभावशाली विकल्प है।**

### बदबूदार सांस के मुख्य कारण

* मुंह की सफाई की कमी * भोजन के कण दांतों में फंसकर बैक्टीरिया बढ़ाते हैं, जिससे दुर्गंध बनने लगती है। * जीभ पर जमा गंदगी * जीभ की सतह पर जमा कोटिंग सबसे बड़ा कारण होती है।

### दांतों की समस्याएं

*कैविटी, मसूड़ों में सूजन, पायोरिया, टार्टर आदि।*

**पाचन तंत्र की खराबी**

*गैस, एसिडिटी, कब्ज सांस की बदबू को बढ़ाते हैं।*

***कम पानी पीना***

*मुंह सूखने से लार कम बनती है और बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं।*

***धूम्रपान और शराब***

*ये दोनों आदतें प्राकृतिक रूप से भी बदबू को बढ़ाती हैं।*

### कुछ चिकित्सीय स्थितियां

**डायबिटीज,** साइनस इंफेक्शन, टॉन्सिल स्टोन, लिवर या किडनी संबंधी समस्या भी सांस से बदबू का कारण हो सकते हैं।

### बदबूदार सांस के लक्षण

* मुंह से अप्रिय गंध * सुबह उठते समय अधिक बदबू * जीभ पर सफेद या पीला लेप * मुंह सूखना * धातु जैसा स्वाद * दूसरों का पास बैठने में असहज होना

### बदबूदार सांस से बचाव

* दिन में दो बार दांत साफ करें * जीभ की सफाई करें * पर्याप्त पानी पिएं * ज्यादा मसालेदार व तली चीजें कम खाएं * धूम्रपान और शराब से दूरी * नियमित डेंटल चेकअप



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

### बदबूदार सांस का होम्योपैथिक उपचार

**होम्योपैथी** में बदबूदार सांस के उपचार के लिए कई प्रभावी दवाएँ उपलब्ध हैं। दवा का चयन व्यक्ति की प्रकृति, लक्षण और कारणों के आधार पर किया जाता है। नीचे प्रमुख दवाएँ दी गई हैं:

**1. मरक्यूरियस सोल)**

* मुंह से सड़ी हुई गंध
* अत्यधिक लार बनना
* मसूड़ों से खून आना या सूजन
* जीभ पर सफेद परत
* यह दवा दांत और मसूड़ों की वजह से आने वाली बदबू में अत्यधिक प्रभावी है।

**2. हेपर सल्फ**

* मुंह में खट्टा या सड़ा स्वाद
* टॉन्सिल में इंफेक्शन
* सर्दी-खांसी के कारण बदबू
* जब गले का संक्रमण बदबू का कारण हो, यह दवा उपयोगी है।

**3. पल्सेटिला**

* तैलीय चीजें या भारी भोजन करने के बाद बदबू * पाचन कमजोर * मुंह सूखना * यह दवा खासकर उन लोगों के लिए उपयुक्त है जिनकी बदबू पाचनतंत्र के कारण उत्पन्न हो।

**4. नक्स वोमिका**

* गैस, कब्ज, एसिडिटी
* अधिक मसालेदार भोजन या चाय-कॉफी से समस्या * यदि बदबू पेट की समस्या के कारण हो, तो यह दवा बेहद प्रभावी है।

**5. सल्फर**

* सुबह उठते ही तेज बदबू
* खट्टे या गंदे स्वाद के साथ
* मुंह सूखना * यह दवा पेट और मुंह की मिलीजुली समस्याओं में लाभ देती है।

### 6. क्रेयोसोट

* दांत सड़ने से बदबू * मुंह में छाले * मसूड़ों में दर्द या खून
* यह दवा दांतों की खराबी से होने वाली हैलिटोसिस में उपयुक्त है।

### उपयोग और सावधानियां

* किसी भी होम्योपैथिक दवा को स्वयं न लें। * किसी डॉक्टर से परामर्श आवश्यक है। * दवा का चयन लक्षणों और कारणों को समझकर ही किया जाना चाहिए। साथ में मुंह की सफाई और पाचन का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।

# युवा वयस्कों में घुटनों के दर्द की समस्या संतुलित शारीरिक गतिविधि की सलाह

**युवा** वयस्कों में घुटनों का दर्द तेजी से आम होता जा रहा है, जिसके मुख्य कारण दो हैं- मोटापा और अत्यधिक खेल और कसरत से जुड़ी चोटें। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक निष्क्रियता और अत्यधिक व्यायाम दोनों ही जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए समय पर निवारक देखभाल और संतुलित शारीरिक गतिविधि की सलाह दी जाती है। घुटनों का दर्द आमतौर पर उम्र बढ़ने से जुड़ा होता है, लेकिन अब ज्यादा युवा इस समस्या का अनुभव कर रहे हैं। ज्यादातर युवा जो उच्च-तीव्रता वाले खेल खेलने के लिए ज्यादा प्रवृत्त होते हैं और जिनका समग्र बॉडी मास इंडेक्स ज्यादा होता है। 30 और 40 की उम्र के बीच घुटनों की समस्या से जूझ रहे हैं, और कई को तो सर्जरी की भी जरूरत पड़ रही है। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में घुटनों की क्षति की घटनाओं के कारण 45 से 64 वर्ष की आयु के लोगों में घुटने के प्रतिस्थापन ऑपरेशनों में वृद्धि हो रही है।



### मोटापा भी बड़ा कारण :

**अध्ययन** के अनुसार, मोटापे ने युवाओं में घुटनों की क्षति के जोखिम को काफी बढ़ा दिया है, जो मुख्यतः जोड़ों पर बढ़ते यांत्रिक तनाव और कार्टिलेज को धीरे-धीरे खराब करने वाली पुरानी निम्न-श्रेणी की सूजन के कारण होता है। कई जनसंख्या-आधारित अध्ययनों ने लगातार मोटापे और घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस के बीच संबंध दिखाया है। अध्ययन में पाया कि मोटापे से ग्रस्त महिलाओं में घुटने के गठिया का जोखिम सामान्य महिलाओं की तुलना में लगभग चार गुना अधिक होता है और मोटे पुरुषों के लिए यह जोखिम लगभग पांच गुना अधिक होता है।

## उच्च-तीव्रता वाले खेल और कसरत

आमतौर पर खेल और फिटनेस के प्रति उत्साही युवा, जो नियमित रूप से फुटबाल, कुश्ती और बास्केटबाल खेलते हैं। अब प्रारंभिक गठिया से पीड़ित हो रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि खेल से संबंधित चोटों के कारण जोड़ों की उपास्थि को नुकसान पहुंच रहा है और समय से पहले ऑस्टियोआर्थराइटिस हो रहा है। ऐसी गतिविधियां, जिनमें बार-बार उच्च-प्रभाव, मरोड़, कट या टक्कर शामिल होती है, विशेष रूप से जोखिम भरी होती हैं और दीर्घकालिक पोस्ट-ट्रॉमेटिक ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण भी बन सकती हैं।



डॉ. एनके गुप्ता।

## ऐसे करें बचाव

**डॉ.** गुप्ता का कहना है कि खेल चोटों को रोकने से ऑस्टियोआर्थराइटिस को काफी हद तक रोका जा सकता है, खासकर उन युवाओं में जो एथलीट हैं। वे निम्नलिखित करके चोट को कम कर सकते हैं। व्यायाम करने से पहले हमेशा वार्मअप स्ट्रेचिंग अवश्य करें। वर्कआउट के बाद कूल-डाउन स्ट्रेचिंग करें। घुटनों और कोहनियों पर सुरक्षात्मक पैड पहनना सुनिश्चित करें। उच्च-तीव्रता वाले खेल खेलते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जोड़ों के स्वास्थ्य की निगरानी करें, खासकर उन एथलीटों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं, नियमित रूप से अपने डॉक्टर से परामर्श करके। जो लोग अधिक वजन वाले या मोटे हैं, उनके लिए दीर्घकालिक राहत के लिए अपना वजन कम करना और प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है। तैराकी, साइकिलिंग और योग जैसे कम प्रभाव वाले व्यायाम करें जो जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना कार्डियो वर्कआउट प्रदान करते हैं। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार पर अधिक ध्यान केंद्रित करने से वज़न प्रबंधन में मदद मिलती है और सूजन कम होती है।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

# सर्दियों में बढ़ती स्किन समस्याएं ठंड में बचाएं अपनी त्वचा

**सर्दियों** की ठंडक भले ही मन को सुकून देती हो, लेकिन यह मौसम त्वचा के लिए कई चुनौतियां लेकर आता है। जैसे ही तापमान गिरता है, हवा की नमी कम हो जाती है और त्वचा अपनी प्राकृतिक नमी खोने लगती है। इसी कारण सर्दियों में चेहरा बेजान होना, त्वचा फटना, होंठ सूखना, एड़ियों में दरारें आना और खुजली होना बेहद आम हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर लोग शुरुआती दिनों से ही अपनी स्किनकेयर आदतों में थोड़े बदलाव कर लें तो इन परेशानियों से पूरी सर्दी बचा जा सकता है।

## सर्दियों में क्यों बिगड़ती स्किन की स्थिति?

**बढ़ती** ठंड में जब हवा सूखी हो जाती है, तो त्वचा से पानी तेजी से निकलने लगता है। इसके अलावा घरों में हीटर का इस्तेमाल भी वातावरण की नमी कम कर देता है। त्वचा का नैचुरल ऑयल खत्म होने पर स्किन बैरियर कमजोर हो जाता है, जिससे त्वचा खुरदुरी, लाल और संवेदनशील महसूस होती है। डर्मेटोलॉजिस्ट बताते हैं कि ज्यादातर लोग इसी मौसम में गलतियां करते हैं-जैसे गरम पानी से नहाना, ज्यादा फेसवॉश करना या मॉइस्चराइजर न लगाना–और इसका सीधा असर उनकी त्वचा पर पड़ता है।



## चेहरे की देखभाल में करें ये 5 बदलाव

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर

- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं, बहुत ज्यादा गरम पानी स्किन को और ड्राई बना देता है।
- फोमिंग फेसवॉश की जगह क्रीमी क्लेंजर अपनाएं।
- हफ्ते में एक बार हल्का स्क्रब करें, ताकि डेड स्किन हट सके।
- आउटडोर एक्टिविटी के दौरान सनस्क्रीन का उपयोग जरूर करें।
- रात में सोने से पहले गहरी मॉइस्चराइजिंग नाइट क्रीम लगाएं।

## मॉइस्चर-लॉक करने के बेहतर तरीके

- विशेषज्ञों की मानें तो सर्दियों में मॉइस्चराइज़र का उपयोग सिर्फ जरूरत नहीं, बल्कि मजबूरी है।
- नहाने के 3 मिनट के भीतर मॉइस्चराइजर लगाना सबसे जरूरी कदम है, ताकि पानी की नमी त्वचा में लॉक हो सके।
- हायलूरॉनिक एसिड, सेरामाइड्स, ग्लिसरीन, शीया बटर या बादाम तेल वाले मॉइस्चराइजर सर्दियों के लिए सबसे प्रभावी माने जाते हैं।
- यदि संभव हो तो दिन में दो से तीन बार हल्का मॉइस्चराइज़र लगाएं।
- घर के अंदर नमी बनाए रखने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल भी स्किन हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद है।

## होंठों की सुरक्षा

- सर्दियों में होंठ बार-बार फटते हैं। लिप बाम में विटामिन ई, शीया बटर या कोको बटर होना चाहिए।
- होंठ चाटने की आदत छोड़ना जरूरी है, क्योंकि इससे सूखापन और बढ़ता है।



मधु ठाकुर, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, सनग्लोरियास ब्यूटी सैलून

## सर्दियों में स्किन बचाने के 10 उपाय

- नहाने के तुरंत बाद मॉइस्चराइजर लगाएं
- बहुत गरम पानी से न नहाएं
- फेसवॉश सीमित उपयोग करें
- सनस्क्रीन का उपयोग अनिवार्य
- घर में ह्यूमिडिफायर रखें
- होंठों पर बार-बार लिप बाम लगाएं
- हाथ धोने के बाद हैंड क्रीम लगाएं
- रात को पैरों पर मोटी क्रीम लगाएं
- फोमिंग की जगह क्रीमी क्लेंजर अपनाएं, दिन में पर्याप्त पानी पिएं।

## डाइट का भी है बड़ा योगदान

- स्किन की नमी सिर्फ़ बाहर से नहीं, बल्कि अंदर से भी बनती है।
- दिन में कम से कम 7-8 गिलास पानी पीना जरूरी है।
- विटामिन सी (संतरा, आंवला, कीवी, पपीता) को डाइट में शामिल करें।
- विटामिन ई (बादाम, मूंगफली, सीड्स) त्वचा को मुलायम रखता है।
- ओमेगा-3 फैटी एसिड (अलसी, तिल, अखरोट) सर्दियों में चमत्कारिक प्रभाव दिखाता है।

## हाथों की देखभाल

- बार-बार हाथ धोने से ड्राइनेस बढ़ती है। इसलिए हैंडवॉश के बाद क्रीम लगाना अनिवार्य है।
- बर्तन धोते समय ग्लव्स पहनने से स्किन का बचाव होता है।

## ये लक्षण हों तो डॉक्टर को दिखाएं?

**अगर** स्किन पर लगातार लाल चकत्ते, तेज खुजली, फंगल इन्फेक्शन या खून निकलने जैसी समस्या हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी समस्याएं लंबे समय में एक्जिमा जैसी बीमारी का रूप ले सकती हैं, इसलिए समय पर इलाज जरूरी है।

## पैरों की एड़ियों की देखभाल

- रात को पैर धोकर वैसलीन या मोटी फुट क्रीम लगाकर मोजे पहनकर सोने से दरारें जल्दी भरती हैं।
- प्राकृतिक घरेलू उपाय जो तुरंत राहत देते हैं
- नारियल तेल, एलोवेरा जेल, दूध और हल्दी और शहद स्किन की नमी बनाए रखने के लिए अत्यंत प्रभावी

## न्यूज ब्रीफ

### चड़ी स्कूल के अक्षय का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** चड़ी स्कूल के छात्र अक्षय का चयन उत्तर प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो हिमाचल का नेतृत्व करेगा। 30 नवंबर को ग्रीको रोमन कुश्ती में भाग लेने के लिए गोरखपुर उत्तर प्रदेश जाएगा। अक्षय ने इसका श्रेय प्रधानाचार्य अरुणवाला पटियाल, डीपीई नवीन मिन्हास एवं पीईटी जगदीश सिंह को दिया है।

### प्रदेश वॉलीबाल टूर्नामेंट के लिए ट्रायल कल

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** वॉलीबाल संघ जिला कांगड़ा की ओर से अंडर-18 प्रदेश टूर्नामेंट के लिए ट्रायल जयसिंहपुर उपमंडल के हारसी में 25 नवंबर को सुबह दस बजे लिए जाएगा। वॉलीबाल संघ के प्रदेश महासचिव संजीव ठाकुर ने बताया कि जो भी लड़के और लड़कियां इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक हैं, वे अपने साथ आधार कार्ड लेकर हारसी में पहुंच जाएं।

### मैक्लोडगंज में भालू के हमले से प्रवासी घायल

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी में भालू ने प्रवासी के सिर पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में डर का माहौल है। आम जनता से एहतियात बरतने की सलाह दी है, क्योंकि भालू फिर से हमला करके किसी को भी अपना शिकार बना सकता है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह साढ़े छह बजे स्वर्ग आश्रम मैक्लोडगंज के पास भालू ने बिहार से संबंधित एक श्रमिक पर हमला कर दिया, जिससे श्रमिक के सिर पर गहरी चोट आई है। लोगों का कहना है कि पहाड़ियों के जंगल में रहने वाले जंगली जानवर सर्दियों में निचले क्षेत्रों की ओर रुख करते हैं, ऐसे में सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

### गुग्गा जाहरवीर अमर कथा व भंडारा 27 को

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत बाबा बालक नाथ सिद्ध सेवा आश्रम, ग्राम लाहड़ छलेना में स्वामी धीरज सहमार द्वारा 27 नवंबर को स्वर्गीय रघुनाथ सिंह राणा, माता सत्या देवी, ताई व्यासा देवी व ताया दुर्गादास की स्मृति में गुग्गा जाहरवीर की संगीतमय अमर कथा, बाबा बालक नाथ जी के भजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन सुबह 10 बजे भक्त शेर सिंह मस्ताना करेंगे तथा भंडारा 11 बजे आरंभ होगा।

### मिड-डे मील पर वर्चुअल कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में मिड-डे मील पर वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा खंड थुरल से करीब 10 मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में दैनिक भोजन का महत्व, नियमित व समयानुसार भोजन, सामग्री व मसालों की भूमिका, मिड-डे मील की संकल्पना, कच्चा माल खरीदते समय सावधानियां, कचरा निपटान, खाद निर्माण, अग्नि सुरक्षा, आग बुझाने की प्रक्रिया, संतुलित आहार की भूमिका, पोषक तत्वों के स्रोत व कमी के लक्षण, साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता व स्वच्छता सर्वेक्षण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### श्रम संहिताओं को लागू करने पर जताया आभार

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** पंचायत गरली की प्रधान, अखिल भारतीय आशा कार्यकर्ता यूनियन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश यूनियन महामंत्री शशिलता ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय करोड़ों श्रमिकों को सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण देगा। शशिलता ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के लंबे संघर्ष और लगातार पैरवी का ही परिणाम है कि श्रमिक हितों से जुड़े ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। उन्होंने कोड ऑन वेजेस-2019 और कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी-2020 को क्रांतिकारी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रम मंत्री मनसुखलाल मांडविया का आभार जताया।

### डाडासीबा स्कूल में एनएसएस कैंप संपन्न

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पवन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विद्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। पवन शर्मा ने शिक्षा को जीवन का अनमोल हथियार बताते हुए विद्यार्थियों को इसके महत्व से अवगत कराया। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी दी तथा छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। एनएसएस प्रभारी अश्वनी सपेहिया ने बताया कि 55 स्वयंसेवकों ने मंदिर, बाजार, तालाब और अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया तथा स्कूल परिसर को सुंदर बनाया।

### जेएनवी पपरोला में मनाया एनसीसी दिवस

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में 78वां एनसीसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासित परेड प्रस्तुत की, जिसकी सलामी वाइस प्रिंसिपल शैलेंद्र सिंह ने ली। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को एनसीसी दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, एनसीसी गान, स्वच्छता अभियान पर स्लोगन राइटिंग तथा नारी सशक्तिकरण पर भाषण जैसे विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी ने देशभक्ति गीत 'यह भेड़भाव क्या है...' प्रस्तुत कर माहौल देशभक्ति से भर दिया। अंत में वाइस प्रिंसिपल ने सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन हिंदी अध्यापक नेत्र सिंह ने किया।

### कौना स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यकारी प्राचार्य विजय सिंह राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में विद्यालय कौना, भिल्ला, सेंदू आदि स्कूलों के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

### भरमाड़ क्लब बना वॉलीबाल प्रतियोगिता का विजेता

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** दुराना में शहीद उत्तम राणा व प्रताप सिंह मेमोरियल 20वीं दो दिवसीय वॉलीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्ण व्यवसायी रिंकू वर्मा ने किया, जबकि समापन समारोह में रिटायर्ड कैप्टन पूर्ण सिंह राणा मुख्य अतिथि रहे। जूनियर कबड्डी में लिटिल फ्लावर ए विजेता व लिटिल फ्लावर बी उपविजेता रही। सीनियर कबड्डी में दुराना टीम विजेता और हारचकियां उपविजेता बनी। वॉलीबाल में भरमाड़ क्लब विजेता तथा शाहपुर उपविजेता रहा। विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफियां दी गईं।

### नूरपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** सरकारी आर्य डिग्री कॉलेज नूरपुर के वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शिक्षा यात्रा के तहत धर्मशाला के प्रसिद्ध चाय बागानों और दलाईलामा मंदिर का दौरा किया। यात्रा में 30 कॉमर्स और 5 इकोनॉमिक्स के छात्रों ने भाग लिया। प्रो. किरण वाला ने बताया कि उद्देश्य छात्रों को चाय उत्पादन, मार्केटिंग और प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। छात्रों ने चाय की खेती, तुड़ाई और प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया तथा विशेषज्ञों से उद्योग से जुड़े पहलुओं को समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने दलाईलामा मंदिर में उसके इतिहास और तिब्बती निर्वासित सरकार की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### धर्मशाला कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला के एमबीए व एमसीए विभाग द्वारा 22-23 नवंबर 2025 'एआई एवं बदलते वैश्विक परिदृश्य में नवाचार व सतत्ता के लिए व्यवसाय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का पुनर्परिभाषण' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। देश-विदेश के विश्वविद्यालयों व उद्योगों से 168 प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष तथा 29 ने ऑनलाइन भाग लिया। मुख्य अतिथि रमन शर्मा, एसपी (सीआईडी), ने एआई व साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण विचार रखे, जबकि विशिष्ट अतिथि चंदर खाति ने वैश्विक टेक उद्योग के अनुभव साझा किए। सम्मेलन में एआई, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा, ग्रीन टेक्नोलॉजी और वैश्विक व्यापार रणनीतियों पर शोध प्रस्तुतियां हुईं।

# राजोल से आगे किस ओर जाएगा फोरलेन, अभी करना होगा इंतजार

## राजोल से ठानपुरी तक की अलाइनमेंट के भेजे गए हैं चार प्रस्ताव

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग लगाएगा प्रस्तावों पर अंतिम मुहर**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पठानकोट-मंडी फोरलेन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, लेकिन राजोल से ठानपुरी तक की अलाइनमेंट को लेकर अभी तक स्थिति साफ नहीं हो पाई है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि लोगों को राजोल से आगे फोरलेन किस ओर जाएगा, उसके लिए अभी इंतजार करना होगा। तकनीकी विशेषज्ञों की ओर से राजोल से ठानपुरी के फोरलेन के लिए तीन से चार प्रस्ताव तैयार करके भेजे गए हैं, जिन पर कौन सा फाइनल होता है, इस पर अंतिम मुहर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग लगाएगा, जिसका इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, जिला प्रशासन उम्मीद जता रहा है कि इस बारे में जल्द निर्णय होगा, लेकिन इस बारे फैसला न होने के चलते कई लोग असमंजस में हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा



पठानकोट-मंडी फोरलेन का कार्य युद्धस्तर पर जारी।

### निर्माण व अन्य कार्यों के लिए असमंजस में लोग

**राजोल** से आगे फोरलेन एयरपोर्ट से ऊपर की ओर जाएगा या नीचे की ओर, उसको लेकर स्थिति स्पष्ट न होने के चलते लोग भी असमंजस में हैं। कई लोगों को विस्थापन का डर सता रहा है। वहीं, कई लोगों ने निर्माण कार्य करके भवन आदि बनाने हैं, ऐसे लोग फोरलेन की अलाइनमेंट फाइनल होने के इंतजार में है। कई लोगों का कहना है कि राजोल से आगे ठानपुरी तक फोरलेन की दिशा फाइनल न होने के चलते उन्हें निर्माण कार्य शुरू करने में इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि वे निर्माण कर देते हैं और निर्माण फोरलेन की जद में आता है तो भी परेशानी होगी, इसलिए इंतजार करना बेहतर है।

### मंत्रालय तय करेगा अंतिम अलाइनमेंट: डीसी

**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि रजोल से ठाननपुरी तक के स्ट्रेट एलाइनमेंट के तीन-चार प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। स्थानीय एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा सभी विकल्पों को मंत्रालय के पास भेज दिया गया है, अब मंत्रालय को इनमें से अंतिम एलाइनमेंट तय करना है।

### जल्द निर्णय होने की उम्मीद

**जिला** प्रशासन ने उम्मीद जताई कि मंत्रालय की ओर से जल्द निर्णय लिया जाएगा, क्योंकि यही मार्ग का एकमात्र मिसिंग लिंक है। डीसी ने बताया कि ठानपुरी से परौर तक का कार्य चालू है, लेकिन परौर से आगे का काम अभी लंबित है।

### डीपीआर कंसल्टेंट की नियुक्ति मंत्रालय स्तर पर लंबित

**डीसी** ने स्पष्ट किया कि परौर के आगे वाले हिस्से में कोई प्रगति नहीं हो पाई है, क्योंकि उस खंड के लिए डीपीआर कंसल्टेंट की नियुक्ति मंत्रालय स्तर पर अभी लंबित है। डीसी ने कहा कि निर्णय जल्द होने पर क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार आएगा और कार्यों में गति आएगी।

## सीएम सुक्खू कर रहे पंचायत चुनाव को टालने की कोशिश: विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने सुक्खू सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों को लेकर पूरा सिस्टम तैयार है। इलेक्शन कमिशन अपनी ओर से पूरी तैयारी कर चुका है, विभागीय मंत्री व अधिकारी चुनाव प्रक्रिया शुरू करने की हरी झंडी दे चुके हैं और प्रशासनिक स्तर पर भी कोई तकनीकी अड़चन नहीं बची है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू चुनाव टालने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब इलेक्शन कमीशन तैयार है, विभाग तैयार हैं, अधिकारी तैयार हैं तो आखिर सुक्खू सरकार किस डर से चुनाव लटकाने पर उतारू है।

## हैप्पी बर्थडे



ठारू (नगरोटा बगवां) के दक्ष को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



डाडासीबा के कमलजीत व पिंकी देवी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## कैडेट्स को अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंडित** संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में एनसीसी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि एनसीसी दिवस हर वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें एनसीसी के महत्व पर व्याख्यान, एकल गीत, लघु नाटिका और नृत्य शामिल थे। डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण युवाओं को शारीरिक, मानसिक व नैतिक रूप से सशक्त बनाता है और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, एकता और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैडेट प्रांश और वंश ने एनसीसी के उद्देश्यों, महत्व और नेतृत्व क्षमता के विकास पर अपने विचार रखे। समापन पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने कहा कि एनसीसी युवाओं के सर्वांगीण विकास व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## कांग्रेस शिक्षा को अपनी विचारधारा थोपने का माध्यम बना रही है: बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** उद्योग मंत्री एवं विधायक बिक्रम ठाकुर ने स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के उस बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में कांग्रेस की विचारधारा शामिल की जाएगी। बिक्रम ने कहा कि यह बयान शिक्षा के राजनीतिकरण का खुला प्रमाण है और यह स्पष्ट करता है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिक्षा बोर्ड जैसी महत्वपूर्ण संस्था को कांग्रेस के एजेंडे को लागू करने का माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष किसी शिक्षाविद, अकादमिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति को होना चाहिए, न कि मुख्यमंत्री के राजनीतिक हित साधने वाले नियुक्त व्यक्ति को।

शिक्षा स्वतंत्र सोच को विकसित करने का माध्यम है, न कि किसी पार्टी की विचारधारा थोपने का। उन्होंने एचआरटीसी पेंशनरों की पेंशन और मेडिकल बिलों के लगातार लंबित होने पर सरकार को घेरते हुए कहा कि नवंबर का आधा महीना बीत जाने के बावजूद पेंशन जारी न होना पेंशनरों के साथ क्रूर मजाक है।

## आज धर्मशाला में येलो लाइन लगाएगा नगर निगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क करने की होगी व्यवस्था**

**नगर** निगम एवं स्मार्ट सिटी धर्मशाला की ओर से सोमवार से शहर के मुख्य सड़क मार्ग में शिक्षा बोर्ड से लेकर गांधी वाटिका कोतवाली बाजार तक येलो लाइन खींची जाएगी, जिसमें वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क किए जाने की व्यवस्था की जाएगी, जबकि आने वाले समय में एमसी धर्मशाला की ओर से पार्किंग शुल्क भी लिया जाएगा। वहीं, अब येलो लाइन लगने के बाद स्मार्ट रोड, सड़कों व चौक में बेतरतीब पार्किंग करने पर वाहनों के चालान किए जाएंगे। एमसी धर्मशाला की ओर से शिक्षा बोर्ड से कोतवाली बाजार बस स्टैंड तक के स्मार्ट रोड में सबसे पहले येलो लाइन की व्यवस्था शुरू की जाएगी। हालांकि, इससे पहले शहर के कुछ लिंक मार्गों में येलो लाइन लगाई गई है, जिसका सही प्रकार से संचालन अब तक नहीं हो पा रहा है। नगर निगम के तहत आने वाले विभिन्न शहरी क्षेत्रों में

पीली लाइन की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए टीम गठित कर स्थानों का भी चयन किया गया है। महत्वपूर्ण स्थानों में अधिक पार्किंग की व्यवस्था होने पर निर्धारित पार्किंग शुल्क भी वाहन चालकों को अदा करना होगा। अब तक हो रही मनमर्जी से वाहनों की बेतरतीब पार्किंग पर लगाम लग सकेगी। नगर निगम धर्मशाला की ओर से पुलिस विभाग के साथ मिलकर टीम का गठन भी किया गया है। नगर निगम-स्मार्ट सिटी, पर्यटन-खेल नगरी सहित अब एजुकेशन हब बन रहे धर्मशाला में पार्किंग की समस्या आम बनी हुई है। कचहरी चौक, कोतवाली बाजार, खनियारा रोड, मैक्लोडगंज मुख्य रोड व खडा डंडा मार्ग, ओल्ड चढ़ी रोड, दाड़ी बाजार व लुगंडू चौंक, गुरुद्वारा रोड, कॉलेज रोड सहित अधिकतर बाजारों व मुख्य स्थानों में लगातार बेतरतीब पार्किंग हो रही है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या बन रही है। अब नगर निगम धर्मशाला की ओर से शहर के मुख्य स्थानों में जहां पर आईडल पार्किंग के लिए स्थान होगा, वाहं पर येलो लाइन लगाई जाएंगी। उधर, स्मार्ट सिटी धर्मशाला के स्मार्ट रोड के अभियंता केवल शर्मा ने बताया कि रोड में पार्किंग के लिए येलो लाइन लगाई जाएगी, जिसमें वाहन पार्क किए जाने की सुविधा लोगों को मिल पाएगी।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

## भारतीय ज्ञान परंपरा दे रही विश्व को नेतृत्व : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित 16वीं आईटीएचसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. सत प्रकाश बंसल ने की। सम्मेलन का विषय सतत पर्यटन और कल्याण: हरित भविष्य का मार्ग रहा। प्रो. बंसल ने 21वीं सदी में भारत के तेज उभार पर प्रकाश डाला और बताया कि हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन तथा जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य स्वागत ने विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को स्पष्ट कर दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत की यह सफलता हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित है, जो आज विश्व को नेतृत्व दे रही है। बतौर आईटीएचसी अध्यक्ष कुलपति ने देश-विदेश से आए सभी विद्वानों, विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में जो महत्वपूर्ण मुद्दे उठे हैं, उन्हें विस्तृत रिपोर्ट के रूप में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय को भेजा जाएगा, ताकि नीति-निर्माण में इन सुझावों का उपयोग हो सके। सम्मेलन में कई विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार रखे। यूनाइटेड किंगडम की सुंडरलैंड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ब्रेमपोटन ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम व्यक्तिगत और संस्थागत स्तर पर सतत पर्यटन को व्यवहार में उतारें। उन्होंने ऊर्जा ऑडिट और संसाधन उपभोग ऑडिट को नियमित रूप से अपनाने की बात कही। इसी प्रकार, हरियाणा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में वैश्विक स्तर पर अपनाई जा रही अच्छी प्रथाओं को भारत में लागू करने का आह्वान किया। समापन सत्र में प्रो. डॉ. सत प्रकाश बंसल ने आश्वासन दिया कि सम्मेलन के निष्कर्षों को सुंडरलैंड यूनिवर्सिटी (यूके), हावर्ड यूनिवर्सिटी (यूएसए) और आईटीएचएस परिवार के साथ मिलकर विस्तृत रूप से दस्तावेजित किया जाएगा और संबंधित विभागों व सरकारी संस्थाओं को भेजा जाएगा।

## किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध करवाने को प्रयासरत: किशोरी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने पंचायत संसाल में कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत पावर वीडर ट्रैक्टरों का वितरण किया। किसानों से बातचीत में विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार उनकी आय बढ़ाने और आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। पावर वीडर के उपयोग से खेतों के कार्य तेजी से और कम समय में पूरे होंगे, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और लागत में कमी आएगी। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने और योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। इसके बाद विधायक किशोरी लाल ने पंचायत बंडियां के राजल गांव का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने पेयजल समस्या को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ग्रामीणों के लिए गैस सिलेंडर की उपलब्धता बढ़ाने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विधायक ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु सरकार और विभाग पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

### चंबी मैदान में एंटी-चिट्टा जागरूकता रैली का आयोजन

## केवल पठानिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी किए सम्मानित

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात रविवार को स्वास्थ्य विभाग और हेल्थ एंड यूथ स्पोर्ट्स अकादमी रैत द्वारा चंबी मैदान में आयोजित एंटी-चिट्टा जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में नशे के विरुद्ध शिमला के रिज मैदान से आरंभ की गई निर्णायक और ऐतिहासिक मुहिम भविष्य की सुरक्षा की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह स्पष्ट संदेश है कि नशा बेचने वाले और नशा फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि चिट्टा जैसी घातक नशा सामग्री युवाओं के भविष्य को नष्ट कर रही है और इसके खिलाफ सामूहिक लड़ाई ही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार कड़े कदम उठा रहे हैं, लेकिन वास्तविक सफलता तभी मिलेगी, जब समाज भी पूरी जिम्मेदारी के साथ इस लड़ाई में साथ खड़ा हो। इस अवसर पर दौड़ सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। एंटी-चिट्टा अभियान के तहत आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों एवं संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। इस प्रतियोगिता में शाहपुर कॉलेज ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसे 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। डढंभ स्कूल ने दूसरा स्थान हासिल किया तथा टीम को 5100 रुपए प्रदान किए गए। वहीं, रेत स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए 3100 रुपए की प्रोत्साहन राशि हासिल की। पठानिया ने कहा कि चंबी मैदान में 2 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से कार्य प्रगति पर है, जिसके अंतर्गत मैदान का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत लड़कियों के लिए आधुनिक चेंजिंग रूम भी यहां निर्मित किए जाएंगे, जिससे खेल सुविधाओं में और अधिक सुधार होगा।

## सरकार की पर्ची शुल्क लेने की गारंटी, डॉक्टर व दवाई की नहीं: सत्येंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मरीजों को सरकारी अस्पताल में संबंधित डॉक्टर के होने न होने का पता तभी चलता है, जब वे दस रुपए की पर्ची बनाकर डॉक्टर के कमरे में पहुंचता है। अगर डॉक्टर मिल भी गया तो फार्मेसी में दवाइयां मिलने की गारंटी नहीं। साधारण रोगों की अधिकांश दवाइयां मिल ही नहीं रही हैं। अगर कोई मिल रही तो महीने की जगह दस दिन की दी जा रही है। मरीज को आराम देने की जगह अस्पताल के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कांगड़ा के महासचिव सत्येंद्र गौतम ने उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि गारंटियों की सरकार का जनाजा गारंटी के साथ उठ चुका है। गरीब किसान मजदूर कर्मचारी महिला युवा के लिए यह सरकार किसी मुसीबत से कम नहीं है। हिमकेयर की सुविधा बंद है और अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं हैं, लेकिन सरकार को सिर्फ अपने सुख-सुविधाओं चिंता है।

**कामना** भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के सफल आयोजन को लेकर की पूजा

## इंद्रूनाग देवता के दरबार पहुंची एचपीसीए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**इंटरनेशनल** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच की सफलता की कामना को लेकर एचपीसीए रविवार को इंद्रूनाग देवता के दरबार पहुंची। एचपीसीए पदाधिकारियों ने मंदिर में पूजा-अर्चना व हवन किया और भगवान इंद्रूनाग देवता से मैच के सफल आयोजन की कामना की।

इस दौरान मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि भगवान इंद्रूनाग को बारिश का देवता माना जाता है, इसलिए धर्मशाला स्टेडियम में होने वाले बड़े आयोजन में बारिश बाधा न बने, इसके लिए एचपीसीए हर आयोजन से पहले भगवान इंद्रूनाग देवता के दरबार जाना नहीं भूलती।

मंदिर में जाकर एचपीसीए पदाधिकारी विशेष पूजा करके इंद्रूनाग भगवान से मैच के सफल रहने की मन्नत मांगते हैं। यही नहीं आयोजन सफल होने उपरांत भी एचपीसीए इंद्रूनाग देवता के दरबार जाती है। क्षेत्र के लोग भी बारिश न होने पर भगवान इंद्रूनाग के दरबार जाते हैं। साथ ही नई फसल को पहले भगवान इंद्रूनाग को चढ़ाया जाता है। उधर, एचपीसीए के निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि 14 दिसंबर के टी-20 मुकाबले को लेकर भगवान इंद्रूनाग मंदिर में पूजा-अर्चना व हवन किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान इंद्रूनाग का पहले भी एचपीसीए को आशीर्वाद मिलता रहा है और इस बार के मैच में भी इंद्रूनाग देवता की कृपा बनी रहेगी और मैच निश्चित तौर पर सफलतापूर्वक आयोजित होगा।



खनियारा स्थित इंद्रूनाग मंदिर में भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच की सफलता के लिए पूजा-अर्चना करते एचपीसीए पदाधिकारी।

## वरिष्ठ प्रवक्ताओं की वेतन वृद्धि पर रोक गलत: सिकंदर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के उपमंडल बैजनाथ की बैठक पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पपरोला में आयोजित हुई। बैठक का नेतृत्व उपमंडल अध्यक्ष अनिल बंटा और अंजुम जसरोटिया ने किया। इसमें संघ के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार व संजय डोगरा और वित्त सचिव तिलक राज राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रवक्ताओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रमुख मांगों में प्रवक्ता से प्रधानाचार्य की पदोन्नति, लंबित वेतन एवं बोर्ड परीक्षा मानदेय का भुगतान, अनावश्यक आदेशों से राहत, प्रभार आवंटन प्रधानाचार्य के अधिकार में रखना, शैक्षणिक भ्रमण के लिए उचित आर्थिक प्रबंधन और कंपनी के माध्यम से नियुक्त कंप्यूटर अध्यापकों का नियमितिकरण शामिल था। सिकंदर मिन्हास ने कहा कि वरिष्ठ प्रवक्ताओं की उपेक्षा और वेतन वृद्धि पर रोक गलत है और इसे शीघ्र बहाल किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी बिलासपुर ने भरी पहली पैराग्लाइडिंग उड़ान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के आसमान में आज एक खास पल दर्ज हुआ...। जिले के उपायुक्त राहुल कुमार ने बंदला पैराग्लाइडिंग साइट से पहली बार उड़ान भरी और अपने अनुभव को रोमांच, आत्मविश्वास और प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा संगम बताया। उड़ान भरते ही उन्होंने नीचे फैली गोबिंदसागर झील, हरी वादियों और खुले आसमान का ऐसा नजारा देखा, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एडवेंचर नहीं, बल्कि बिलासपुर की पर्यटन क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक खूबसूरत अनुभव है। डीसी की उड़ान न सिर्फ रोमांच का प्रतीक बनी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि बिलासपुर रोमांचक पर्यटन का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। बंदला की ऊंचाइयों से छलांग लगाते हुए, हवा में तैरते हुए डीसी साहब ने इस अनुभव को 'जीवनभर याद रहने वाला क्षण' बताया।



### रक्तदान शिविर में उपायुक्त राहुल ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जल तरंग जोश महोत्सव के तहत रविवार को रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लुहणू मैदान पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने स्वयं रक्तदान करके मानवता की इस सेवा में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। रक्तदान के बाद उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे सरल और महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जिलावासियों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहें ताकि आपातकालीन स्थितियों में किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को अपने कर्तव्य के रूप में रक्तदान की इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। खबर लिखे जाने तक लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया था, और जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा और भी लोग स्वेच्छा से शिविर में पहुंचकर रक्तदान करते रहे। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।

### जोश महोत्सव में फैशन शो रहा आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जल तरंग जोश महोत्सव के तहत जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय विभाग द्वारा फैशन शो और टैलेंट हंट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और ट्रांसजेंडर प्रतिभागियों ने उत्साह, आत्मविश्वास और अदम्य मनोबल का परिचय दिया। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि बाधाएं शरीर में नहीं, विचारों में होती हैं और संकल्प से हर कठिनाई आसान हो सकती है। लगभग 90 प्रतिभागियों ने रैंप वॉक और टैलेंट प्रदर्शन में भाग लिया, जिसे दर्शकों ने सराहा। प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल, जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, डीसीपीओ सत्या चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत की सांस्कृतिक पहचान हमारी ताकत : रांगड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विरासत-ए-कहलूर खेल महोत्सव के समापन समारोह के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक वीर सिंह रांगड़ा ने अपने विस्तृत संबोधन में संघ की मूल कार्यप्रणाली, उसके राष्ट्रीय दृष्टिकोण और समाज में उसकी भूमिका को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज निर्माण की भावना से कार्य करता है। वीर सिंह रांगड़ा ने कहा कि संघ का सबसे बड़ा लक्ष्य एक चरित्रवान, अनुशासित और संस्कारित समाज का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि शाखा केवल शारीरिक प्रशिक्षण का स्थान नहीं, बल्कि वह स्थान है जहां जीवन-मूल्य, समय की पाबंदी, सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति का चरित्र ऊंचा होता है, तभी समाज सशक्त बनता है और देश प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी आवश्यकता समाज में एकता और समरसता स्थापित करना है। जाति, पंथ, वर्ग और क्षेत्र के आधार पर समाज को बांटने की प्रवृत्ति देश के भविष्य के लिए हानिकारक है। संघ लगातार यह प्रयास कर रहा है कि समाज एक परिवार की तरह खड़ा हो और हर व्यक्ति अपने दायित्व को समझे। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए रांगड़ा ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और परंपराएं हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। दुनिया के कई देशों ने अपनी पहचान खो दी, लेकिन भारत आज भी अपनी हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति के साथ मजबूती से खड़ा है। संघ इस सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रहा है।

# बिलासपुर सब्जी मंडी बनी बीमारी की फैक्टरी

## गंदे पानी में नहाकर लोगों की थाली में पहुंच रही सब्जियां

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बलासपुर शहर की सब्जी मंडी आज बदहाली और प्रशासनिक उदासीनता की जिंदा मिसाल बन चुकी है। यहां रोजाना लोगों की थाली में परोसी जाने वाली सब्जियां गंदे पानी में नहाकर पहुंच रही हैं। ऊपर की दुकानों और ढाबों से बहता सड़ा हुआ पानी सीधे सब्जियों पर गिर रहा है, जिससे शहर में संक्रमण और महामारी फैलने का खतरा गंभीर रूप ले चुका है।

मंडी में हर सुबह सड़क किनारे रखी सब्जियों के पास से गटर जैसा पानी बहता है, जिसमें मच्छर और मक्खियां मंडराती हैं। स्थानीय आढ़ती और व्यापारी कई बार इस समस्या की शिकायत नगर परिषद और मंडी समिति तक पहुंचा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ फाइलें हिलाई गईं, जमीन नहीं। जानकारी के अनुसार, सब्जी मंडी के ऊपर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर न्यास की दुकानों से गंदे पानी की निकासी सीधे नीचे सड़क पर की गई है। वहां बने अस्थायी गड्ढों में पानी भरकर ओवरफ्लो हो जाता है और सब्जियों के बीच से बहता हुआ ग्राहकों तक पहुंचता है।

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जगह की कमी के कारण उन्हें तिरपाल बिछाकर सड़क पर ही माल रखना पड़ता है, लेकिन यह गंदा पानी न सिर्फ सब्जी खराब कर रहा है बल्कि उनकी रोजी-रोटी पर भी चोट कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर बार शिकायत की गई, तो आखिर जिम्मेदार विभाग कब तक मूकदर्शक बने रहेंगे? क्या प्रशासन किसी बड़ी बीमारी के फैलने का इंतज़ार कर रहा है?

एपीएमसी चेयरमैन सतपाल ने भी माना कि उपायुक्त ने दो महीने पहले निरीक्षण कर समाधान के निर्देश दिए थे, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। वहीं, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि समस्या की जानकारी मिलते ही बुधवार सुबह कनिष्ठ अभियंता को मौके पर भेजा जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ निरीक्षण से गंदगी साफ होगी या किसी ठोस कार्रवाई की हिम्मत भी दिखाई जाएगी? अब वक्त है कि जिला प्रशासन नींद से जागे, वरना यह लापरवाही शहर के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है।



सड़क पर बहते हुए गंदे पानी में रखी गई सब्जियां।

# सफलता के लिए साहस, दृढ़ निश्चय और सिद्धांत जरूरी : राजेश धर्माणी


बच्चों को सम्मानित करते मंत्री राजेश धर्माणी, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए साहस, दृढ़ निश्चय और व्यक्तिगत सिद्धांतों का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में आयोजित क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम में डंगार क्लस्टर के दस विद्यालयों के लगभग 850 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि हर बच्चे में एक विशिष्ट प्रतिभा होती है और शिक्षक का दायित्व है कि वह उसकी क्षमता को पहचानकर सही दिशा दे। धर्माणी ने विद्यार्थियों से मूल्य आधारित शिक्षा अपनाने, महिलाओं का सम्मान करने, बड़े-बुजुर्गों का आदर करने और समाज में सहयोग एवं मानवीय गुणों को विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए विद्यार्थियों से स्वयं को नशे से दूर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्कूल व अभिभावकों को देने की अपील की। उन्होंने विद्यालय के दो विद्यार्थियों के एमबीबीएस में चयन पर बधाई दी और डंगार स्कूल में 20 लाख रुपए की लागत से कला मंच निर्माण की घोषणा की, जिससे सांस्कृतिक गतिविधियों को नई सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, अभिभावक, शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दस साल से हकों की अनदेखी, अब विधानसभा घेराव को मजबूर पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान, घुमारवी**

**28 नवंबर को धर्मशाला में पेंशनरों का शक्ति प्रदर्शन**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति, जिला बिलासपुर के अध्यक्ष चेत राम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पिछले दस वर्षों से सरकार पेंशनरों के हकों की लगातार अनदेखी कर रही है। चाहे सरकार भाजपा की हो या कांग्रेस की, दोनों ने कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति नकारात्मक ही रवैया अपनाया है। 17 अक्तूबर को जिला मुख्यालयों पर हुए प्रदर्शन का भी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा और न ही वार्ता के लिए कोई पहल की गई। इसी हठधर्मी के कारण अब पेंशनर 28 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा घेराव करने को मजबूर हुए हैं।

वर्मा ने बताया कि सरकार पर पेंशनरों का करीब 11,000 करोड़ रुपए संशोधित वेतनमान का बकाया है। 13 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्तें, उसके एरियर और करोड़ों रुपये के चिकित्सा बिल भी लंबित हैं। जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों का बकाया पांच लाख से पचास लाख रुपए तक अटका है, जिसकी अदायगी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार दिवालिया होने का रोना पेंशनरों के लिए रोती है, लेकिन मंत्रियों-विधायकों के वेतन-भत्ते बढ़ाने के समय खजाना खुल जाता है। एचआरटीसी के कर्मचारियों और पेंशनरों को दो-तीन महीने बाद वेतन-पेंशन मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे इस वर्ग में भारी रोष है।

वर्मा ने जिला के सभी पेंशनरों, खासकर बिलासपुर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन से आग्रह किया कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 28 नवंबर को जोरावर स्टेडियम, सिद्धबाड़ी में होने वाले विधानसभा घेराव में एकजुट होकर शामिल हों। उन्होंने पेंशनरों से पानी, बिस्कुट, दवाइयां आदि साथ रखने और परिवहन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील भी की।

### बिलासपुर में अंडर-18 वॉलीबॉल ट्रायल, चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रविवार को रावमापा झंडूता में जिला बिलासपुर वॉलीबॉल संघ द्वारा अंडर-18 वर्ग के लड़कों और लड़कियों के वॉलीबॉल ट्रायल व चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झंडूता के प्रधानाचार्य पवन सांख्यान ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला सचिव अंकित चोपड़ा के संचालन में आयोजित इस ट्रायल में कई टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में दिव्यांश शर्मा, अंकुश चौधरी, आरिफ चौहान, दिव्यांश ठाकुर, गौरव चंदेल, कार्तिक, आर्यन चौहान, तनिष्क चड्ढा, अमनदीप, शौर्य, वीर सिंह चंदेल, हर्ष सिंह, साहिल और नायक का चयन हुआ। महिला वर्ग में रिया शर्मा, अनुपमा शर्मा, रिया भारद्वाज, मनीषा शर्मा, अक्षिता, तानिया, शिवानी, कीर्ति चंदेल, संजना देवी और श्रेया टीम का हिस्सा बनीं। चयनित खिलाड़ी अब 26 से 28 नवंबर तक मंडी जिला के संधोल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस आयोजन में एसोसिएशन के प्रधान अनूप महाजन, पंकज पटियाल, विशाल शर्मा और शेर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विनय के हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर वंचित वर्ग में उत्साह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लंबे इंतजार के बाद हिमाचल कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल गया है। हाईकमान ने तीन बार के विधायक, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और अनुभवी नेता विनय कुमार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे पूर्व मंत्री स्व. चौधरी प्रेम सिंह के पुत्र हैं और रेणुका से तीन बार विधायक रह चुके हैं।

विनय कुमार राजनीतिक रूप से वंचित वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसकी विचारधारा परंपरागत रूप से कांग्रेस के करीब रही है। उनकी तैनाती को पार्टी हाईकमान मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की उस नीति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें वंचित वर्गों को संगठन में अधिक भागीदारी देने पर जोर है।

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और 'हॉली लॉज परिवार' के समन्वय ने इस नियुक्ति को अंतिम रूप दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहले इन्हें उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी मिल चुकी थी। राज्य के तीन प्रमुख राजनीतिक समूहों का समर्थन, जो करीब 60 प्रतिशत प्रभाव रखते हैं, इस नियुक्ति को और मजबूती देता है।

हालांकि, निर्णय में दो वर्ष की देरी हुई, पर कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि 'देर हुई, दुरुस्त हुई।' यह फैसला हाईकमान के उस एजेंडे को भी बढ़ाता है, जिसमें संगठन और सत्ता दोनों में न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की बात है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कहा कि नई नियुक्ति कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 चुनावों की तैयारी अभी से शुरू करने और जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने की अपील की। यह नियुक्ति हिमाचल कांग्रेस के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

# राष्ट्र निर्माण में कैडेट्स की अहम भूमिका : कटवाल


बिलासपुर कॉलेज में एनसीसी दिवस पर उपस्थित मुख्यातिथि प्राचार्य पीएस कटवाल तथा अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर कॉलेज में धूमधाम से मनाया 77वां एनसीसी दिवस**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी नेवल विंग, एनसीसी आर्मी विंग और एनसीसी गर्ल्स विंग के संयुक्त तत्वावधान में 77वें एनसीसी दिवस को बड़े हर्सोल्लास से मनाया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सभी एनसीसी अधिकारियों एवं एनसीसी कैडेट्स के द्वारा उनका स्वागत किया गया। डॉ. कटवाल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में कैडेट्स की अहम् भूमिका है। आप सभी कैडेट्स देश का भविष्य हैं। उन्होंने देश के आंतरिक और बाहरी दुश्मनों से कैसे निपटना चाहिए इस बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से कैडेट्स की एकता और अनुशासन को सराहते हुए कहा कि यह दो शब्द ऐसे हैं जिनका पूर्ण रूप से जिंदगी में पालन किया जाए तो भविष्य में सफलता सदैव आपके कदम चूमेगी। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रोफेसर श्रवण कुमार, कैप्टन डॉ. जयचंद , लेफ्टिनेंट डॉ. सुरेश कुमार जम्वाल और सीटीओ प्रोफेसर शीतल धीमान के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य रूप से ग्रुप सॉग, सोलो सांग, भाषण एवं देशभक्ति गीत इत्यादि भी प्रस्तुत किए। इस दौरान एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार और कैप्टन जयचंद ने एनसीसी नेवल विंग और एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स के द्वारा सत्र 2025-26 की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### भाजपा के दोहरे चरित्र से नहीं दबेंगे संवैधानिक अधिकार : रजनीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रजनीश मैहता ने भाजपा नेताओं, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा युवा कांग्रेस के शिमला प्रदर्शन पर कार्रवाई की मांग को लेकर तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद जब प्रदर्शन करती है तो उसे लोकतंत्र की आड़ मिलती है, लेकिन जब युवा कांग्रेस राजभवन के बाहर शांतिपूर्ण विरोध करती है और प्रधानमंत्री का पुतला फूंकती है, तो कार्रवाई की मांग की जाती है, यह दोहरे चरित्र का उदाहरण है और लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है।

युवा कांग्रेस ने शिमला में वोट चोरी के आरोपों को लेकर राजीव भवन से राजभवन तक रैली निकाली, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। युवाओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और राजभवन के सामने प्रधानमंत्री का पुतला जलाया।

मैहता ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल की आवाज को दबाना लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी एक दल को विशेष अधिकार और दूसरों को पाबंदियां स्वीकार्य नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता की स्वतंत्रता और उसकी सक्रिय भागीदारी है, और समान अधिकार मिलने पर ही समाज में न्याय व समावेश बना रह सकता है।

# आईटीबीपी के सहायक कमांडेंट बालक राम डोगरा को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

**रंजीत कुमार, अनंत ज्ञान**



**बरमाना।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में सहायक कमांडेंट के रूप में सेवाएं दे रहे बिलासपुर जिला के हरनोड़ा गांव के बालक राम डोगरा को उनकी उत्कृष्ट व अनुकरणीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर दिया जाने वाला यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है, बल्कि पूरे बिलासपुर और हिमाल क्षेत्र के लिए भी गौरव की बात है।

बालक राम डोगरा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी स्कूल हरनोड़ा से प्राप्त की तथा मैट्रिक की परीक्षा सरकारी स्कूल सलापड़ से उत्तीर्ण की। वर्ष 1983-84 में वे अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहे। उन्होंने 38 वर्षों की लंबी सेवा अवधि में अपनी योग्यता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से कई उपलब्धियां हासिल कीं। सेवा काल के दौरान उन्हें विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 60 कैश रिवार्ड, 25 प्रशस्ति पत्र, 5 अपर महानिदेशक कमंडेशन रोल, तथा 4 बार महानिदेशक पदक एवं कमंडेशन रोल (सिल्वर, गोल्ड, गोल्ड एक स्टार, गोल्ड दो स्टार) से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें स्वतंत्रता की 50वीं और 75वीं वर्षगांठ के पुलिस पदक भी प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2020 में भारत के गृह मंत्री द्वारा उन्हें अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया था।

# 2027 तक बिलासपुर पहुंचेगी रेल लाइन : अनुराग

## विरासत-ए-कहलूर खेल महोत्सव का भव्य समापन, महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी


विरासत-ए-कहलूर खेल महोत्सव में उपस्थिति को संबोधित करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

विरासत-ए-कहलूर खेल महोत्सव का समापन समारोह रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय पूर्व मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने घोषणा की कि बिलासपुर तक रेलवे लाइन वर्ष 2027 तक पहुंच जाएगी, जिससे जिले के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं को खेलों से जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने एम्स और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज देकर बिलासपुर के विकास को नई दिशा दी है। रेलवे परियोजना पूरी होने के बाद यह क्षेत्र और अधिक प्रगतिशील बनेगा। समारोह में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल विजेताओं को सम्मानित किया गया। महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी सुषमा वर्मा को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सदर क्षेत्र की 800 महिलाओं की भागीदारी कार्यक्रम की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस प्रांत संघ चालक वीर सिंह रांगड़ा ने संघ के 100 वर्षों के योगदान और खेलों की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल, जीत राम कटवाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। जिला बिलासपुर क्रिकेट संघ के महासचिव विशाल जगोता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महोत्सव का यह समापन खिलाड़ियों के सम्मान, महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी और भविष्य के विकास संकल्पों का प्रतीक रहा।

**जल तरंग जोश महोत्सव** | दूसरी संध्या का सितारा बने सरताज एसी भारद्वाज और प्रसिद्ध टीवी-रेडियो कलाकार गीता भारद्वाज

# जोश महोत्सव में हिंदी-पहाड़ी फ्यूजन ने बांधा समां

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** गोबिंदसागर झील की शांत लहरों के बीच आयोजित तीन दिवसीय जल तरंग जोश महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या सुरों, ताल और रोमांच का मोहक संगम बनकर उभरी। मंच पर जब हिंदी और पहाड़ी गीतों का दिलकश फ्यूजन गूंजा तो माहौल तालियों, हूटिंग और झूमते दर्शकों से भर उठा।

संध्या का सितारा बने सरताज एसी भारद्वाज, प्रसिद्ध टीवी-रेडियो कलाकार गीता भारद्वाज और सारेगामा फेम सुंदरनगर के सुनील चौहान, जिनकी दमदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एसी भारद्वाज ने पारंपरिक अंदाज में गणेश वंदना 'देवा श्री गणेशा' से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक सुपरहिट गीतों की झड़ी लगा दी। 'बदन पे सितारे', 'कांची रे कांची रे', 'देखा एक ख्वाब', पहाड़ी लय 'खाणा-पीणा नंद लैणी ओ गंभरिए', 'बसा च आई ओ तेरी याद' और 'थाने आगे चाय री दुकान' जैसे गीतों ने दर्शकों को सीटों से उठकर नचाने पर मजबूर कर दिया।

गीता भारद्वाज ने अपनी मधुर, सधी और प्रभावशाली आवाज से संध्या को भावपूर्ण बना दिया। उन्होंने 'माईयां माईयां', 'आओ न गले लगाओ न' और 'हवा के झोंके' जैसे गीतों के साथ जब 'वे कमलया', 'चढ़ी आया पाणी' और पारंपरिक नाटियां प्रस्तुत कीं, तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

सारेगामा फेम सुनील चौहान ने स्टेज पर आते ही एंटरटेनमेंट का पारा चढ़ा दिया। 'ऊपर खुदा आसमां नीचे', 'जीने के हैं चार दिन', 'तू माने या न माने दिलदारा' और 'ढोल जगीरां दा' जैसे गीतों पर युवाओं ने खूब ठुमके लगाए।

इस सुरमयी संध्या में एसपी बिलासपुर संदीप धवल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीसी राहुल कुमार ने हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति-चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया।

दोपहर में आयोजित वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में शामिल उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभावान वेट लिफ्टर्स को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे संध्या का आकर्षण और बढ़ गया।


मुख्य अतिथि एसपी संदीप धवल को सम्मानित करते उपायुक्त तथा लोक गायक एसी भारद्वाज अपनी प्रस्तुति देते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### ककीरा में मनाया सत्य साईं बाबा का जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान, ककीरा।** सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मदिन ककीरा साईं मंदिर में बड़े ही धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल विकास तथा महिला दिवस से जुड़े विशेष आयोजनों के साथ हुई, जिसके बाद भक्तों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। समारोह के उपरांत केक काटकर बाबा जी का जन्मदिन एक यादगार रूप में मनाया गया। इस दौरान नारायण सेवा और अस्पताल से जुड़े कार्य भी सक्रिय रूप से संचालित किए गए, जिनमें सेवाभाव और मानव कल्याण की भावना स्पष्ट झलकी। उल्लेखनीय है कि सत्य साईं बाबा का संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण के लिए समर्पित रहा। सत्य, धर्म, शांति, प्रेम और अहिंसा के संदेशवाहक बाबा जी ने लाखों-करोड़ों लोगों को अध्यात्म से जोड़ा और समाजहित के अनेक कार्य किए, जो आज भी प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

### भारत को जानो स्पर्धा की विजेता टीमें की सम्मानित



**अनंत ज्ञान, ककीरा।** भारत विकास परिषद की ककीरा-बकलोह शाखा द्वारा आयोजित शाखा स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में आठ और कनिष्ठ वर्ग में सात स्कूलों की टीमें भाग लीं। विजेता टीमों को परिषद की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में जल शक्ति विभाग से सेवा निवृत्त मुख्य अभियंता सुरेश महाजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ककीरा स्कूल की प्रधानाचार्य अंजलि और शाखा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र काल विशेष अतिथि बने। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी और भारत विकास परिषद की ककीरा-बकलोह शाखा को 11 हजार रुपये की राशि प्रदान की, जिसके लिए शाखा ने उनका आभार व्यक्त किया।

### लघु कथा संग्रह 'दोहरी छाया' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार केवल सिंह भारती द्वारा लिखित लघु कथा संग्रह दोहरी छाया का विधिवत रूप से विमोचन कार्यक्रम पर्यटन नगरी डलहौजी के मणिमहेश होटल में हुआ इस विमोचन कार्यक्रम में डॉक्टर कैप्टन जीएस ढिल्लों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर डलहौजी के उपमंडल अधिकारी (ना.) अनिल भारद्वाज, आशीष चड्डा, जगजीत आजाद, सुभाष साहिल, दीपक भगवालिया, फिरोज के रोज, अशोक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सब की गरिमामयी उपस्थिति में इस कार्यक्रम में चार चांद लगे। कार्यक्रम में फिरोज के रोज, सुभाष साहिल के द्वारा दोहरी छाया पुस्तक में सम्मिलित लघु कथाओं के बारे में समीक्षा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखक अशोक दर्द द्वारा भी नई पुस्तक समीक्षा को युवा साहित्यकार शाम अजनबी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन जगजीत आजाद के द्वारा किया गया जो की प्रशंसनीय था और सभी के द्वारा सराहा गया। दोहरी छाया पुस्तक के बारे में सभी वक्ताओं ने वक्तव्य रखा और केवल सिंह भारती ने जीवन में जिन कठिनाइयां और परिस्थितियों का सामना करते हुए हर चुनौती को पार करते हुए साहित्य, शिक्षा, समाज में जो स्थान हासिल किया है वह हम सब के लिए एक मिसाल है। इस मौके पर युवा कवियत्री मोनिका ने वह शाम अजनबी ने दोहरी छाया पुस्तक में संकलित दो लघु कथाओं का पाठ किया।

### साइकिल चलाते ढांक से गिरा युवक, मौत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** थाना सुजानपुर के अंतर्गत नलाही गांव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा घटा। नलाही निवासी 10+2 कक्षा में पढ़ने वाले छात्र विरेंद्र सिंह, पुत्र करतार चंद, साइकिल चलाते समय नलाही क्षेत्र में ढांक से करीब 200-250 फुट नीचे गिर गया। गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना सुजानपुर की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मृतक का पोस्टमार्टम डॉ. अस्केजीएमसी हमीरपुर में करवाया। पुलिस ने शव और अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित कर रासायनिक परीक्षण हेतु भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना क्षेत्र में सुरक्षा की आवश्यकता और बच्चों के लिए सतर्कता की महत्ता को उजागर करती है।

### राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला वॉलीबाल संघ हमीरपुर की ओर से राज्य स्तरीय छात्र एवं छात्रा वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन सागर स्पोर्ट्स अकादमी भीरड़ी में किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विद्यासागर शर्मा की देखरेख में संपन्न हुई। यह जानकारी जिला वॉलीबाल संघ हमीरपुर के प्रधान डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश वॉलीबाल संघ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर तक संधोल (मंडी) में आयोजित होगी, जिसमें जिला हमीरपुर की बालक एवं बालिका टीमें हिस्सा लेंगी। संघ ने स्पष्ट किया कि चयन के लिए वही खिलाड़ी पात्र थे जिनका जन्म 1 जनवरी 2008 के बाद हुआ हो। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए वर्तमा का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रखे गए थे।

### भाजपा नेताओं ने जताया निधन पर शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त के पिता का रविवार को निधन हो गया है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार हथली में किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, सांसद अनुराग ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने अपनी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस कठिन समय में शक्ति व धैर्य दें।

# भरमौर में एचपीएमसी का 5 टन से अधिक सेब सड़ने से फैल रही दुर्गंध

## सिविल सप्लाई स्टोर के पास सड़ा सेब आवारा पशुओं के लिए बना चारा

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



एचपीएमसी का सेब मंडी तक नहीं पहुंचने से खराब सेब से फैल रही दुर्गंध।

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भरमौर।** खड़ामुख में एचपीएमसी के द्वारा रखा गया 5 टन से अधिक सेब सड़ गया है। सिविल सप्लाई के स्टोर के पास रखा गया इस सेब को आवारा पशु भेड़ और बकरियों खा रहे हैं। आलम यह है कि अब यहां पर रखा हुआ सब बहुत ही ज्यादा दुर्गंध फैला रहा है जिसके कारण बीमारियों के फैलने का भी खतरा लोगों को हो रहा है। एसपीएमसी ने यहां के बागवानो से टनों के हिसाब से सेब तो खरीद लिया है लेकिन यह सेब मंडी में पहुंचने से पहले ही सड़ गया है। जानकारी के मुताबिक एसपीएमसी के द्वारा यहां पर पांच टन से अधिक सेब खरीदा गया है। लेकिन यह खरीदा हुआ सेब मंडी तक नहीं पहुंच पाया है। जिसके कारण यहां पर रखा हुआ सेब सड रहा है। हैरानी की बात यह है कि जहां यह सेब स्टॉक किया हुआ है वहां पर सिविल सप्लाई का स्टोर है। जहां से 30 सरकारी डिपो का राशन जाता है। लिहाजा यहां पर हर रोज दर्जनों के हिसाब से लोग आते हुए जाते हैं, लेकिन सब के सड़ने से फैल रही दुर्गंध के कारण लोगों का यहां पर गुजरना मुश्किल हो रहा है।

एक ओर विभाग जहां यहां रखे सेब मंडी तक नहीं पहुंच पाया है तो वहीं पर दूसरी और अभी तक इसे डिस्पोज भी नहीं कर पाया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक इस समस्या का हल नहीं हो पाया है। लिहाजा यहां सब रहा सेब अब आवारा पशु भेड बकरियों के लिए चारा बन रहा है। यहां पर चारों ओर मक्खियां भिन्न-भिन्ना रही हैं।

इस विषय पर आर एम एचपीएमसी धर्मशाला संजीव कुमार ने कहा है कि जब यह सेब आया था थोड़ा-थोड़ा कर आया था जिसके कारण यह सुंदर नगर मंडी तक नहीं पहुंच पाया है। इसे डिस्पोज करने के लिए एसडीएम लेवल की कमेटी बनाई गई है। वन विभाग के द्वारा जगह नहीं दी जा रही है जिसके कारण अभी तक डिस्पोज नहीं हो पाया है।

# लक्कड़मंडी-खज्जियार मार्ग पर खाई में गिरी कार, पेड़ से रुकी

**हादसे में महिला को गंभीर चोट, तीन बच्चों समेत अन्य को हल्की चोटें**

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पर्यटक नगरी डलहौजी के लक्कड़मंडी-खज्जियार मार्ग पर रविवार को उस समय एक हादसा हो गया जब खज्जियार की ओर जा रहे एक पर्यटक परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, उनकी कार सूर्य की तेज रोशनी के कारण अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई की ओर लुढ़क गई। सौभाग्य से नीचे लगे एक पेड़ ने कार को थाम लिया, जिससे वह और गहरी खाई में गिरने से बच गई। कार में तीन बच्चों समेत कुल सात लोग सवार थे।

हादसे में एक महिला को दाएं कंधे में गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य लोगों को हल्की चोटें पहुंचीं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाला और एम्बुलेंस के माध्यम से नागरिक अस्पताल डलहौजी पहुंचाया। घायलों में स्मिता जैन को गंभीर चोटें आई हैं जबकि अंकित जैन, पंकज जैन, तरुणा गुप्ता, बच्चों में प्रिशा जैन (10) लविशा जैन (8) आरव जैन (3) सभी निवासी जिला संगरूर (पंजाब) को हल्की चोटें आई हैं। नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. देवेश ने बताया कि घायल महिला के कंधे में गंभीर चोट है और प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार पेड़ से न अटकती, तो कई सौ फीट गहरी खाई में गिर सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि इस मार्ग पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सतर्कता बरतें, क्योंकि यह इलाका घुमावदार ढलानों और बदलती रोशनी की वजह से जोखिमपूर्ण रहता है।

# डॉ. सुधीर ने सनातन धर्म सभा के विकास कार्यों को दिए 1 लाख



डलहौजी हिल टॉप स्कूल के चेयरमैन डॉ. सुधीर धवन सनातन धर्म सभा के विकास कार्यों के लिए 1 लाख रुपए का चेक सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी हिल टॉप स्कूल के चेयरमैन डॉ. सुधीर धवन ने रविवार को सनातन धर्म सभा, सदर बाजार में पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने आउटमर मंदिर में जारी निर्माण व सुधार कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए अपनी ओर से 1 लाख रुपए का चेक सभा के प्रधान सतीश महिंदरु को भेंट किया। डॉ. धवन ने सनातन धर्म सभा का विधिवत मुहाना भी किया और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सनातन धर्म सभा डलहौजी के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभा ने उदार सहयोग के लिए डलहौजी हिल टॉप स्कूल के चेयरमैन डॉ. सुधीर धवन का विशेष रूप से धन्यवाद किया और कहा कि उनके इस योगदान से मंदिर में चल रहे विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# सुल्तानपुर में 20.65 ग्राम चिट्टा, 2.33 लाख नकदी व जेवरात बरामद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चम्बा ने नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सादर थाना क्षेत्र में चिट्टा तस्करी से जुड़ा महत्वपूर्ण मामला दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एफआईआर संख्या 282/25 पंजीकृत कर एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान 20.65 ग्राम चिट्टा, 2,33,377 नकद (ड्रग मनी), इसके अलावा सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन आदि बरामद किए हैं। यह सामान बिंता महाजन निवासी मोहल्ला सुल्तानपुर तथा उसके साथ शामिल अन्य दो सहयोगियों के कब्जे से जब्त किया गया। अभियोग धारा 21 व 29 एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 221, 132 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पूरे मामले में नियमानुसार आगे की कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक चंबा ने कहा कि नशे के व्यापार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों पर पुलिस की कड़ी निगरानी जारी है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स नवाजे

## चंबा कॉलेज की इकाई ने धूमधाम से मनाया एनसीसी दिवस

**अनंत ज्ञान, चंबा**



एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राजकीय महाविद्यालय चंबा की एनसीसी इकाई ने एनसीसी दिवस बड़े उत्साह और गरिमामयी ढंग से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर प्रो. केवल कृष्ण के निर्देशन तथा वरिष्ठ अंडर ऑफिसर आरुषि ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल गुलेरिया मुख्य अतिथि तथा रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इसके उपरांत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इसका गौरवशाली इतिहास प्रस्तुत किया गया तथा सामूहिक वंदे मातरम गान किया गया। प्रो. केवल कृष्ण ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। एनसीसी कैडेट्स ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, चम्बयाली व पंजाबी नृत्य, चुराही नाटी, समूह व एकल गान प्रस्तुत किए। नशाखोरी, तंबाकू दुष्प्रभाव और एचआईवी जागरूकता पर आधारित नाटक ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ. गुलेरिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि एनसीसी युवक-युवतियों में अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति व सेवा-भाव का निर्माण करने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने कैडेट्स द्वारा वर्षभर की गई गतिविधियों—स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन, रक्तदान, परेड व सामाजिक सेवा—की सराहना की और सभी को 'एकता और अनुशासन' के आदर्श को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. केवल कृष्ण ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न कैंप्स व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। बनीखेत कैंप और अन्य गतिविधियों में आरुषि ठाकुर, महक, पलक देवी, पुनचुंक डोलमा, रोहित कालिया, नवजोत परिहार, लक्ष्मी चौहान, दीपिका ठाकुर, अंजलि, जितेंद्र सिंह सहित कई कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया।

# बर्फबारी से पहले बिजली विभाग ने की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आगामी बर्फबारी को देखते हुए बिजली विभाग डलहौजी के कर्मचारियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सब्जाश चौक से लेकर सदर बाजार व कोर्ट रोड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जेनरेटरों की सर्विसिंग की गई। इस दौरान जेनरेटर को बंद कर उसकी रिपेयरिंग व तेल परिवर्तन (ऑयल चेंज) का कार्य पूरा किया गया, ताकि बर्फबारी के समय शहरवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। फोरमैन विजय कुमार की अगुवाई में लाइनमैन दल के सदस्य दलीप, दलीप कुमार, दुर्गा दास, कृष्ण चंद, कुलदीप राज, विशाल, अविनाश और नवजीत इस पूरे कार्य में जुटे रहे। बिजली विभाग ने बताया कि भारी बर्फबारी के दौरान बिजली व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए सभी आवश्यक उपकरणों व मशीनरी की नियमित जांच की जा रही है।

**पोल खोल अभियान के सातवें चरण में भाजपा नेता ने सरकार पर साधा निशाना**

# प्रदेश में चरमराई कानून-व्यवस्था: जय सिंह

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



चंबा आपदा मुआवजा मामले में प्रशासन की धीमी कार्रवाई पर रोष जताया।

चंबा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कीड़ी के खल्ला गांव में रविवार को पोल खोल अभियान के सातवें चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं एडवोकेट जय सिंह ने प्रदेश सरकार पर कानून-व्यवस्था और जनहित के मुद्दों को लेकर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। 'ऊना में खुलेआम गोलियां चल रही हैं और कई अन्य जिलों में भी आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है, जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है,जय सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार की कार्यशैली लापरवाह हो चुकी है। गरीब जनता पर महंगाई का सीधा प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि राशन डिपो में खाद्यान्न महंगा हो गया है। बीपीएल राशन धारकों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि 'सरकार ने अपने मंत्रियों को अपने यात्रा भत्ता 1800 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया है, लेकिन यह बढ़ोतरी गरीब व्यक्ति की जेब पर सीधा बोझ डाल रही है, क्योंकि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है।' चंबा जिले में वर्ष 2023 की भीषण आपदा का मुद्दा उठाते हुए जय सिंह ने कहा कि प्रभावित परिवार आज भी अपने 7 लाख रुपये के मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। 'इतनी बड़ी त्रासदी के बाद भी लोगों को उनका हक नहीं मिला है, जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है,' उन्होंने दुख प्रकट किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे और स्थानीय समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# चंबा अस्पताल में मरीजों के नहीं हो रहे अल्ट्रासाउंड, मशीनें फांक रहीं धूल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अनंत ज्ञान मुद्दा

चंबा के नागरिक अस्पतालों में मरीजों के अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं। इस कारण मरीज अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए दर बदर भटक रहे हैं। चुवाड़ी, भरमौर, पांगी और तीसा अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित हैं, लेकिन तकनीकी स्टाफ और रेडियोलॉजिस्ट की कमी के चलते इनका उपयोग नहीं हो पा रहा। इस कारण मशीनें धूल फांक रही हैं।

खासतौर पर दूरदराज के इलाकों के मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए 60 से 80 किलोमीटर लंबी दौड़ लगाकर जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज चंबा में भी उन्हें तारीख मिल रही है। इस कारण वे निजी केंद्रों में अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए मजबूर हैं।

मरीज और तीमारदार अशोक कुमार, हंसराज, सुरेंद्र, भाग सिंह, रवि कुमार, चैन लाल, विनोद कुमार और नारायण सिंह ने बताया कि नागरिक अस्पतालों अल्ट्रासाउंड और एक्सरे की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसके लिए कहीं न कहीं सरकार और विभाग दोनों जिम्मेदार हैं। कहने के लिए चंबा आकांक्षी जिले की श्रेणी में शामिल है, लेकिन यहां स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्य नहीं किया जा रहा है। यही हाल चलता रहा तो यह जिला इस श्रेणी से कभी बाहर नहीं निकल पाएगा।

> सरकार को रेडियोलॉजिस्ट की कमी के बारे में अवगत करवाया है। जल्द ही नागरिक अस्पतालों में उनकी तैनाती होने की उम्मीद है। विभाग फैलोशिप के जरिये भी अल्ट्रासाउंड शुरू करने की व्यवस्था कर रहा है।
>
> **-डॉ. विपिन ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा।**

# लूणा-छतराड़ी रोड पर बस सेवा दो माह से बाधित, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**सड़क क्षतिग्रस्त, निजी व टैक्सी वाहनों पर निर्भर हो रहे लोग**

**विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली से देरी, तुरंत कार्रवाई की मांग**

लूणा छतराड़ी रोड चार महीने भी जाने के बाद भी अभी तक बस के लिए बहाल नहीं हो पाया है। जिसके लिए लोगों को आने जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करने का पड़ रहा है। अगस्त महीने में हुई भारी बारिश के चलते यह रोड कई जगह क्षतिग्रस्त हुआ था। लेकिन विभाग की सुस्त कार्यपाली के चलते 2 महीने से लोगों को यहां पर बस की सुविधा नहीं मिल रही है। जिसके चलते रोज आने जाने लोगों को निजी व टैक्सी गाड़ियों के जरिए एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगों को रोज अपनी जेबें काफी ढीली करनी पड़ रही है।

वर्तमान में इस सड़क के लिए दो बस सेवा चलाई गई है। लेकिन पिछले करीब 2 महीने से यह बस सेवाएं इस सड़क पर नहीं दौड़ रही है। बस सुविधा बहाल होने के चलते क्षेत्र की दो पंचायतों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है यहां से सर्दियों में कई लोग कांगड़ा निचले क्षेत्र को जाते हैं। लेकिन यहां से सीधे बस सुविधा न होने के चलते लोगों को 10 से 12 किलोमीटर निजी गाड़ियों के जरिए मुख्य मार्ग पर पहुंचकर बस सेवा ही लेनी पड़ रही है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खासकर महिलाओं व बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के मुताबिक करीब 2 महीने पहले हुई बारिश के कारण सड़क में कई जगह डंगे ढह चले गए हैं। लेकिन 2 महीने भी जाने के बाद भी विभाग अभी तक इसे दुरुस्त नहीं कर पाया है। विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते क्षेत्र वासियों को इसका खामियाजा भुगतान पड़ रहा है। हालांकि विभाग में कुछ ठेकेदारों को इसे बनाने का जिम्मा सौंपा है। लेकिन जिस सुस्त रफ्तार से इस सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, लगता है अभी तक एक महीने से अधिक समय और लगेगा। हालांकि जगह-जगह जमीन धंसी हुई है और ऐसे में हेल्की सी भी बारिश हो जाती है तो यह सड़क और क्षतिग्रस्त हो जाएगी। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का युद्ध स्तर पर काम करवाया जाए ताकि लोगों को यहां से बस सुविधा मिल सके।

# शरारती तत्वों ने तोड़ा सेल्फी प्वाइंट

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



**मैहला** ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत सुनारा में शरारती तत्वों ने तोड़ा सेल्फी प्वाइंट आई लव बस्सु। पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत सुनारा प्रवीण चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की सेल्फी प्वाइंट आई लव बस्सु जिसे स्थानीय लोगों ने चंदा इकट्ठा कर बड़ी ही मेहनत से भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास बनवाया था। जिसे अज्ञात शरारती तत्वों ने शनिवार देर रात बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया, पूर्व प्रधान प्रवीण चौहान का कहना है की पिछले शनिवार को सुनारा पंचायत में एक दो शादियां भी थी।

आशंका जताई जा रही है कि शादी में पहुंचे शरारती तत्वों ने ही ऐसी घटिया हरकत की है जिसकी जांच सर्वप्रथम स्थानीय लोग अपने स्तर पर कर रहे हैं। प्रवीण चौहान का कहना है कि इस तरह के दोषियों को कतई क्षमा नहीं किया जाएगा फिलहाल प्रवीण चौहान जो पूर्व में देश के सिपाही भी रह चुके हैं जांच को स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आगे बढ़ा दिया है। प्रवीण चौहान का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी तो पुलिस को भी अवश्य सूचित किया जाएगा।

प्रवीण चौहान जानकारी देते हुए बताते हैं की बहुत जल्द में पुलिस में भी एक शिकायत दर्ज करवाने जा रहा हूं की कम से कम सप्ताह में एक बार पुलिस यहां शाम के समय जरूर गश्त करें। ताकि लक्ष्मी नारायण मंदिर के इर्द-गिर्द जो नशेड़ी घूमते हैं उन पर शिकंजा कसा जा सके, ताकि इस तरह की कायराना हरकत करने वाले भविष्य में घटना को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचे।

# अग्निकांड पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह घाटी कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक रविवार को तड़ोली स्थित संघ कार्यालय ठाकुर होम स्टे में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष वेद व्यास ठाकुर ने की। बैठक में सचिव उपाध्यक्ष हेम सिंह खन्ना, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह ठाकुर, सचिव राजन कुमार, कोषाध्यक्ष लोभी राम, सदस्य कुआर सिंह, हेम सिंह अत्री, धर्म सिंह सहित अन्य सक्रिय सदस्य सन्नी सूर्या, कमला चांदला और नीरज सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने घाटी के सर्वांगीण विकास और जरूरतमंद परिवारों तक समय पर सहायता पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया। हाल ही में मड़ौलू गांव कीड़ी, चम्बा में हुई आगजनी में प्रभावित परिवार को संघ ने 8 गद्दे, 5 रजाइयां, कंबल और बेडशीट सहित तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध करवाई। संगठन को मजबूत बनाने हेतु बैठक में सन्नी सूर्या को सह-सचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिया है। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने संघ को जनहितकारी कार्यों में और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया और प्रदेशवासियों से पीड़ित परिवार की सहायता हेतु आगे आने की अपील की।

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

मैं, श्री रमेश कुमार, सपुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, गांव हवानू, डाकघर ट्रोह, तहसील बल्ह, जिला मंडी, (हि.प्र.), पिन-175008 का परमानेंट निवासी हूं और अभी लेफ्टिनेंट, जिला-दीमापुर, राज्य-नागालैंड (पिन-797112) में कार्यरत हूं, घोषणा करता हूं कि मेरे ऑफिस के डॉक्यूमेंट्स और रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम 'लछमन' गलत दर्ज है। सही नाम लक्ष्मण सिंह है। लक्ष्मण सिंह और लछमन एक ही व्यक्ति है। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय प्रधानाचार्य**
**पी० एम० श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पी० एम० श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा के भवन की छत से निकली लकड़ी, स्लेट व पत्थरों की नीलामी दिनांक 28 नवम्बर 2025 को पी० एम० श्री रा० मा० व० मा० पा० (छात्र) के प्रांगण में होनी निश्चित हुई है, इच्छुक बोलीदाता द्वारा भवन के सामान का निरीक्षण 10:00 से 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर किया जा सकता है। आवेदनकर्ता दिनांक 27 नवम्बर 2025 तक सायं 5-00 बजे तक रा० मा० व० मा० पा० (छात्र) के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली देने से पहले रु. 5000/- (पांच हजार) नकद बतौर पेशगी जमा करवानी होगी जो कि बोली के बाद असफल बोलीदाताओं को वापिस कर दी जायेगी। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि दिनांक 28 नवम्बर 2025 को प्रातः 11-00 बजे रा० मा० व० मा० पा० (छात्र) नगरोटा बगवां में नीलामी के लिए अपनी उपस्थिति दें।

**नोटः-** नीलामी के 10 दिनों के भीतर संबन्धित भवन की सामग्री उठानी होगी।

**दिनांकः-** 22 नवम्बर 2025

**संदेहास्पद** विषयों में सज्जन लोग अपनी आत्मा की गवाही को ही प्रमाण मानते हैं।

-कालीदास

## संपादकीय

### हिमाचल में बढ़ता नशे का जाल

हिमाचल प्रदेश में पिछले एक दशक में जिस तरह नशे का जाल फैला है, वह न केवल चिंता का विषय है बल्कि हमारी सामूहिक असफलता का संकेत भी है। यह तथ्य जितनी असहज है, उतना ही स्पष्ट भी। हिमाचल अब केवल एक ड्रग ट्रांजिट रूट नहीं, बल्कि एक बड़े उपभोग बाजार में बदल चुका है। पहाड़ों में पसरता यह जहर धीरे-धीरे समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है और आश्चर्य की बात यह है कि हम इसकी भयावहता को जानते हुए भी इसे रोकने में विफल दिखाई दे रहे हैं।

चरस, अफीम, चिट्टा और अवैध शराब का पारंपरिक दायरा अब सिंथेटिक ड्रग्स के अंधेरे में बदल चुका है। जानलेवा चिट्टे के नशे ने गांवों से लेकर शहरों तक अपने शिकार ढूंढ लिए हैं। यह केवल एक मादक पदार्थ नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य में घुली वह तेजाब है जो जीवन, शिक्षा, करियर, परिवार-सब कुछ नष्ट कर देता है। पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि एनडीपीएस के मामलों में सबसे अधिक संख्या युवाओं की है, और यह वही पीढ़ी है जिस पर हिमाचल का भविष्य टिका है। यह विडंबना है कि जिस राज्य में लोग अपने बच्चों को पहाड़ों की पवित्र हवा में सुरक्षित बड़ा होने का भरोसा लेकर रहते थे, वही राज्य अब बच्चों को नशे से बचाने में खुद असहाय दिख रहा है।

सरकार ने निश्चित रूप से कई कदम उठाए हैं और इन कदमों को नकारा भी नहीं जा सकता। पुलिस की कार्रवाई बढ़ी है, विशेष नारकोटिक्स यूनिट मजबूत हुई है, सीमावर्ती इलाकों में तस्करों पर दबाव बढ़ा है, और कई बड़े नेटवर्क ध्वस्त भी किए गए हैं। पड़ोसी राज्यों के साथ संयुक्त अभियान चलना स्वागतयोग्य है, क्योंकि नशा किसी सीमा का मोहताज नहीं होता, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सब पर्याप्त है? क्या पुलिस की छापेमारी और धरपकड़ से नशे का यह कारोबार खत्म होने वाला है? सच यह है कि तस्करों का नेटवर्क शासन से दो कदम आगे है, तकनीकी रूप से ज्यादा सक्षम है और अपने तौर-तरीके लगातार बदलता रहता है, जबकि पुलिस तस्करों का पीछा कर रही है, तब तक वे नए रास्ते, नए मोड्स-ऑपरेंडी और नए ग्राहक खोज लेते हैं। सवाल उठता है कि हम असली अपराधियों तक पहुंच क्यों नहीं पा रहे? हर महीने छोटे-छोटे पेडलर्स पकड़े जाते हैं, लेकिन इस कारोबार के सरगना अकसर कानून के शिकंजे से बाहर रहते हैं। ड्रग माफिया की आर्थिक ताकत इतनी बढ़ी है कि वे लगातार नए लड़के-लड़कियों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। एक ओर पुलिस की एफआईआर बढ़ती है, दूसरी ओर नशे की खुराकें भी बढ़ती जा रही हैं। यह संघर्ष मानो एक ऐसी लड़ाई बन गया है जिसमें हर बार हम बस सतह को खुरचकर ही रह जाते हैं।

नशा केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं, यह हिमाचल की बदलती सामाजिक-आर्थिक संरचना का भी प्रतिबिंब है। बेरोजगारी, मानसिक तनाव, सोशल मीडिया का दबाव और आधुनिक जीवन की चिंता ने युवाओं के भीतर एक खालीपन पैदा किया है, और यह खालीपन नशा सबसे आसानी से भर देता है। पहाड़ी समाज की सामुदायिकता कमजोर पड़ रही है, परिवारों में संवाद घटा है और युवाओं के लिए सकारात्मक विकल्प सीमित हो रहे हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि नशा केवल बाहर से आया हुआ संकट नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर पैदा हुई कमजोरियों का परिणाम भी है। जब तक यह आंतरिक कमजोरी दूर नहीं होगी, तब तक कोई भी पुलिस कार्रवाई स्थायी समाधान नहीं दे सकती।

हिमाचल सरकार नशा मुक्ति के दावे ज़रूर करती है, लेकिन नशा मुक्ति केंद्रों की वास्तविकता इन दावों की पोल खोल देती है । नशा मुक्ति केंद्रों में काउंसलर, मनोवैज्ञानिक और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है। नशामुक्ति केवल दवाओं पर निर्भर नहीं होती, इसके लिए लंबे समय तक मानसिक, सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास जरूरी होता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि कई युवा इलाज पूरा होने से पहले ही केंद्रों से बाहर आ जाते हैं, और किशोरों तथा स्कूल-going छात्रों के लिए अलग से कोई व्यवस्थित काउंसलिंग मॉडल तक अभी तैयार नहीं हुआ है। जब नशे से लड़ने वाली पहली पंक्ति इतनी कमजोर होगी, तो बड़े युद्ध की उम्मीद कैसे की जा सकती है? नशा हिमाचल के भविष्य पर हमला है और इस हमले का जवाब देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**


### मानवता और धर्मस्वतंत्रता के महान रक्षक



गुरु तेग बहादुर
जन्म : 18 अप्रैल,1621
मृत्यु : 24 नवंबर, 1675

**गुरु** तेग बहादुर (1621–1675) सिखों के नौवें गुरु और धार्मिक स्वतंत्रता के सबसे बड़े संरक्षकों में माने जाते हैं। अमृतसर में जन्मे गुरु हरगोविंद जी के पुत्र तेग बहादुर ने अपने जीवन में त्याग, साहस और आध्यात्मिकता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। युद्ध में दिखाए गए शौर्य के कारण ही उनका नाम 'तेग बहादुर' पड़ा। उन्होंने आनंदपुर साहिब की स्थापना की। सामाजिक-सांस्कृतिक सुधार किए और मानवता, समानता व नैतिकता का संदेश पूरे देश में फैलाया। औरंगजेब द्वारा कश्मीरी पंडितों पर धार्मिक अत्याचार होने पर गुरुजी ने उनके धर्म और अधिकारों की रक्षा हेतु स्वयं को बलिदान के लिए प्रस्तुत किया।

यातनाओं के बावजूद वे अडिग रहे तथा 24 नवंबर 1675 को चांदनी चौक में अपना शीश दे दिया। गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल सिख इतिहास नहीं, बल्कि भारत की 'सर्वधर्म समभाव' की मूल आत्मा का अमर संदेश है। उन्होंने धर्म, मानवता और स्वतंत्रता की खातिर अपना शीश दे दिया। गुरुद्वारा शीश गंज साहिब आज भी उनके अद्वितीय साहस, त्याग और मानवाधिकारों की रक्षा के प्रतीक रूप में श्रद्धा से स्मरण किया जाता है। ■



कविता

### अपना होना चाहिए गुणगान


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं
जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**बिना** तार के इस जमाने में चलते हैं फोन
लकड़ी बिना जलाए चलती है गैस
कारें बिना चाबी के चल रही
बिना घी के रोटी खाकर कर रहे सब ऐश
बिना ट्यूब के चलते पहिये, बिना बाजू के हो गए परिधान
युवा दर-दर घूमे होकर बेरोजगार
नेताओं को शर्म नहीं जो दें इस बात पर ध्यान
रिश्ते हो गए बेमतलब के , नज़रिया हो गया बेपरवाह
पत्नियों को डर नहीं पति का, उलझते रहते खामखाह
भावनाएं किसी में रही नहीं, शिक्षा हो गई बिलकुल बेकार
संस्कार विहीन हो गए बच्चे, छोड़ दिए बुजुर्ग और घरबार
शान हमारी फिर भी अनोखी, उम्मीदें उड़ती फिरती आसमान
काम कोई नहीं करना चाहता, यह देखकर खामोश हो गई जुबान
खा रहे सब बीपी, मधुमेह की दवाई,संस्कार बिना किस काम की पढ़ाई
संवेदनहीन हो गए परवाह नहीं किसी की, तैयार बैठे रहते हैं करने को लड़ाई
अहंकारी बड़ खुद की इज्जत को देते अधिमान
स्वार्थी और मतलबी हो गया इंसान
अपनी अपनी पड़ी है सबको दूसरों से क्या लेना
अपना ही चाहिए सबको गुणगान

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# हिमाचल की सादगी पर गन कल्चर का साया



**आ**मतौर पर शांत रहने वाले देवभूमि हिमाचल में अब एक अजीब तरह की हलचल महसूस हो रही है। जिस प्रदेश की पहचान सदियों से शांति, सरलता, संयम और सौहार्द से रही, वहां अपराध की ताजा घटनाओं ने हर किसी को परेशान कर दिया है। ऊना में सरेआम हुए गोलीकांड में कांग्रेस के एक नेता की मौत तथा सोलन में दिनहाड़े बेखौफ होकर फायरिंग की घटनाओं से लोगों के मन में असुरक्षा की एक गहरी रेखा खिंच गई है। ये घटनाएं उस सोच का प्रतिबिंब बनकर उभरी हैं, जिसने हिमाचल में भी हथियारों के बढ़ते प्रभाव को जन्म दिया है। यह सवाल आज हर हिमाचली के मन में उठ रहा है कि आखिर ऐसा क्या बदल गया कि पहाड़ों की यह शांत वादियां अब बंदूक की आवाजें सुनने लगी हैं। कहीं यह समस्या बाहरी असर का परिणाम तो नहीं? इन सवालों के साथ यह समझना भी जरूरी है कि पहाड़ और हथियारों का रिश्ता कोई नया नहीं, बल्कि सदियों पुराना है।

हिमाचल में हथियार रखने का रुझान पिछले दो दशकों में बहुत तेजी से बढ़ा है। लगभग 75 लाख की आबादी वाले इस राज्य में आज एक लाख से अधिक लाइसेंसी हथियार दर्ज हैं। यह आंकड़ा बताता है कि औसतन हर 71वें व्यक्ति के पास एक हथियार है। निश्चित रूप से यह स्थिति हैरान करने वाली है। पहाड़ों में तलवारें, बंदूकें और शस्त्र सदियों से सामाजिक प्रतिष्ठा, सुरक्षा और विरासत का हिस्सा रहे हैं। परंपराओं में हथियारों का उल्लेख मिलता है, शिकार खेला जाता था, जंगलों में खतरनाक जानवरों की उपस्थिति सामान्य थी और सुरक्षा का साधन हथियार ही थे, लेकिन आज के समय में जब समाज आधुनिक, सुरक्षित और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत है, तब हथियारों की इतनी अधिक मौजूदगी गहराई से सोचने पर विवश करती है।

अगर हिमाचल के जिलों में मौजूद हथियारों पर नजर डाली जाए तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। लाहौल-स्पीति में लाइसेंसी हथियारों की संख्या सबसे कम महज 241 है। इसके बाद किन्नौर आता है जहां 1463 हथियार दर्ज हैं। ऊना में 5122 और हमीरपुर में 5741 लाइसेंसी हथियार मौजूद हैं। बिलासपुर और सोलन में यह संख्या करीब 6000 के आसपास है। चंबा में 4697 और कुल्लू में 6520 हथियार पंजीकृत पाए गए हैं। सिरमौर जिले में यह संख्या 7854 है। इसके बाद मंडी जिला आता है जहां 92253 लाइसेंसी हथियारों का आंकड़ा दर्ज किया गया है। यह संख्या बहुत बड़ी है और राज्य में हथियारों के चलन को एक अलग ही दृष्टिकोण देती है। शिमला में 16392 हथियार, जबकि कांगड़ा में 18412 हथियार रजिस्टर्ड हैं। हालांकि ये आंकड़े उस वक्त के हैं जब 2022 में विधानसभा चुनाव हुए थे तथा राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश पर विभिन्न जिलों में ये हथियार जमा हुए थे। जाहिर सी बात है कि उसके बाद पिछले तीन सालों में और भी ज्यादा मात्रा में हथियार बढ़े होंगे, जो यह बताते हैं कि हथियार आज हिमाचल की सामाजिक संरचना का एक प्रमुख हिस्सा बन चुके हैं।

इतिहास पर नजर डालें तो पहाड़ों और हथियारों का रिश्ता बहुत पुराना है। इतना पुराना कि यह कभी-कभी अविश्वसनीय भी लगता है। कुल्लू का मशहूर नगर कैसल महज एक बंदूक के बदले में बिक गया था। 1846 में जब अंग्रेजों ने कुल्लू और कांगड़ा पर कब्जा कर लिया, तब कुल्लू के राजा ज्ञान सिंह ने अपने शाही किले को प्रथम शाही आयुक्त मेजर 'हे' को केवल एक बंदूक के बदले में सौंप दिया था। यह घटना बताती है कि उस दौर में हथियार का मूल्य केवल सुरक्षा का नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा का भी प्रतीक था। बाद में वही किला मेजर 'हे' ने ब्रिटिश सरकार को बेच दिया और लंबे समय तक ग्रीष्मकालीन न्यायालय के रूप में इस्तेमाल होता रहा। यह घटना हिमाचल में बंदूक प्रेम की प्राचीन मानसिकता को उजागर करने के लिए काफी है।



**यथार्थ**

समरजीत

समय बीतने के साथ हथियारों के प्रति यह रुचि कम नहीं हुई, बल्कि आधुनिक युग में और बढ़ गई। पिछले दस वर्षों में हिमाचल में लाइसेंसी हथियारों की संख्या तीन गुना बढ़ी है। यह कोई मामूली वृद्धि नहीं है। इसका अर्थ है कि हर वर्ष हजारों लोगों ने हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन किया और उसे प्राप्त भी किया। इससे पता चलता है कि सुरक्षा, प्रतिष्ठा और शौक, तीनों के लिए ही हथियार हिमाचल में एक महत्वपूर्ण तत्व बन चुके हैं। आश्चर्य की बात है कि हिमाचल केवल हथियार खरीदने में ही आगे नहीं है, बल्कि हथियार बनाने में भी प्रदेश का एक लंबा इतिहास रहा है। मंडी के सौली खड्ड स्थित औद्योगिक केंद्र में मैसर्ज वीर सिंह एंड कंपनी 1950 से बंदूकें बनाती रही है। इसके अलावा मंडी में प्रेम संस एंड सागर नाम की एक और कंपनी 1971 से हथियार निर्माण करती रही। हालांकि, रेल सुविधा न होने के कारण वहां आधुनिक हथियार निर्माण का विस्तार संभव नहीं हो पाया।

हिमाचल के हथियार निर्माण उद्योग में वास्तविक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब सिरमौर जिले के नाहन में शेख आर्म्स एंड एम्युनिशन प्राइवेट लिमिटेड को पिस्टल बनाने का लाइसेंस मिला। यह देश की पहली ऐसी निजी कंपनी बनी जिसे आजादी के बाद हथियार बनाने की अनुमति मिली। यह फैक्ट्री कई दशकों से बारूद और उससे जुड़े उत्पाद बनाती आई थी, लेकिन आजादी के बाद पिस्टौल निर्माण का अधिकार उससे छिन गया था। 2018 में उसके आवेदन को मंजूरी मिली और उन्होंने अपनी पीढ़ियों की विरासत को आगे बढ़ाने का काम फिर से शुरू किया। शंभुवाला में मारकंडा नदी के किनारे स्थित इस गन फैक्टरी की विशेषता यह है कि यहां हथियारों के लगभग सभी पुर्जे बनाए जाते हैं। बंदूकें बनाने के लिए मशीन जर्मनी से लाई गई थी, लेकिन बाकी हर चीज मेड इन इंडिया है। इस फैक्ट्री की 'फिनिक्स फायर' पिस्टौल देश में बेहद लोकप्रिय हो चुकी है। अब तो यहां 18 राउंड वाली पिस्टौल भी बन रही है।

जहां एक ओर कानूनी हथियारों की बढ़ती संख्या है, वहीं दूसरी तरफ अवैध हथियारों का दुरुपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है। शायद यही वह मिश्रण है जिसने हिमाचल में गन कल्चर के विस्तार को बढ़ावा दिया है। यह बात गौर करने योग्य है कि भारत में हथियार रखने के लिए सख्त नियम हैं। आर्म्स एक्ट 1959 के अनुसार कोई भी व्यक्ति 21 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद ही लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदनकर्ता का पिछले पांच साल के दौरान किसी अपराध में शामिल न होना जरूरी है। उसके मानसिक स्वास्थ्य का प्रमाण भी मांगा जाता है और यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि वह सार्वजनिक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा तो नहीं है। लाइसेंस मिलने के बाद हथियारों का उपयोग भी नियमों के दायरे में ही करना होता है। 2019 में संशोधित कानून के तहत एक व्यक्ति केवल दो हथियार तक ही रख सकता है और लाइसेंस की अवधि बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई। किसी भी बंदूक को निर्माता के नाम या स्टैम्प आइडेंटिफिकेशन के बिना बेचना या खरीदना सख्त वर्जित है।

दुनिया के कई देशों में हथियार रखने को लेकर इससे भी सख्त नीति है। ब्रिटेन में 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद ही फायर आर्म्स रखने की अनुमति है, परंतु सार्वजनिक जगहों पर उसका उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। जापान में बिना ठोस कारण और कड़े दस्तावेजी प्रमाणों के हथियार रखना लगभग नामुमकिन है। ऑस्ट्रेलिया में सैन्य कर्मियों और कलेक्टर्स को छोड़कर कोई भी आम व्यक्ति आसानी से हथियार नहीं रख सकता। दक्षिण अफ्रीकी देश उरुग्वे में हथियारों की बिक्री की अनुमति है, जबकि कनाडा में लाइसेंस के साथ-साथ उसके दुरुपयोग को रोकने के सख्त कानून हैं। इन उदाहरणों से यह साफ होता है कि हथियारों को लेकर दुनियाभर में गंभीरता बढ़ रही है और उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए लगातार नियम कड़े किए जा रहे हैं लेकिन भारत में, विशेषकर हिमाचल में, सवाल यह है कि जब बंदूकें केवल आवश्यकता के आधार पर ही दी जाती हैं तो फिर गन कल्चर के बढ़ने की वजह क्या है? इसका जवाब हिमाचल के बदलते सामाजिक ढांचे में मिलता है। बाहरी राज्यों से अपराधी समूहों का प्रवेश, बढ़ता निर्माण और विकास, बाहरी मजदूरों व युवाओं का आगमन, सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन की प्रवृत्ति और युवाओं में बढ़ रही आक्रामकता जैसे कई कारण गन कल्चर को बढ़ावा दे रहे हैं। कुछ साल पहले तक जहां हिमाचल में गोलीकांड सुनना भी दुर्लभ था, अब साल-दर-साल ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। यह केवल हथियारों की उपलब्धता नहीं, बल्कि मानसिकता में आए बदलाव का संकेत है।

ऊना और सोलन की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्थिति अब केवल शौक या विरासत तक सीमित नहीं रह गई है। हथियारों का गलत हाथों में पहुंचना समाज के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। हिमाचल में गन कल्चर की यह बढ़ती लहर कानून व्यवस्था पर भारी दबाव डाल रही है। पुलिस और प्रशासन से लेकर राजनीतिक नेतृत्व तक सबके लिए यह एक चुनौती बन चुका है कि इस प्रवृत्ति को कैसे नियंत्रित किया जाए। जिन लोगों को वास्तव में हथियार रखने की आवश्यकता है, उन्हें लाइसेंस दिया जाना चाहिए लेकिन जो लोग केवल दिखावे या रोमांच के लिए हथियार लेते हैं उनकी समीक्षा अनिवार्य है। साथ ही जिन लोगों के पास पहले से हथियार हैं, उनके नियमित सत्यापन, मानसिक स्थिति की जांच और हथियारों के सही उपयोग की निगरानी भी जरूरी है।

स्थिति का दूसरा पहलू यह भी है कि हिमाचल की शांत संस्कृति को बाहर से आने वाली कुछ प्रवृत्तियां भी प्रभावित कर रही हैं। बाहरी राज्यों में जहां गन कल्चर लंबे समय से गहरा रहा है, वहां से आए कुछ लोग इस संस्कृति को पहाड़ों में भी अनजाने में ले आए। समय के साथ युवाओं में सोशल मीडिया के जरिए हथियारों के प्रति आकर्षण भी बढ़ा है। कुछ वीडियो, गाने और कंटेंट युवाओं की मानसिकता पर गहरा असर डाल रहे हैं। एक ओर वे इसे शक्ति, दबदबे और रुतबे का प्रतीक मानते हैं वहीं दूसरी ओर हथियारों के सही उपयोग की समझ उनमें नहीं होती। यह स्थिति बेहद खतरनाक है। गन कल्चर का सबसे बड़ा प्रभाव समाज की सुरक्षा और शांति पर पड़ता है। एक गोलीकांड सिर्फ एक अपराध नहीं होता, बल्कि यह एक मानसिक झटका होता है। इससे समाज का भरोसा हिलता है, लोगों में डर पैदा होता है और प्रशासन के लिए नई चुनौतियां खड़ी होती हैं।

सरकार इस बदलती हवा को पहचाने और समय रहते कदम उठाए। प्रशासन को लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को और पारदर्शी तथा कठोर बनाना होगा। हथियार रखने की आवश्यकता का गहराई से विश्लेषण होना चाहिए। पुलिस को अवैध हथियारों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# सोच परिवर्तन से ही आएगा महिला उत्पीड़न मामलों में सुधार

**अं**तरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवंबर को मनाने के साथ ही 16 दिवसीय अभियान 25 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा से मुक्त करने और जागरूकता लाना है। भारतीय संविधान में पुरुष व महिला दोनों को बराबर मौलिक अधिकार परिभाषित किए गए हैं। घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और कार्यस्थल यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध हिंसा अधिनियम 2013 द्वारा महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न, शोषण में न्याय दिलाने हेतु दोषियों को सजा का प्रावधान निर्धारित है, लेकिन, इसके बावजूद महिलाओं और लड़कियों को घरेलू हिंसा, धमकी, गाली-गलौच, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना जैसे खतरों का सामना करना पड़ता है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में प्रतिदिन 3 में से 1 महिला किसी न किसी रूप में शोषण का शिकार हो जाती है। यह गुनाह परिवार सदस्य परिचित लोगों द्वारा ही किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में यौन शोषण के 895 मामले दर्ज हुए हैं। 52 प्रतिशत परिचित व परिवार सदस्य, 24 प्रतिशत दोस्ती, 16 प्रतिशत शादी का झांसा, 4 प्रतिशत लिव इन रिलेशन व 2 प्रतिशत बलात्कार जैसे कारणों द्वारा घटित हुए, समाज की शर्मनाक तस्वीर है। दोषियों को सजा मिले, परंतु सवाल यह भी है कि पीड़ित महिलाओं और लड़कियों की मानसिकता पर क्या असहनीय प्रभाव पड़ता होगा? पीड़िता जीवन भर कुंठा सहती रहेगी, क्या उचित है? सोचनीय सवाल है।



योगेश कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

घरेलू व कार्य स्थल उत्पीड़न मामले घटित होते हैं, परंतु अधिकतर मामले सार्वजनिक नहीं हो पाते। मामले जो सार्वजनिक होते हैं, उनका प्रतिशत कम रहता है। घरेलू व कार्यस्थल हिंसक घटनाओं से उस परिवार के बच्चों में विपरीत प्रभाव पड़ता है और बच्चों में भी वही संस्कार आ जाते हैं। हिंसक मामले से कितनी पीड़ा मिलती है, उसका आकलन करना मुश्किल है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक गंभीर व व्यापक समस्या है। जिस परिवार में हिंसक जैसी स्थिति बनती है, वहां निरंतर खिंचातानी चली रहती है। कानूनी दायरे में रहकर हिंसक घटनाओं का समाधान खोजा जा सकता है, परंतु उस महिला की मानसिक पीड़ा तथा परिवार में पैदा अस्थिरता को सुधारना मुश्किल है। गाली गलौच, मारपीट जैसी घरेलू हिंसाएं जब परिवार में शुरू हो जाती हैं, तो उनका अंत नहीं होता, बल्कि उलटे दुष्परिणाम पनपते हैं। यहां तक कि उत्पीड़न महिला स्वयं भी हिंसा पर उतारू हो जाती है, जिस से परिवार में अत्यधिक व गंभीर हिंसक स्थिति पैदा होने के कारण पुरुष भी महिला के शिकार हो जाते हैं। परिणाम के तौर पर परिवार में महाभारत शुरू हो जाता है। हिंसा का ताजा उदाहरण मंडी शहर का है, जहां पति ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया। पति जेल में व पत्नी मृत्युशैय्या पर बैठी, दोनों पीड़ा झेल रहे हैं और उनके बच्चे माँ बाप के होते अनाथ हो गए। विवादों के कारण उपजे परिदृश्य से परिवार तहस नहस हो जाते हैं।



वैसे दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा मामलों में प्रतिवर्ष कमी दर्ज हो रही है जो की सुखद संदेश माना जाएगा, लेकिन यौन शोषण मामले में अभी भी आंकड़े चिंताजनक दिख रहे हैं। दोषी को जल्दी और कठोर सजा मिले तो अपराध यौन शोषण के मामले रुक सकते हैं। महिला पुलिस थानों की सख्त, यता से घरेलू हिंसक मामलों में 90% तक समझाने से हल निकाल कर उन लोगों की गृहस्थी को बचाया जा रहा है। पुलिस का सराहनीय कदम है। परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के प्रति आदर भाव रखें और परिवार कि मजबूरियां समझे, तो घरेलू हिंसा शून्य हो सकती है। गृहस्थ जीवन के लिए आपसी सामंजस्य की जरूरत होती है। परिवार में खुशहाल वातावरण रहे तो बच्चों को भी अच्छे संस्कार मिलेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गुरु तेग बहादुर जी : हिंद की चादर, धर्मस्वतंत्रता और मानवता के प्रतीक

**मु**गल शासनकाल में औरंगजेब की कट्टर नीतियों ने भारतीय संस्कृति, आस्था और धार्मिक स्वतंत्रता को गहरी चोट पहुंचाई। मंदिरों का विध्वंस, जबरन धर्म परिवर्तन और निर्दोष लोगों की हत्या उस अत्याचारी शासन की पहचान बन चुकी थी। यह वही काल था जब सिखों के नौवें गुरु-गुरु तेग बहादुर साहिब को भी सरेआम शहीद कर दिया गया।

गुरु तेग बहादुर जी का जन्म 18 अप्रैल 1621 को अमृतसर में माता नानकी और छठे गुरु हरगोबिंद जी के घर हुआ। बचपन का नाम त्याग मल था। कुल पांच भाई-बहनों में वे सबसे छोटे थे। बचपन से ही निर्भीक, शांत और वैराग्य स्वभाव रखने वाले त्याग मल ने 14 वर्ष की अवस्था में मुगलों के विरुद्ध करतारपुर के युद्ध में साहसिक भूमिका निभाई। उनकी वीरता से प्रभावित होकर पिता ने उन्हें नाम दिया तेग बहादुर (तलवार के धनी)। 1633 में उनका विवाह बीबी गुजरी से हुआ। आध्यात्मिक चिंतन और जनसेवा में उनकी गहरी आस्था थी। आनंदपुर साहिब से लेकर कीरतपुर, रोपड़, सैफाबाद, खिआला, दमदमा, कुरुक्षेत्र, प्रयाग, काशी, पटना से असम तक उन्होंने व्यापक यात्राएं कीं। इन यात्राओं के दौरान वे केवल धर्म का उपदेश ही नहीं देते थे, बल्कि कुएं खुदवाना, धर्मशालाएं बनवाना और रास्तों का निर्माण जैसे जनकल्याण के कार्य भी करते थे। 1666 में जब गुरु जी असम में थे, उसी दौरान पटना साहिब में उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह का जन्म हुआ।



डॉ. कमल के प्यासा
स्वतंत्र लेखक, समस्खेतर
जिला मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

औरंगजेब ने जब कश्मीर में हिंदुओं को जबरन इस्लाम कबूल करवाने का फरमान जारी किया, तब अत्याचारों से त्रस्त कश्मीरी पंडित सहायता की आशा में गुरु तेग बहादुर जी के पास आनंदपुर पहुंचे। गुरु साहिब ने उन्हें सांत्वना देते हुए आश्वस्त किया-मैं स्वयं दिल्ली जाकर बादशाह से बात करूंगा, तुम चिंता मत करो, परंतु यह संवाद औरंगजेब के जासूसों ने उसे पहुंचा दिया। परिणामस्वरूप गुरुजी को दिल्ली पहुंचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया और बादशाह के सामने पेश किया गया।



औरंगजेब ने अनेक लालच दिए, फिर भी गुरुजी नहीं डिगे। धर्म परिवर्तन के आदेश पर गुरु ने स्पष्ट कहा-मैं अपना सिर कटवा सकता हूं, पर अपने केस नहीं कटवा सकता। यह ओडिग उत्तर सुनकर औरंगजेब आगबबूला हो उठा। काजी द्वारा फतवा पढ़ते ही जल्लाद ने गुरु जी का शीश धड़ से अलग कर दिया। बताया जाता है कि 11 नवंबर 1675 को दिल्ली के चांदनी चौक (शीश गंज) में यह अमानवीय कृत्य किया गया। गुरु जी की देह का अंतिम संस्कार रकाब गंज में हुआ, जबकि शीश को चोरी-छिपे आनंदपुर ले जाकर मिट्टी में दफनाया गया। गुरु तेग बहादुर की शहादत ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा कर दी। औरंगजेब के अत्याचार बढ़ते जा रहे थे। ऐसे में 1687 में गुरु गोबिंद सिंह ने पहाड़ी राजाओं को साथ लेकर अलिफ खान को पराजित किया। 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर उन्होंने मुगल सत्ता के विरुद्ध संघर्ष को नई दिशा और शक्ति प्रदान की। गुरु तेग बहादुर मानवता, सत्य, धार्मिक स्वतंत्रता और नैतिकता के प्रतीक बने। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच, छुआछूत जैसे सभी भेदों का विरोध किया। वे महान विद्वान, सिद्धांतवादी, सूफी-हृदय संत और निडर योद्धा थे। उनकी लिखित वाणी-116 भजन, 57 श्लोक और 15 राग-गुरु ग्रंथ साहिब में सुरक्षित है। 2022 में भारत सरकार ने उनके 400वें प्रकाश पर्व पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की बात है। गुरु तेग बहादुर का बलिदान भारत की आत्मा में बसने वाली 'सर्वधर्म समभाव', मानवाधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की शाश्वत रक्षा का प्रतीक है। हम सभी उनकी अमर शहादत को शत्-शत् नमन करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए फोकस इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक दीप राज ने सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग के ग्राम पंचायत ममेल बाग-शलाना एवं गिरजण क्षेत्र में विधायक दीप राज कपूर ने जनसमस्याओं को सुना और हाल ही में आई त्रासदी के दौरान हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका दुख-दर्द बांटा और हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। विधायक ने ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात कही तथा अधिकारियों को संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और राहत-सहायता को लेकर अपनी अपेक्षाएं साझा कीं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नेत्र सिंह, भाजपा आईटी सह संयोजक मंडल पीयूष शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान ममेल नारायण सिंह, भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### भेड़पालकों ने मैदानी इलाकों का किया रुख

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बड़ा भंगाल, छोटाभंगाल तथा चौहार घाटी की ऊँची-ऊंची पहाड़ियों में ठंड बढ़ते ही यहाँ के चारागाहों में अपनी भेड़-बकरियाँ चरा रहे सभी भेड़पालकों ने अब मैदानी क्षेत्रों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। छोटा भंगाल घाटी के भेड़पालक रोशन लाल और सरन ने बताया कि अगले लगभग छह माह तक सभी भेड़पालक बिलासपुर, नालागढ़, पिंजोर, कालका, परमाणु, शिमला, हमीरपुर, नूरपुर तथा चिंतपूर्णी आदि क्षेत्रों के जंगलों में अपने नाम से निर्धारित चारागाहों में डेरा जमाए रखेंगे। घाटियों की ऊंची पहाड़ियों से भेड़पालकों का नीचे की ओर आना लगातार जारी है, क्योंकि मैदानी क्षेत्रों के जंगलों में मौसम अनुकूल होने के साथ-साथ चारा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहता है। दुखद बात यह है कि बड़ा भंगाल, छोटा भंगाल तथा चौहार घाटी के भेड़पालकों को शिमला, कुल्लू तथा आनी क्षेत्रों के भेड़पालकों की तरह भेड़-बकरी पालन के लिए आवश्यक सरकारी सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध नहीं करवाई जातीं।

### जाइका परियोजना के तहत किसान किए जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जाइका) ने कैहड़ की बहाव सिंचाई योजना और उथला नलकूप सिंचाई योजना क्षेत्र में किसानों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। जिला परियोजना प्रबंधक इकाई मंडी के अंतर्गत इस कार्यक्रम में किसानों को स्थानीय भाषा में सरल और रोचक तरीके से विभिन्न कृषि संदेश प्रदान किए गए। नाटक के माध्यम से किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने, नकदी फसलों की ओर बढ़ने और आधुनिक कृषि पद्धतियों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि पारंपरिक खेती के साथ सब्जियों और मसालों जैसी फसलों का उत्पादन कर आय में वृद्धि की जा सकती है। साथ ही, स्थानीय बाजारों और सब्जी मंडियों से जुड़े रहने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कुहल निर्माण, उसका रखरखाव और सिंचाई व्यवस्था के महत्व को भी मनोरंजक शैली में समझाया गया। एसएचजी के तहत सिर्फ फसल उगाने नहीं, बल्कि बाजार की मांग के अनुसार फसल उगाने का संदेश किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार खंड परियोजना प्रबंधक, कृषि विशेषज्ञ अमित शर्मा, भामिनी शर्मा, कृषक विकास संघों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

### कैडेट्स ने स्वच्छ भारत पर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर की एनसीसी इकाई ने रविवार को एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता से हुई, जिसके उपरांत कैडेट्स ने स्वच्छ भारत पर रैली निकाली और बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैडेट्स के मनोरंजन के लिए डॉज बॉल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसे बीपीएड की छात्रा स्वीटी की देखरेख में संपन्न करवाया गया, जिसमें प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष तथा रैंक पार्टी की चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर तथा रैंक पार्टी द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर एएनओ लेफ्टिनेंट कमलेश सेन, एनसीसी बटालियन से आए हवलदार चमनलाल, फॉर्मल सीनियर अंडर ऑफिसर कुशल ठाकुर, रोहित ठाकुर, सीनियर अंडर ऑफिसर समक्ष सेन, अंडर ऑफिसर शिवांश सेन, माधवी, क्वार्टर मास्टर सार्जेंट धर्मेश, सुनिधि ठाकुर, सार्जेंट यामिनी और जेनिथ, कॉर्पोरल नीलम, आदित्य, शालू, लेस कॉर्पोरल नाजिया, हिना तथा बीपीएड की छात्राएं सहित लगभग 93 कैडेट्स उपस्थित रहे।

### भाजपा बरोट बूथ की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, बरोट।** भाजपा के बरोट बूथ के मीडिया प्रभारी चमेल चौहान ने बरोट पंचायत के अंतर्गत आने वाले भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ताओं को सूचित किया है कि पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए 24 नवंबर को पार्टी की बैठक निर्धारित की गई है। बैठक के अनुसार दोपहर साढ़े बारह बजे दुर्गा बरोट में स्थित दुर्गा माता मंदिर में एकत्रित होकर बरोट बूथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी।

### अख्तर एनएसयूआई के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर इकाई में जुबेर अख्तर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन की युवा टीम को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अपनी नियुक्ति पर जुबेर अख्तर ने एनएसयूआई के प्रदेश नेतृत्व तथा मंडी जिला अध्यक्ष अनित जसवाल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उसे पूरे समर्पण, मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगे। जुबेर अख्तर पिछले तीन वर्षों से एनएसयूआई में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया और छात्र समुदाय की बेहतरी के लिए अनेक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली और सरल स्वभाव ने उन्हें छात्रों के बीच एक मजबूत पहचान दिलाई है। नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में वे कैंपस में छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने, संगठन का विस्तार करने और छात्र हितों की आवाज को और अधिक धार देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### नशा मुक्ति संदेश के साथ मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** स्थानीय मेला ग्राउंड में रविवार को आयोजित मैत्रीपूर्ण एंट्री क्रिकेट मैच में तहसील जोगिंदर नगर की टीम ने 4 ओवर शेष रहते व्यापार मंडल की टीम पर शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देना और स्वस्थ खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी व्यापार मंडल की टीम 19.2 ओवर में 161 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से जोनी ने 36 रन और कालू ने 41 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरी ओर गेंदबाजी में पंकज, विजय और प्रताप ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट अपने नाम किए। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तहसील जोगिंदर नगर की टीम की शुरुआत बेहद मजबूत रही। विजय भड़ारी ने आक्रामक अंदाज में 46 रन, अक्षय ने 25 रन तथा तरुण ने 20 रन जोड़कर टीम को जीत के करीब पहुँचाया और टीम ने 4 ओवर पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया।गेंदबाजी में भी तहसील टीम ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। अनिल और तरुण ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि अक्षय ने 1, मदन कुमार ने 2, अभिषेक ने 2 तथा रत्नी राम ने 1 विकेट झटककर व्यापार मंडल की पारी को जल्द समेटने में अहम भूमिका निभाई।मैच के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों को नशा-मुक्ति का संदेश भी दिया गया, जिसमें खेल को स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच का माध्यम बताया गया।

### एनसीसी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ महाविद्यालय मंडी में 77वें एनसीसी दिवस के अवसर पर नशा विरोधी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा इस अभियान के अंतर्गत नारा लेखन, पोस्टर निर्माण तथा रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 2 एचपी बीएन एनसीसी मंडी के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। एनसीसी ऑफिसर डा. बलबीर सिंह ने बताया कि नारा लेखन प्रतियोगिता में 10 कैडेट्स तथा पोस्टर निर्माण में 13 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही लगभग 100 कैडेट्स ने नशा विरोधी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रैली में भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर मंडी शहर के गांधी चौक तक निकाली गई। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डा. संजीव कुमार, फ्लाइंग ऑफिसर चमन लाल, एनसीसी अधिकारी डा. कविता तथा हवलदार राजेश का आभार प्रकट प्रकट किया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की आशा व्यक्त की।

# खेल छात्रावास का हाल बेहाल, जल्द हो सुधार

## गंदगी, अधूरी व्यवस्था और खुला परिसर बना चिंता का कारण, खिलाड़ियों को मिले अच्छी सुविधा

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** शहरी क्षेत्र सुंदरनगर के राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 के पास स्थित खेल छात्रावास (हॉकी) की स्थिति बेहद दयनीय है। लंबे समय से यहां छात्रावास की बिल्डिंग जर्जर और अनुपयुक्त हालत में है। खेल एवं शिक्षा के विकास के लिए यह छात्रावास काफी अहम है, लेकिन वर्तमान हालात खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ आवास की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं।

छात्रावास की छत का बड़ा हिस्सा जर्जर है और हवा में लटका हुआ है। खुले परिसर में आवारा पशु, कुत्ते, गंदगी और कचरे की स्थिति बनी हुई है। बेतरतीब उगी झाड़ियां और प्लास्टिक कचरे, शराब की बोतलें छात्रों के लिए अनुचित माहौल पैदा कर रही हैं। छात्रावास में 30 छात्रों के ठहरने की क्षमता बताई गई है, लेकिन अधूरे स्टाफ और असंगठित व्यवस्था के कारण इसे ठीक से संचालित करना मुश्किल हो रहा है।

छात्रावास परिसर में बनी बॉक्सिंग रिंग भी धूल और गंदगी से भरी हुई है। पुराने समय का एक मंजिला भवन, जिसे खेल छात्रावास बनाने के लिए गिराया गया, अब उपयोग में नहीं है। परिसर में चारदीवारी न होने के कारण आवारा पशु और कचरा परिसर में फैल रहा है।

जानकारों का कहना है कि यह छात्रावास पहले दूर-दराज के छात्रों के लिए ठहरने का प्रबंध करता था, लेकिन अब यह जर्जर हालत में है।



खेल छात्रावास का जर्जर और अव्यवस्थित दृश्य।

इसके साथ ही परिसर की स्थिति ऐसी है कि मानसिक और शारीरिक विकास के लिए छात्रावास का उद्देश्य अधूरा रह गया है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने सरकार और संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए। एक ही छत के नीचे कोच (एनआईएस), कुक, वार्डन और सुरक्षा कर्मी कार्यरत हों, और मैदानों का रख-रखाव इस तरह से हो कि छात्रों को प्रशिक्षण और खेल में कोई बाधा न हो।

सांसद अनुराग ठाकुर और अन्य अधिकारियों की घोषणाओं के बावजूद पहले से बने खेल संस्थानों के कायाकल्प और छात्रावास की आधुनिक बिल्डिंग का काम लंबित है। अब जब खेलो इंडिया जैसी योजनाएं प्रदेश में लागू हो रही हैं, तो छात्रों को उपयुक्त सुविधाएं प्रदान करना और भी जरूरी हो गया है।

स्थानीय नागरिकों और खिलाड़ियों ने हिमाचल प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से पुरजोर मांग की है कि सुंदरनगर के इस खेल छात्रावास का शीघ्र कायाकल्प कर इसे एक आदर्श मॉडल बनाया जाए। यह न केवल छात्रों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करेगा, बल्कि खेल क्षेत्र में प्रदेश के स्तर को भी नई ऊंचाई देगा।

### पेड़ से गिरकर व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पडासला में घास लाते समय पेड़ से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभ दयाल (56) पुत्र बलि राम, निवासी गांव पडासला, डाकघर ब्राग, तहसील सरकाघाट को रविवार देर शाम सिविल अस्पताल सरकाघाट में मृत अवस्था में लाया गया। सिविल हॉस्पिटल सरकाघाट से मिली सूचना के बाद उ.नि. सुकेश कुमार टीम सहित अस्पताल पहुंचे और हालात की तस्दीक की। परिजनों से पूछताछ में बताया गया कि प्रभ दयाल शाम के समय पशुओं के लिए घास लेने घर से थोड़ी दूरी पर जंगल की ओर गए थे। घास काटने के लिए वे पेड़ पर चढ़े थे, जहां पैर फिसलने के कारण वे नीचे झाड़ियों के बीच बेलों में फंस गए। परिजन उन्हें उपचार हेतु तुरंत सिविल अस्पताल सरकाघाट लेकर आए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को नेरचौक पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारम्भिक जांच में मृत्यु का कारण पेड़ से गिरना माना जा रहा है।

## डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाकर चुनाव टाले पर जश्न पर खर्च कर रही करोड़ों : जम्वाल



जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि विधायक राकेश जम्वाल को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के बरोटी, डैहर और जम्बला पंचायतों में मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल द्वारा जनसंपर्क के दौरान लोगों ने साफ कहा कि तीन साल में कांग्रेस सरकार ने किसी भी विकास कार्य को हाथ नहीं लगाया। सड़कें बदहाल हैं, योजनाएं रुकी हुई हैं और राहत कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। क्षेत्र में जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार का ध्यान सिर्फ जश्न पर है।

मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार डिजास्टर एक्ट का हवाला देकर पंचायत व निकाय चुनावों को टाल रही है, जबकि उसी प्रदेश में सरकार अपने तीन साल के जश्न के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। जब आपदा राहत के लिए पैसा नहीं है, पुनर्निर्माण के नाम पर काम नहीं हो रहा, तब इस जश्न का क्या औचित्य है? जम्वाल ने कहा कि मंडी आपदा से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं, जहां अभी तक न राहत पहुंची, न पुनर्निर्माण हुआ। कई परिवार अभी भी मदद का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे समय में तीन साल का जश्न मनाना जनता के साथ धोखा है। सरकार ने इस क्षेत्र की पूरी तरह अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार तीन साल में अपनी एक भी ऐसी योजना नहीं बता पा रही है जिसकी चर्चा जनता में हो या जिसने हजारों लोगों को लाभ पहुंचाया हो। वहीं भाजपा सरकार की हिमकेयर, गृहिणी सुविधा, सहारा, स्वावलंबन, शगुन व जन मंच जैसी योजनाएं आज भी जनता की उम्मीद बनी हुई हैं, जिन्हें कांग्रेस ने बंद कर दिया।

## कोटली खंड में विराट हिंदू सम्मेलन में भारी सहभागिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कोटली खंड में रविवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध, हिंदुत्व तथा पंच परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष अनुपमा सिंह, पूर्व वाइस चांसलर एसपीयू मंडी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने युवाओं तथा महिलाओं को प्रेरित करते हुए समाज में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। यह आयोजन नालसन स्थित देव सतबालाकामेश्वर मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ, जहां ग्राम पंचायत साई, सहेली और बग्गी तुंगल की सम्मानित जनता ने उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में रेवत (संघ संचालक कोटली), प्रदीप सिंह (सह जिला कार्यवाह मंडी), दूनी चंद (सह विभाग कार्यवाह मंडी विभाग) और हरि सिंह (कार्यक्रम के आयोजक) ने अपने प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से समाज में एकता, कर्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक परिवर्तन पर विशेष जोर दिया।



## राज्यस्तरीय महिला पेंचक सिलाट नगर लीग का समापन

## महिला खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट कौशल



राज्यस्तरीय महिला पेंचक सिलाट नगर लीग के समापन समारोह में प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पड्डल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय महिला पेंचक सिलाट नगर लीग के समापन समारोह में बड़ी संख्या में महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रेरक प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण तथा पेंचक सिलेट संघ हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. अनुपमा प्रो उपकुलपति, एसपीयू मंडी उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने संबोधन में आत्मरक्षा को विद्यालयों में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि बदलते समय में महिला सुरक्षा और महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और ऐसी प्रतियोगिताएं महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत पहल हैं। इस सफल आयोजन के लिए आयोजक पारस वैद्य और उनके संपूर्ण दल को हार्दिक बधाई दी गई, साथ ही प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों के समर्पण को इस प्रतियोगिता की सफलता का प्रमुख आधार बताया गया। समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और आयोजकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और यह आयोजन हिमाचल प्रदेश में महिला खेलों तथा आत्मरक्षा जागरूकता को नए आयाम प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

### एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल चंदेश सरकाघाट में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025-26 उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि पवन कुमार ठाकुर (सेवानिवृत्त सार्जेंट, भारतीय वायुसेना; चेयरमैन, जाइका वन समिति, कथोगन) ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया, जबकि अन्य विशिष्ट अतिथियों बाबू राम शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, डॉ. सतपाल शर्मा, सुपरिटेंडेंट नेक राम तथा डॉ. वीर विक्रम सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन मूल्यों पर अपने विचार रखे। विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों में नर्सरी से आराध्या, पुरव और कार्तिक, एलकेजी से विवान, मनजीत, आदित्य और साद्विक, यूकेजी से शिवान्या और अन्वी, पहली कक्षा से लुव्यांशी, विहान और गौरवी, दूसरी कक्षा से यक्षित और कव्यांश, तीसरी कक्षा से अरमान और मोहित; चौथी कक्षा से काव्या, पांचवी कक्षा से आथर्व और आदित्य, छठी कक्षा से मिशेल और दिवांश तथा सप्तम से अश्वनी और अनुप्रिया प्रमुख रहे। अन्य स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों दिव्यांश, इशिता, विवान पाट्याल, शारद्धा, नवांग, शिवांश, दिशा, आफरीन, अर्नव, आयुष, अमैरा, कनिष्का, रोहणी, पारिधि, श्रेया, आयशा, अक्षत, आर्यन आदि को भी सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार गौतम ने विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जबकि निदेशक पीसी ठाकुर ने संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को विद्यालय का मूल लक्ष्य बताया। चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, स्टाफ व समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता समाज और विद्यालय परिवार के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान प्रस्तुत देते हुए नौनिहाल।

## उपायुक्त ने नवाजे बुराहटा स्कूल के मेधावी

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** राजकीय उच्च पाठशाला बुराहटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बतौर मुख्यातिथि शरीक किया और पाठशाला के मेधावीयों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि हिप्र राज्य सहकारी बैंक के निदेशक केशव नायक रहे।

इस मौके पर स्कूल की मुख्यध्यापिका ममता चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल में हुई सालभर की गतिविधियों और अन्य विकास कार्यों का ब्यौरा रखा। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां पेश कर सबका खूब मनोरंजन किया। उपायुक्त ने समारोह के दौरान स्कूल में निर्मित दो कमरों का लोकार्पण किया और बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी।

मुख्यातिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, 'आज आप सभी का दिन है, और मैं आपके बीच आकर बहुत खुश हूं। हर बच्चा खास होता है, और हमें आपकी प्रतिभा को पहचानकर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। शिक्षा ही वह शक्ति है जो आपको अपने सपनों को पूरा करने में मदद करेगी। मैं आपको मोबाइल का सही उपयोग करने और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देता हूं। आप सभी का उज्ज्वल भविष्य हो, यही मेरी कामना हैं।' मुख्यातिथि ने इस अवसर पर पौधे का रोपण भी किया।

समारोह में जिन मेधावी छात्र छात्राओं को मंच से सम्मानित किया उनमें जिया ठाकुर, मिताली, वरुण ठाकुर, मुस्कान, तनीश, गीतांश गुलेरिया, नवीन, रितिका, मनीषा, प्रांजल, बाजपेई, मिताली ठाकुर, अभय कश्यप, राघवी ठाकुर, पलक, रमन, हर्षिका, डिम्पल, आदित्य, लतिका, मनन, वर्षा, यश कुमार, चांदनी, पुष्प राज, धीरज, निशा, जागृति, सीमा, चक्षु, भूमिका और पीयूष इत्यादि छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर एसडीएम गोहर बचित्र सिंह ठाकुर, बीडीओ गोहर सरवन कुमार कौंडल, डीएफओ नाचन सुरेंद्र कश्यप, एसएमसी अध्यक्ष कुंदन लाल सहित अभिभावक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



बुराहटा स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान उपायुक्त मंडी व गणमान्य।

### सहायता | मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना से बनेगा करसोग की 12 महिलाओं का आशियाना

# घर बनाने के लिए 36 लाख स्वीकृत, पहली किस्त जारी

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** वंचित वर्गों की सामाजिक सुरक्षा व समान अवसरों की दिशा में राज्य सरकार निरंतर सार्थक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना राज्य की उन महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आई है, जो विषम परिस्थितियों में अकेले जीवन यापन करने के लिए विवश हैं। राज्य सरकार उन्हें घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की मदद दे रही है।

योजना का उद्देश्य विधवा एवं एकल नारियों को को आवास सुविधा प्रदान करना है। विधवा या 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की ऐसी अविवाहित अथवा परित्यक्त महिलाएं जिनके पास रहने योग्य घर नहीं है, इस योजना का लाभ ले सकती हैं। इसके अतिरिक्त, वे महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र हैं जिनके पति पिछले सात वर्षों से लापता हैं। राज्य सरकार ऐसी पात्र लाभार्थी महिलाओं को 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता गृह निर्माण के लिए उपलब्ध करवाती है, ताकि वे सम्मानजनक तरीके से अपना जीवन व्यतीत कर सकें।



लाभार्थी को डेढ़ लाख रुपए का चेक भेंट करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

योजना के तहत आवेदक की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्रता सुनिश्चित होने के बाद लाभार्थियों को तीन लाख रुपए की राशि दो किस्तों में प्रदान की जाती है। पहली किस्त में 1.50 लाख रुपए और शेष राशि घर के छत स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण होने पश्चात दूसरी किस्त के रूप में प्रदान की जाती है। मंडी जिला के करसोग उपमंडल की 12 पात्र महिलाओं को योजना के अंतर्गत घर बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से कुल 36 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक महिला लाभार्थी को तीन-तीन लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। प्रथम किस्त के रूप में 1.50 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा हाल ही में अपने करसोग दौरे के दौरान इन पात्र महिलाओं को प्रदान की गई है। इस पहल से न केवल इन महिलाओं के जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा की भावना जगी है, बल्कि इन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त कदम आगे बढ़ाए हैं।

अनिता कुमारी ने कहा कि अब उन्हें, अपने व बच्चों के लिए पक्का घर होने का सपना साकार होता दिख रहा है। सुनीता देवी ने कहा कि यह योजना उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा सहारा बनी है। प्रेमी देवी व रिशा देवी ने कहा कि अब उन्हें, अपने सिर पर स्थायी छत का भरोसा मिला है, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और राज्य सरकार की आभारी हैं।

#### इन लाभार्थियों को मिला योजना का लाभ

**लाभार्थी** महिलाओं में अनिता कुमारी (सालना), सुनीता देवी (कोट), रिशा देवी (खोलतू), प्रेमी देवी (रेहा), सपना देवी (स्नेच), चंद्रावती (दगाव), रीमा देवी (डोबा), खेमदासी (नेहरा), प्रेम कली (ममेल), कल्पना (घाड़ी), कल्लू देवी (बेलर) और डुली देवी (चलाहणी) शामिल हैं। इन सभी को गृह निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

#### राज्य सरकार की एक सशक्त पहल

**मुख्यमंत्री** की संवेदनशील सोच से शुरू हुई इस योजना का लक्ष्य समाज के वंचित वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना है। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना, सरकार की प्राथमिकता है। विधवा एवं एकल नारी आवास योजना इसी दृष्टि से एक सशक्त पहल है, ताकि लाभार्थी महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

### बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** ला मोंटेसरी विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से मुख्य अतिथि डीसी मंडी अपूर्व देवगन और विशिष्ट अतिथि एसडीएम स्मृतिका नेगी ने किया। विद्यालय की प्रबंधक ललिता कंवर और शैक्षणिक निदेशक उदय कंवर ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय, रेट्रो, बॉलीवुड, पंजाबी भांगड़ा और हरियाणवी लोक नृत्य सहित विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां दीं। गणेश वंदना और रंगारंग नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की कलात्मक प्रतिभा और ऊर्जा ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

वार्षिकोत्सव में शैक्षणिक और खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को डीसी और एसडीएम ने पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानाचार्या निशा ठाकुर ने छात्रों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा मिला।

# पारंपरिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ उपमुख्यमंत्री की बेटी का विवाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री की शादी आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा के साथ ऊना में हुई।

शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुई। इसमें परिवार और खास मेहमान शामिल हुए। बेटी की विदाई के समय उपमुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने बेटी को विदा करने के बाद उन भावुक पलों को सार्वजनिक तौर पर झलकने नहीं दिया, लेकिन पिता का दिल जो मां का फर्ज भी निभा रहा था उस भावना को चेहरे से नहीं हटा सके। खुशी के साथ जो कमी खली वह जिंदगी भर के लिए थी, लेकिन दिवंगत प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री ने अपने चित्रों के माध्यम से विवाहोत्सव के हर लम्हे में मौजूदगी का अहसास दिलाया। इस विवाहोत्सव के माध्यम से कई संदेश दुनिया को देकर हिमाचल के संवेदनशील नेता मुकेश अग्निहोत्री ने सबका दिल जीत लिया। जिला ऊना में धर्मशाला-चंडीगढ़ हाईवे पर बहडाला स्थित गुलमोहर ग्रैंड होटल में शादी समारोह हुआ। डॉ. आस्था आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा के साथ शादी के बंधन में बंधीं। आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा व उनका परिवार दिल्ली से पहुंचा। वह शाम को 7:55 बजे ऊना के आरआर रेजीडेंसी होटल से बरात लेकर निकले और सवा आठ बजे तीन किलोमीटर दूर ग्रैंड गुलमोहर होटल में पहुंचे, जहां पर बरात का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद होटल में शादी की रस्में हुईं। सुबह उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गोंदपुर जयचंद स्थित अपने आवास से बेटी की डोली को विदा किया। इस दौरान पिता मुकेश भावुक भी हो गए। आस्था की माता प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री का गत वर्ष निधन हो गया था। मुकेश ने ही माता का फर्ज भी निभाया।


मुकेश अग्निहोत्री अपनी बेटी और दामाद के साथ।


डॉ. आस्था अग्निहोत्री आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा के साथ गणमान्य।


सांसद अनुराग मुकेश अग्निहोत्री के साथ।

### सीएम व अनुराग सहित ये नेता पहुंचे शादी समारोह में

**समारोह** में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष पंजाब प्रताप सिंह बाजवा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त, कांग्रेस नेता मनीष चतरथ, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा, कांगड़ा बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह समेत कई पूर्व मंत्रियों एवं कई विधायकों ने भाग लिया।

### नौ नवंबर को हुई थी रिसेप्शन

**इससे** पहले गोंदपुर जयचंद में नौ नवंबर को आयोजित आशीष उत्सव में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल पत्नी सहित शामिल हुए थे। इस दिन धाम यानी रिसेप्शन का आयोजन किया गया था। 13 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रस राजजी महाराज ने गोंदपुर जयचंद में आयोजित विशाल समारोह में श्री सुंदरकांड का प्रवचन व पाठ करवाया। इन्हीं आयोजनों की कड़ी में गोंदपुर जयचंद में स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर हल्दी, मेहंदी और जागो जैसी पारंपरिक रस्मों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों, महिलाओं और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही।

# एनसीसी, एनएसएस कार्यक्रमों ने पेश की अनुशासन-देशभक्ति की मिसाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धुंदला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह अत्यंत भव्यता, अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्यातिथि उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंगाणा सोनू गोयल का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य किशोरी लाल, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यातिथि द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन तथा शहीद बृजेश कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्रशासन ने मुख्यातिथि को समिति चिन्ह व स्मृति प्रतीक भेंट कर सम्मान प्रदान किया, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण रहा। अनुशासन और समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन मन मोह गया मार्चपास्ट, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एंड गाइड तथा एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित एवं प्रभावशाली मार्चपास्ट ने वातावरण में देशभक्ति और ऊर्जा का संचार कर दिया। कदम-कदम मिलाते इन युवा कैडेट्स ने उपस्थित अभिभावकों, गणमान्यों और मुख्य अतिथि का मन पूरी तरह जीत लिया। प्रधानाचार्य ने उपलब्धियों का रखा प्रेरक विवरण व विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद में शानदार प्रदर्शन, सांस्कृतिक उत्कृष्टता और सामाजिक गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन, सामुदायिक सेवा एवं राष्ट्रप्रेम को मूल आधार मानकर विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन किया जाता है। एनसीसी कैडेट्स को नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र सेवा और अनुशासन का प्रशिक्षण दिया जाता है। एनएसएस स्वयंसेवियों को सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता और जागरूकता अभियानों से जोड़ा जाता है। स्काउट एंड गाइड बालकों में आत्मनिर्भरता, सेवाभाव और कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता विकसित करता है।

# चिंतपूर्णी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


रविवार को चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल बाजार में रही।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

रविवार को चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर प्रशासन द्वारा तय नियमों के अंतर्गत श्रद्धालुओं ने मां की पवित्र पिंडी के दर्शन प्राप्त किए।

सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल बाजार में रही। लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक इंतजाम किए गए थे, जिससे भीड़ के कारण परेशानी न हो। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा पुराने बस स्टैंड के पास वेरी गेट व गेट नंबर 1, 2, 3 में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होमगार्ड के जवान और एक्स सर्विसमैन ने श्रद्धालुओं को लाइन में लगकर मां के दर्शन करने की अपील की। दिव्यांग व बुजुर्गों के लिए मंदिर न्यास द्वारा चलाई जा रही सुगम दर्शन प्रणाली के तहत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस सुविधा का आनंद लिया और लिफ्ट मार्ग के माध्यम से मां के सुगम दर्शन प्राप्त किए। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ रहती है और उसे व्यवस्थित करने के लिए मंदिर प्रशासन अनेक सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आगे भी मंदिर प्रशासन प्रयासरत रहेगा।

### ओंकार शर्मा ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अतिरिक्त मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार ओंकार शर्मा ने माता श्री चिंतपूर्णी दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा अर्चना करवाई। पूजा अर्चना के पश्चात हवन कुंड में आहुतियां डाली गईं। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा भी उपस्थित रहे। ओंकार शर्मा ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरकर प्रदेश की समृद्धि और शांति की कामना की।

### विवेक महाजन ने चिंतपूर्णी दरबार में भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पूर्व एसडीएम व वर्तमान में हिमाचल राज्य पर्यटन विकास बोर्ड व एशियाई विकास बैंक परियोजना में सलाहकार विवेक महाजन ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर आपदा मित्र व आउटसोर्स कर्मी संदीप कुमार की अध्यक्षता में शाल टोपी देकर उन्हें सम्मानित किया गया। विवेक महाजन ने अंब में एसडीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आउटसोर्स कर्मियों के लिए काफी काम किया था, जिस कारण आउटसोर्स कर्मियों ने विशेष रूप से उनका आभार प्रकट किया और उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर आपदा मित्र संदीप कुमार ने विवेक महाजन के कार्यों की सराहना की।

# डीसी ऊना का ताबड़तोड़ एक्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

डीसी ऊना जतिन लाल ने जिले में कानून-व्यवस्था को मज़बूत बनाने और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले लिए हैं। जिला प्रशासन द्वारा रविवार को जारी तीन अहम आदेशों के तिहरे प्रहार ने स्पष्ट कर दिया है कि चाहे अवैध खनन हो, शराब परोसने वाले प्रतिष्ठानों की मनमानी हो या भारी वाहनों का बेतरतीब संचालन, अब किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीसी जतिन लाल का स्पष्ट संदेश है कि कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं होगा। प्रशासन हर हाल में शांति, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करेगा। उपायुक्त ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के अंतर्गत तीन अहम आदेश जारी करते हुए कहा कि अवैध खनन, हुड़दंगियों और सीमांत क्षेत्रों से आने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन दो कदम आगे बढ़कर कार्रवाई करेगा। किसी भी सूरत में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। कानून तोड़ने वालों पर अब सख्ती और तेज़ी से कार्रवाई होगी। पुलिस और खनन विभाग को आदेशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। जिला दंडाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले में चल रहे लाइसेंस प्राप्त बार, क्लब, पब और रेस्टोरेंट रोजाना रात 10 बजे तक अनिवार्य रूप से बंद होंगे।

यह आदेश 24 नवंबर से लागू होगा और उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इसे कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति की दृष्टि से आवश्यक बताया है। डीसी ने आदेश जारी करते हुए जिले में स्वां नदी तथा उसकी सहायक नदियों के क्षेत्र में बाथू, बाथड़ी, संतोषगढ़, खन्ना, फतेहपुर आदि में तुरंत प्रभाव से अवैध खनन पर पूर्ण रोक लगा दी है। अवैध उत्खनन से पर्यावरण को हो रहे नुकसान, नदी किनारों के कटाव और सार्वजनिक ढाँचे पर पड़े खतरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के मुताबिक पूर्व के सभी आदेशों को निरस्त करते हुए इन क्षेत्रों में अब बिना अनुमति किसी भी प्रकार का खनन पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया गया है। नदी किनारे वनस्पति कटाई पर भी रोक रहेगी। खनन में प्रयुक्त वाहन, जेसीबी और अन्य मशीनरी तुरंत जब्त की जाएगी और दोषियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 और अन्य संबंधित कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई होगी। यह आदेश स्वां और सहायक नदियों के रास्तों पर लो-हाइट बैरियर लगाने तक प्रभावी रहेगा। बता दें, इससे पहले जिला प्रशासन रात में खनन पर पूर्ण बैन लगा चुका है।

### टिप्परों के आवाजाही मार्ग पर पूरी तरह प्रतिबंधित

**ऊना** शहर में बढ़ते जाम और आम जनता की परेशानी को देखते हुए डीसी ने डीसी चौक से मैहतपुर बैरियर सड़क तक भारी वाहनों की आवाजाही को विनियमित किया है। टिप्परों की आवाजाही इस पूरे मार्ग पर पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। व्यवसायिक भारी वाहनों की आवाजाही सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक बंद की गई है। प्रतिबंध अवधि में वाहन झलेड़ा-डीसी चौक-संतोषगढ़-अजौली मोड़ मार्ग का उपयोग करेंगे। लोडिंग-अनलोडिंग पर भी सुबह 8 से रात 9 बजे तक रोक रहेगी।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# बनेहड़ा स्कूल में बाबा लाल जी पुरी की प्रतिमा प्रांगण में टाइल लगाने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल की स्थापना बाबा लाल जी पुरी ने उसे समय की थी, जब क्षेत्र में आस पास कोई और पाठशाला नहीं थी। पाठशाला परिसर में बाबा लाल जी पुरी जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है और समय-समय पर यहां पर उनको याद किया जाता है।

बाबा लाल जी पूरी की प्रतिमा के प्रांगण के स्थान पर भव्य टाइल लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इस पुनीत कार्य में पाठशाला के कार्यकारी प्रधानाचार्य ओमराज, फिजिकल एजुकेशन लेक्चरर राजीव ठाकुर एवं अन्य पूरी टीम ने इस कार्य को शुरू किया है, जो सराहनीय है। बताते चले कि इसके अतिरिक्त पाठशाला में स्थापित माँ सरस्वती की प्रतिमा की छत का कार्य भी किया जाएगा। पाठशाला के शिक्षक राजीव ठाकुर इस कार्य में अपनी अनुकरणीय भूमिका निभा रहे हैं। स्थानीय पंचायत की स्कूल वार्ड से प्रतिनिधि एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने इस अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा की है। इसके अलावा पंचायत के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, पंचायत की प्रधान रविकांता, उप प्रधान बलवंत सिंह, एसएमसी के सदस्यों ने इस कार्य के लिए प्रशंसा की है। वहीं गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल से शिक्षा प्राप्त किए हुए वर्तमान समय में लेक्चरर राजन शर्मा अन्य स्थानीय लोगों सौरभ ठाकुर, रमेश मिन्हास, संदीप चौहान एवं आम जनमानस ने इस कार्य की सराहना की है।

### गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में लगेगा सोलर पैनल

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में लिव गार्ड कंपनी की ओर से सोलर पैनल लगाए जाएंगे। यह जानकारी पाठशाला के प्रिंसिपल ओम राज व फिजिकल एजुकेशन लेक्चरर राजीव ठाकुर ने दी। सोलर पैनल लगने से पाठशाला में बिजली खपत में होने वाले खर्च से निजात मिलेगी और वित्तीय तौर पर भी मजबूती मिलेगी। पाठशाला के अधिकारियों द्वारा कंपनी का आभार व्यक्त किया गया है।

# गोशाला कमेटी को दे दी जिंदगी की कमाई

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** बेदाग सरकारी सेवा करने के बाद संतोषगढ़ के वरिंदर मोहन प्रभाकर अब समाज सेवा के क्षेत्र में चर्चित होने लगे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत से बनाई करोड़ों की संपत्ति गोशाला कमेटी के नाम कर दी। नगर परिषद संतोषगढ़ से संबंध रखने वाले एनएचपीसी के पूर्व पर्यवेक्षक अधिकारी वरिंदर मोहन प्रभाकर एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो 42 साल बेदाग चंबा में सेवाएं देने के बाद भी जनमानस में अपनी सेवा भावना से पीछे नहीं हट रहे हैं। खेल क्षेत्र में भी उन्होंने बेहतर कार्य किया। उन्होंने कश्मीर के बारामूला में 2012 में हुई सिंगल ओपन बैडमिंटन में गोल्ड मेडल जीता था। पिछले महीने स्थानीय नगर की गोशाला में चल रही गोपालष्टमी महोत्सव के अंतिम दिन अपने अभिभाषण में बोलते हुए उनके दिल में ऐसी दया आई कि लाखो रुपए की संपति को एक क्षण में गोशाला के नाम कर दिया। इस घोषणा से भरा पंडाल सोचता ही रह गया, इतना बड़ा दिल आज के समय किसी का नहीं हो सकता, क्योंकि उस वक्त नगर के नामी लोग भी पंडाल में बैठे थे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रशिम धर सूद ने चिंतपूर्णी में ली बैठक

# संगठनात्मक मजबूती व आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, अंब**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला ऊना प्रभारी रशिम धर सूद ने आज प्रात: 9:30 बजे होटल ग्रीन वेली, चिंतपूर्णी में भाजपा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह ने की।

बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला ऊना प्रभारी रशिम धर सूद ने मंडल स्तर पर चल रहे कार्यों एवं कार्यकारिणी के प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर धर्मशाला में 4 दिसंबर को जोरावर स्टेडियम होने वाली आगामी आक्रोश रैली को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और जनसमर्थन जुटाने के लिए योजनाएं बनाई गईं व कार्यकर्ताओं से भी अधिक से अधिक संख्या में रैली मैं पहुंचने का आग्रह किया। बैठक में मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने सुझाव भी साझा किए। कार्यकर्ताओं ने कहा चिंतपूर्णी से लगभग 500 कार्यकर्ता रैली मैं पहुंचेंगे। इस अवसर पर जिला ऊना सह प्रभारी विशाल चौहान, प्रदेश मीडिया सह संयोजक संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, पूर्व विधायक बलबीर सिंह जिला आई टी सेल संयोजक सूर्यकांत सिंह जाम्वाल, जिला ऊना मीडिया सह संयोजक कंचन रायजादा, जिला ऊना एस सी सेल संयोजक इं. रामपॉल, मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा सहित भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला ऊना प्रभारी रशिम धर सूद चिंतपूर्णी में बैठक करते हुए।

# हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था का निकल चुका है दिवाला : बलबीर चौधरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

हिमाचल प्रदेश पूर्व विधायक बलबीर चौधरी ने चिंतपूर्णी में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला निकल चुका है। प्रदेश में अपराधिक घटनाओं व लचर कानून व्यवस्था पर कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के राज में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून व्यवस्था के मामले पर प्रदेश सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है।

बलबीर चौधरी ने कहा कि प्रदेश हिमाचल आज कांग्रेस की असफल नीतियों व नाकामी के कारण अपराध व अप्रिय घटनाओं का दंश झेल रहा है। उन्होंने कहा कि ऊना में हुए गोली कांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और इस दुखद घटना के शिकार हुए युवक के परिजनों के प्रति मेरी पूरी सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि हाल ही में चिंतपूर्णी में एक संस्कृति कार्यक्रम में बेकाबू भीड़ ने तोड़फोड़ मचाकर शासन सत्ता को चुनौती देने का काम किया था, मगर इनका भी सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ऊना में गोली कांड के बाद सोलन में शूलिनी यूनिवर्सिटी के पास सारे आम पिस्टल कई राउंड फायरिंग से पूरा इलाका सहमा हुआ है, लेकिन हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार गहरी नींद सोई हुई है। बलबीर चौधरी ने कहा कि ऊना में खनन माफिया पूरी तरह सक्रिय है और ऊना प्रशासन का खनन माफिया को पूरा संरक्षण है। उन्होंने कहा कि खनन माफिया के लोग होटल में बैठकर पैसे का बंटवारा कर रहे थे, जिस कारण झगड़ा हुआ और एक व्यक्ति को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**आयोजन** कुटलैहड़ के क्यारियां व धनेत स्कूल के वार्षिक समारोह में बोले विधायक विवेक शर्मा

# कुटलैहड़ मेरा परिवार, हर समस्या का समाधान मेरा कर्तव्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला क्यारियां एवं धनेत में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों ने उनका भव्य स्वागत किया। विद्यालय प्रांगण में प्रवेश करते ही ढोल-नगाड़ों की थाप और फूलों की वर्षा से वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया। मंच पर पहुंचने पर विधायक को स्मृति-चिन्ह, टोपी और अंगवस्त्र पहनाकर विधिवत सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यालय के छात्रों ने लोकगीतों, नाटकों, नृत्यों और आधुनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक ने बच्चों के उत्साह और तैयारी की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि कुटलैहड़ की प्रतिभा किसी से कम नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें मंच पर बोलने व अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विधायक ने पारितोषिक, प्रमाण पत्र और विशेष पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे। विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात की घोषणा करते हुए कहा कि कुटलैहड़ में शीघ्र ही राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। यह स्कूल पढ़ाई, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, वाटर स्पोर्ट्स और आधुनिक तकनीकी शिक्षा का अद्वितीय संगम होगा।उन्होंने कहा कि यह स्कूल कुटलैहड़ के बच्चों को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे प्रदेश और देश में अपना नाम रोशन करें। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता ने जिसे अपना प्रतिनिधि चुना है, उस प्राथमिकता पर केवल विकास और जनसेवा ही मेरा कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ मेरा परिवार है। आप सबकी हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान करना मेरा कर्तव्य है। मेरा दरवाज़ा हमेशा जनता के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि बह हर समय कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर खड़े गरीब, जरूरतमंद और असहाय परिवारों के लिए भाई और बेटे की तरह सेवा कर रहे हैं। चाहे वह किसी बेटी की शादी हो, किसी बुजुर्ग की दवाई, छात्र की पढ़ाई-लिखाई या किसी दुर्घटना का समय—हर कदम पर वे स्वयं मदद के लिए मौजूद रहते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सुख आश्रय योजना का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब और अनाथ बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ कुटलैहड़ में भी अनाथ, बेसहारा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्हें शिक्षा, पोषण, चिकित्सा और सुरक्षा सभी सुविधाएं सरकार दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीबी किसी भी बच्चे की शिक्षा और भविष्य में बाधा न बने। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के सरकारी स्कूलों को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। अब सरकारी स्कूलों में भी स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, खेल सामग्री और साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है। बही कुटलैहड़ के 50 प्रतिशत सरकारी स्कूलों को सीबीएससी से जोड़ा जा रहा है उन्होंने कहा कि मेरा आग्रह है कि अभिभावक दिखावे में अपने बच्चों का भविष्य खराब न करें। सरकारी स्कूल अब किसी भी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में गरीब परिवारों की बेटियों की शादी, गंभीर बीमारियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा तथा आपात स्थितियों के लिए वह और उनकी टीम लगातार मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सेवा उनका कर्तव्य है और आगे भी बिना किसी भेदभाव के जारी रहेगी। कार्यक्रम में उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए मोबाइल और इंटरनेट की लत पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोबाइल आज बच्चों के लिए विकराल नशे का रूप ले चुका है। अभिभावक अपने बच्चों पर नजर रखें और उन्हें वास्तविक दुनिया से जोड़ें, खेलों में सहभागी बनाएं। डिजिटल नशा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों पर भारी असर डाल रहा है।


कुटलैहड़ के क्यारियां एवं धनेत स्कूल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए।

# गुरु तेग बहादुर का जीवन मानवता, धर्म का देता है संदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत देश के सिख धर्म के नौवें गुरु, त्याग और मानवता के प्रतीक गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं पुण्यतिथि पर पूरा देश श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ उन्हें स्मरण कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर विधायक विवेक शर्मा ने पंजाब के आनंदपुर साहब गुरुद्वारा में एक विशेष कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की, जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा को सम्मानित भी किया गया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन केवल सिख इतिहास ही नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के उस मूल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें धर्म, मानवाधिकार और न्याय की रक्षा सर्वोपरि मानी गई है। उनका बलिदान उन विरले महापुरुषों में गिना जाता है जिन्होंने स्वयं के धर्म के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के अधिकारों और आस्था की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। विवेक शर्मा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जन्म 1621 में अमृतसर में गुरु हरगोबिंद सिंह जी के घर हुआ। उनका शुरुआती जीवन आध्यात्मिक साधना, वीरता और त्याग की मिसाल रहा। उनका नाम तेग बहादुर अर्थात तेग का बहादुर स्वयं इस बात की पुष्टि करता है कि उनमें सत्य के लिए खड़े रहने का साहस अपार था। वे अपनी शिक्षाओं, कीर्तन और धर्मप्रचार के माध्यम से समाज को सत्य, नैतिकता और सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा देते रहे। विवेक शर्मा ने कहा कि 1664 में गुरु गद्दी संभालने के बाद उन्होंने देशभर का भ्रमण किया और आम लोगों को अत्याचार तथा भय से मुक्ति का संदेश दिया।

उस समय मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा हिन्दुओं पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पंडितों ने जब गुरु तेग बहादुर जी से रक्षा की गुहार की, तब उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनके धर्म और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देंगे। इसके बाद गुरु तेग बहादुर जी ने दिल्ली जाकर अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ बुलंद की। विवेक शर्मा ने कहा कि औरंगजेब की सेना ने उन्हें गिरफ्तार कर 1675 में चांदनी चौक पर शहीद कर दिया। उनकी शहादत गवाह है कि यह बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दिया गया सबसे बड़ा और अद्वितीय उदाहरण माना जाता है। विवेक शर्मा ने कहा कि उनकी 350 वीं पुण्यतिथि पर देशभर में गुरुद्वारों में कीर्तन, सेवा और शांतिपूर्ण सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उनके संदेश मानवता की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है।


गुरु तेग बहादुर जी की पुण्यतिथि पर श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

# पर्यटकों से चहके मनाली व लाहौल के पर्यटन स्थल

## सप्ताहांत पर मनाली-रोहतांग और लाहौल के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू/ केलांग। पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मनाली के अलावा पर्यटक लाहौल की वादियों में भी पहुंच रहे हैं। पर्यटन नगरी मनाली में सप्ताहांत जहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। वहीं,लाहौल की ठंडी फिजाओं में भी पर्यटकों का तांता लगा रहा।

रविवार को लाहौल में भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे। होटलों में आक्यूपेंसी 50 से 55 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। रोहतांग, अटल टनल, सोलंगनाला, हामटा, अंजनी महादेव, फातरु समेत सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों से चहक गए हैं। दिन भर पर्यटक रोहतांग सहित अन्य पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद ले रहे हैं जबकि शाम के समय शहर के मालरोड में पर्यटकों की चहल पहल बढ़ रही है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि पर्यटन कारोबार अब रफ्तार पकड़ रहा है लेकिन सड़कों की हालत सही नहीं होने से पर्यटक परेशान हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर में पर्यटकों का आंकड़ा दोगुना बढ़ जाएगा। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि 30 नवंबर तक रोहतांग पर्यटकों के लिए बहाल रहेगा।


मनाली के मालरोड पर चहलकदमी करते पर्यटक। होटलों में आक्यूपेंसी 50 से 55 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं।

### निगम के होटलों में 50 फीसदी तक पहुंची ऑक्यूपेंसी

पर्यटन नगरी मनाली में अब धीरे-धीरे पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं, सप्ताहांत पर्यटन विकास निगम के होटलों की ऑक्यूपेंसी बढ़कर 50 फीसदी बढ़ गई। निगम की ओर से बुकिंग पर 20 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।

### बर्फ में खूब हो रही मस्ती

रोहतांग जाने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बर्फ के बीच पर्यटक खूब मस्ती कर रहे हैं। पर्यटक निगम के टैंपो ट्रैवलर में भी पर्यटकों ने रोहतांग का रुख किया। मनाली आने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी बढ़ा है। दो दिनों में 80 के लगभग लग्जरी बसें मनाली पहुंची है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी स्कूल ग्रुपों की संख्या बढ़ी है।

### ग्रांफू बाइपास बना आकर्षण का केंद्र

ग्रांफू बाईपास स्नो पॉइंट पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पर्यटक बर्फ के बीच सेल्फी और फोटो भी खिंचवाने के साथ ही बर्फ में अठखेलियां भी कर रहे हैं। पर्यटन स्थलों में पर्यटक मैगी, चाय कॉफी और अन्य स्थानीय व्यंजनों का भी लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं, खिली धूप में सैलानी दिनभर साहसिक खेलों का भी आनंद ले रहे हैं।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ टीम का चयन

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। राज्य स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल स्पीति की टीम का चयन कटराई में किया गया। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल स्पीति के चेयरमैन मदन बोध ने बताया कि इस चयन प्रकिया का पारदर्शी संचालन उनकी देखरेख में संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी व सिलेक्शन समिति के सदस्य शिरीष बोध द्वारा लिया गया, जिसमें कि कुल 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमे चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जोकि 6 से 8 दिसंबर तक सिरमौर जिला के नाहन में आयोजित की जाएगी। जिला बास्केटबॉल संघ के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 25 नवम्बर से 4 दिसंबर तक कटराई में लिया जाएगा, जिसमे खिलाड़ियों के खेल को बारीकी से निखारा जाएगा। उसके बाद टीम 5 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नाहन रवाना हो जाएगी। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल स्पीति के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने इस चयन प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए संघ की पूरी टीम और खिलाड़ियों का भी धन्यवाद किया।

# शीघ्र ही बैली ब्रिज पर शुरू होगी वाहनों की आवाजाही


निर्माणाधीन ओल्ड मनाली का मनालसू पुल।

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

मनाली। आपदा के कारण पर्यटन नगरी मनाली में इस बार भारी नुकसान हुआ है। आपदा के जख्मों को भरने के लिए जिला प्रशासन व विभाग लगातार प्रयासरत है। ओल्ड मनाली में मनालसू नदी में बाढ़ से ढह चुके पुल की जगह अब नया बैली ब्रिज बनाया जा रहा है।

इसका कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कुछ दिन के भीतर इस पुल से वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इसके बाद बाढ़ में बहे पुल को ठीक करने के प्रयास होंगे। यह पुल भी ठीक हुआ तो ओल्ड मनाली को डबललेन पुल मिल जाएगें। जिससे यहां पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। आधार स्तंभ और अप्रोच सड़क बनाने पर लगभग 65 लाख खर्च किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि 25 और 26 अगस्त को भारी बारिश के कारण मनालसु नदी उफान पर आ गई थी। बाढ़ के कारण नदी पर बना पुल ढह गया, जबकि ओल्ड मनाली के क्लब हाउस होकर पलचान की ओर जाने वाली सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई। विभाग की टीम तीन दिन से वेली ब्रिज के निर्माण में जुटी हुई है। 25 नवंबर तक पुल को बनाकर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि ओल्ड मनाली को जोड़ने के लिए बैली आधार, आधार स्तंभ और अप्रोच सड़क बना ली गई है। मेकेनिकल विंग बैली ब्रिज लगाने का कार्य कर रहा है।

# जीएसएसएस बजौरा में अंडर-18 गर्ल्स वॉलीबाल ट्रायल

अनंत ज्ञान, भुंतर। अंडर-18 गर्ल्स वॉलीबाल ट्रायल जीएसएसएस बजौरा में किया गया। एक दिवसीय सिलेक्शन वॉलीबाल ट्रायल में टी राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, इंटरनेशनल एथलीट्स नरेंद्र व हेम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बजौरा स्कूल की होनहार पीटीआई बुध राम भी इस आयोजन शामिल रहे। मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में खिलाड़ी बच्चों को खेल भावना सिखने के लिए, ट्रायल में खेल के नियमों का पालन करने, टीम के साथियों का सम्मान करने, विरोधी टीम के खिलाड़ियों के साथ सम्मान से पेश आने, हार को स्वीकार करने और अपनी गलतियों से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वॉलीबाल एसोसिएशन कुल्लू द्वारा यह ट्रायल करवाया गया। इसमें जिले भर से आए लगभग 12 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

# स्पीति में बुरी आत्माओं को दूर कर नववर्ष का किया स्वागत

## लोगों ने बौद्ध मठों में पूजा-अर्चना कर आराध्य देवों से की सुख-समृद्धि की कामना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

लाहौल-स्पीति जिला की स्पीति घाटी में लोसर उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ है। यह उत्सव तिब्बती नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। तीन दिनों तक घाटी में लोसर उत्सव की खूब धूम रही।

स्थानीय लोगों ने बौद्ध मठों में पूजा-अर्चना की और एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं। यह उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें बुरी आत्माओं को दूर करने और नव वर्ष का स्वागत करने के लिए विशेष अनुष्ठान किए गए। लोसर के साथ ही नए साल का आगाज हो गया है। तीन दिनों तक घाटी के हर गांव में लोसर की रौनक छाई रही। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को लोसर पर्व की बधाई दी और देवी देवताओं से सुख समृद्धि की कामना की। ग्रामीण क्षेत्रों में हालांकि बर्फ नहीं है लेकिन इन दिनों स्पीति घाटी में

### स्पीति घाटी में लोसर उत्सव धूमधाम से संपन्न

तापमान शून्य के नीचे चला गया है जिससे खून जमा देने वाली ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद घाटी के लोगों में लोसर के लिए खासा उत्साह दिखा। स्पीति घाटी के ग्रामीण तन्जिन वंगज्ञाल रूमबाह,सोनम, पलजोर, टशी व सोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि कुंगरी, काजा, डंखर, ताबो, कीह व कौमिक बौद्ध मठों में नए साल के मौके पर पूजा-अर्चना के साथ लोग सुख-समृद्धि की कामना की। उत्सव के शुभारंभ मौके पर कीह गोंपा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी, जहां हजारों लोगों ने कीह बौद्ध मठ के निदेशक एवं विख्यात बौद्ध धर्मगुरु 19वें टी के लोचेन टुल्कू रिनपोछे जी दर्शन कर नववर्ष का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोचेन टुल्कू रिनपोछे और गोंपा के लामाओं ने इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार किए। उन्होंने विश्व की सुख-समृद्धि, शांति और मानव कल्याण के लिए पारंपरिक बौद्ध अनुष्ठान संपन्न किए। तीन दिनों तक घाटी में आध्यात्मिक माहौल से भरा रहा। उत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### एक-दूसरे को दी बधाइयां

पारंपरिक परिधानों में लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाइयां दी और घरों में विशेष व्यंजन तैयार किये गए। पर्यटकों के लिए भी यह पर्व आकर्षण का केंद्र बना और पर्यटकों ने स्पीति की संस्कृति और परंपराओं का अनूठा अनुभव कर खूब लुत्फ उठाया।इस अवसर पर लोगों ने अपने अपने गोंपा में समस्त जगत के प्राणियों के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# झनियार गांव में बांटी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, बंजार। कुल्लू जिला की बंजार विधानसभा के झनियार गांव में अग्निकांड से 16 घर जलकर राख हो गए थे। ऐसे में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं अग्निकांड प्रभावित लोगों की मदद कर रही है। इसी कड़ी में नई उड़ान फाउंडेशन ने भी आगजनी से प्रभावित हुए झनियार गांव के लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। रविवार को संस्था के अध्यक्ष और प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव आर्यन चौहान ने झनियार गांव में अग्निकांड प्रभावितों को राहत किट वितरित की है। इसमें चूल्हे, ट्रंक और अन्य जरूरत का सामान था। प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव और संस्था के अध्यक्ष आर्यन चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि संस्था ने बदाह गोंपा समिति और नागचला बरतन स्टोर के साथ मिलकर 23 जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की है। बीते दिनों यहां पर आग लगने से 16 घर जलकर राख हो गए थे, जिनकी मदद के लिए वह आगे आए है और यह भी कहा कि आने वाले समय में नई उड़ान फाउंडेशन की ओर से और भी कुछ अगर मदद होगी, तो वह भी की जाएगी।

# कांगड़ा, मंडी व लाहौल-स्पीति को मिले पर्यवेक्षक

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) ने हिमाचल प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की महासचिव और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग जिलों में जिला ऑब्जर्वर (पर्यवेक्षक) नियुक्त किया है, जिनकी मुख्य जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष के चयन को अंतिम रूप देना है। मनाली विधानसभा क्षेत्र से तीन वरिष्ठ नेताओं (देवेंद्र नेगी, राजीव किमटा, रोहित वत्स धामी) को अलग-अलग जिलों में अहम पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी मिलने पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### मंडी की जिम्मेदारी राजीव किमटा के हाथ

राज्य के एक अन्य महत्वपूर्ण ज़िले, मंडी, का पर्यवेक्षक मनाली विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ नेता राजीव किमटा को नियुक्त किया गया है। किमटा भी अपने जिले में संगठन सृजन अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिला अध्यक्ष के चयन के लिए ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करेंगे। मंडी में उनकी भूमिका स्थानीय समीकरणों, कार्यकर्ताओं की राय और संगठनात्मक जरूरतों को केंद्रीय हाईकमान तक पहुंचाने में निर्णायक होगी।

### लाहौल-स्पीति के लिए रोहित नामित

लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ज़िले के लिए पर्यवेक्षक के रूप में रोहित वत्स धामी को नियुक्त किया गया है। मनाली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित धामी को भी यही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है जो नेगी और किमटा को मिली है-यानी संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को पूरा करना। उनकी रिपोर्ट स्थानीय परिस्थितियों और संगठनात्मक मजबूती के आधार पर तैयार होगी।

### देवेंद्र नेगी संभालेंगे कांगड़ा की कमान

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ज़िले कांगड़ा की जिम्मेदारी मनाली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव देवेंद्र नेगी को सौंपी गई है। नेगी का मुख्य कार्य कांगड़ा ज़िले में संगठन सृजन अभियान को नेतृत्व देना और जिला अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देना होगा। इस कार्य में उन्हें पूर्व मंत्री आशा कुमारी और कांग्रेस नेता वीरेंद्र धर्माणी का सहयोग मिलेगा। कार्यकर्ताओं को विश्वास है कि नेगी की नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा आएगी।

# बूढ़ी दिवाली की लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल कांडू पहले स्थान पर

एसआर शर्मा, अनंत ज्ञान

निरमंड। जिला कुल्लू उपमंडल निरमंड का तीन दिवसीय बूढ़ी दिवाली मेला रविवार को देव विदाई के साथ संपन्न हुआ।

रविवार को मेले में आयोजित दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला मंडलों की लोकनृत्य की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें महिला मंडलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ इंजीनियर वीरेंद्र प्रताप सिंह प्रबंधक सतलुज जल विद्युत परियोजना रामपुर के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों से आई महिला मंडलों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुति पेश की। वहीं, अपने नृत्य में अपनी वेशभूषा खानपान, रहनसेन, बेटी है अनमोल, नशे का न सेवन करने का संदेश दिया। वहीं, इस बार मेले में पहली बार पुरुष वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की। इसमें 15 सदियों की टीम बनाई गई। इस प्रतियोगिता में पुलिस थाना निरमंड की टीम विजेता रही, जबकि कोटी पंचायत के अमतुआ गांव की टीम उपविजेता रही। महिला लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल कांडू अव्वल रही, महिला मंडल गवाई सरला उपविजेता रही। स्कूली बच्चों की लोकनृत्य प्रतियोगिता में डिग्री कॉलेज निरमंड की टीम विजेता रही, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमंड उपविजेता रहा। विजेता व उपविजेता टीम को मेला कमेटी अध्यक्ष एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह के कर कमलों द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।



बूढ़ी मेले के समापन मौके पर नाटी डालती हुई महिलाएं।

# चिट्टे के साथ बाहरी राज्यों के युवा गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, मनाली

कुल्लू जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत जिला के विभिन्न स्थानों पर नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर माल रोड स्थित एक होटल में छापेमारी कर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 2 युवतियां भी शामिल हैं। इनके कब्जे से 26.29 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया है। मामले की जांच कर रहे मुख्य आरक्षी नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मनाली के एक होटल के कमरा नंबर 114 में कुछ युवक-युवतियां चिट्टे की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद किया।


चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी।

आरोपियों की पहचान रोहित वर्मा (23) पुत्र अश्वनी कुमार, निवासी रामामंडी व जिला जालंधर (पंजाब), सीमा कौर (23) पुत्री जोरावत सिंह, निवासी नूरमहल व जिला जालंधर (पंजाब), मुकेश कुमार यादव (24) पुत्र चित्रेश्वर यादव, निवासी रेवती व जिला बलिया (उत्तर प्रदेश), सानीजूल उर्फ दादा (33) पुत्र वौददीन शेख, निवासी बर्दवान (कोलकाता) और नूरवानू खातून उर्फ पिंकी (24) पुत्री शौयर अली शेख, निवासी बर्दवान (कोलकाता) के रूप में की गई है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना मनाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और इस तरह के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# विशेषज्ञों ने जांचा 100 ग्रामीणों का स्वास्थ्य, मुफ्त दी दवाइयां

अनंत ज्ञान, बंजार

तीर्थन घाटी में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से बंजार वैली हॉस्पिटल द्वारा ग्राम सामुदायिक केंद्र पेखड़ी, गुशैणी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर का विधिवत शुभारंभ एपीएमसी चेयरमैन जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां ने रिबन काटकर किया। हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं सरलता से उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में आयोजित गुशैणी के इस एक दिवसीय शिविर में आसपास से कई गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया शिविर में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग और हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस शिविर में राम सिंह मियां सहित तीर्थन घाटी के करीब 100 ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य जांच की है। डाक्टरों द्वारा कुछ जरूरतमंद मरीजों को हॉस्पिटल की ओर से मुफ्त दवाइयां भी प्रदान की गईं। रक्तचाप, शुगर सहित सामान्य बीमारियों की जांच की गई और लोगों को आवश्यक परामर्श दिया गया। एपीएमसी चेयरमैन राम सिंह मियां ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित होने के कारण ऐसे शिविर बेहद उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और इन सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। बंजार वैली हॉस्पिटल के प्रशासक डॉ. विनसेंट ने बताया कि समय पर जांच न होने से सरल बीमारियां भी गंभीर रूप ले लेती हैं।

# रस्साकसी प्रतियोगिता में पुलिस थाना निरमंड के जवान अव्वल

अनंत ज्ञान, निरमंड। जिला स्तरीय बूढ़ी दिवाली मेला निरमंड में मेला कमेटी द्वारा आयोजित महिला मंडलों की रस्साकसी प्रतियोगिता के साथ साथ इस बार पहली बार पुरुष वर्ग के लिए भी इस बार रस्साकस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें फाइनल मैच पुलिस थाना निरमंड की टीम और कोटी पंचायत के अमतुआ गांव की टीम के मध्य खेला गया। फाइनल मैच में दोनों टीमों की तरफ खूब खिंचा तानी हुई, दर्शकों की तालियों और सीटियों शोर शराबे ने मैच में और भी रोमांच लाया। मैच में ऐसा लग रहा था कि कोई भी टीम हार मानने को तैयार ही नहीं थी मगर अंत के चंद सेकंड में पुलिस थाना निरमंड के जवानों ने अमतुआ की टीम को कड़ी टक्कर देकर विजेता ताज पर कब्जा कर दिया। वहीं थाना प्रभारी निरमंड गोपाल ठाकुर का कहना है कि नशा छोड़ो खेल से नया जोड़ो मुहिम के तहत इस बार बूढ़ी दिवाली में पुरुष वर्ग की रस्साकस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका संदेश नशा छोड़ो खेल खेलो का था। उन्होंने विजेता टीम और उपविजेता अन्य टीमों को शुभकामनाएं दीं।

# ट्रैफिक जाम से जल्द मिलेगी राहत

## कार्य — वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर हाइवे पर तारकोल बिछाने का काम शुरू

अनंत ज्ञान, मनाली

एनएचआई ने वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर हाइवे पर तारकोल बिछाने का काम शुरू कर दिया है।

यह हाइवे 26 अगस्त को ब्यास नदी में आई से क्षतिग्रस्त हो गया था। मनाली वासियों को इस हाइवे का तीन महीने बाद लाभ मिलने जा रहा है। इस मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने से ट्रैफिक का सारा बोझ माल रोड वाले संपर्क मार्ग पर पड़ गया था जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या भी उत्पन्न हो गई थी। अब सभी को इन दिक्कतों से राहत मिलने का रही है। इस सड़कों को हालांकि, एनएचएआई ने तैयार किया है, लेकिन इसका कार्य युद्धस्तर पर करवाने में ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों हीरा लाल व बुद्धि प्रकाश, जयराम ठाकुर, राजकुमार डोगरा व किरण देव की टीम का योगदान सराहनीय रहा है। हालांकि, एनएचएआई ने 400 मीटर इस सड़क को तैयार करने में तीन महीने लगा दिए, लेकिन अगर ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन हर समय मौके पर खड़ा रहकर कार्य नहीं देखते तो अभी समय और लग सकता था। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरा लाल ने बताया कि मनाली के वोल्वो स्टेंड से भूतनाथ मंदिर तक हाइवे की हालत सुधरने जा रही है। सड़क के पक्का हो जाने से धूल से छुटकारा मिलेगा साथ ही सफर भी सुगम होगा। उन्होंने तारकोल बिछाने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों सहित मनाली प्रशासन का भी आभार जताया। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने भी ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन की टीम के कार्य को सराहा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के तैयार हो जाने से ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो जाएगी।


तारकोल बिछाने में जुटी मशीनरी व मजदूर।

# राजीव को मंडी जिला संगठन सृजन अभियान की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मनाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के युवा नेता एवं राज्य प्रवक्ता राजीव किमटा को राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। राजीव किमटा को जिला संगठन सृजन अभियान की कमान सौंपी है। यह जिम्मेदारी राष्ट्रीय कांग्रेस ने सौंपी और किमटा के समर्थकों में खुशी की लहर है। उधर, राजीव किमटा ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का आभार प्रकट करते है कि वह हमेशा की तरह इस नई जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाएंगे और इस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे, अब देखना यह है कि मंडी जिले में कांग्रेस का सृजन वे कैसे कर पाएंगे। मंडी पूर्व मंत्री जयराम ठाकुर की मंडी है और यहां उनका सिक्का चलता है। यही नहीं मंडी राजनीतिक दृष्टि से भी कांगड़ा के बाद दूसरे नंबर का जिला है, जहां एक ही जिले में 10 विधानसभा सीटें है और पिछले कुछ अरसे से यह सीटें अधिकतर भाजपा की झोली में जा रही है। गत चुनाव में भी 10 में से 9 सीटें भाजपा ने जीती है। ऐसे में यह जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है और लगता है कि कांग्रेस ने राजीव किमटा को यह जिम्मेदारी देकर बड़ा दांव खेला है।

# मनाली युवा कांग्रेस ने गोसदन में किया श्रमदान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

मनाली युवा कांग्रेस ने गोसदन में श्रमदान कर सेवा और सामुदायिक सहयोग की मिसाल पेश की।

सुबह से ही दर्जनों युवा कार्यकर्ता श्रमदान में जुटे रहे और न सिर्फ घास शेड निर्माण, बल्कि गोसदन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चारदीवारी पर एंगल लगाकर मजबूत तार-जाला भी फिट किया। युवाओं ने टीम बनाकर कार्य किया। एक टीम ने लोहे के एंगल को नापकर काटा और दीवार पर मजबूती से फिट किया। दूसरी टीम ने एंगल पर उच्च गुणवत्ता वाला तार-जाला कसकर लगाया, जिससे चारदीवारी अब अधिक सुरक्षित हो गई। तीसरी टीम ने घास शेड क्षेत्र में सफाई, समतलीकरण व सामग्री की ढुलाई का कार्य संभाला। कार्यस्थल पर पूरा दिन एक संगठित व ऊर्जावान वातावरण बना रहा। युवाओं की मेहनत से गोसदन परिसर का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दिया। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी गोसदन पहुंचे और चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने चारदीवारी पर तार-जाला लगाने के कार्य को नजदीक से देखा और इसे गोसदन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इतना ही नहीं युवाओं में जैश भरने को विधायक ने स्वयं भी श्रमदान किया। विधायक ने इस दौरान श्रमदान में लगे मनाली युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित किया।


श्रमदान के दौरान मनाली के विधायक व युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्य।

उन्होंने कहा कि युवाओं ने जिस जिम्मेदारी, ऊर्जा और समर्पण से आज श्रमदान किया है, वह मनाली की सामुदायिक चेतना की सबसे बड़ी ताकत है। उनकी उपस्थिति से श्रमदान में जुटे युवाओं में और अधिक उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। गोसदन प्रबंधन ने भी श्रमदान में सक्रिय सहयोग दिया। गोसदन संचालक खुशहाल चौहान ने युवा कांग्रेस के इस संगठित प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे गोसदन की सुरक्षा, चारा प्रबंधन व संरचनागत मजबूती तीनों में बड़ा सुधार हुआ है।

यह पहल साबित करती है कि जब युवा शक्ति व जनप्रतिनिधि एक साथ कदम बढ़ाते हैं, तो सामुदायिक विकास की गति कई गुना तेज हो जाती है। गोसदन में मनाली युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष चमन ठाकुर, रोहित महंत, डोला पंच, अनीश ठाकुर, अंशुल और अजय ठाकुर सहित कई युवाओं ने श्रमदान में सक्रिय भूमिका निभाई।

## सोलन की सड़कों में दिन के समय भवन निर्माण सामग्री फेंकने पर रोक

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** नगर निगम सोलन के तहत आने वाली सड़कों में अब दिन के समय भवन निर्माण सामग्री फेंकना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा ने इस पहल की शुरुआत अपने वार्ड नंबर-12 से की है।


सड़क किनारे फेंकी गई निर्माण सामग्री।

इसके तहत वार्ड में एक चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, जिसमें स्पष्ट लिखा गया है कि दिन के समय किसी भी वाहन से भवन निर्माण सामग्री गिराने पर रोक रहेगी। लोग अब केवल रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ही निर्माण सामग्री फेंक सकेंगे और सुबह तक उसे वहां से हटाना अनिवार्य होगा। शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या और जन असुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। दिन में सड़क पर निर्माण सामग्री गिराने के कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, कई वार्डों में स्कूल भी हैं, जहाँ खुले में पड़ी ईंटें, सरिया और रेत जैसे सामान बच्चों के लिए खतरा बन जाते हैं। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति दिन के समय भवन निर्माण सामग्री फेंकते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम ऐसे लोगों पर चालान काटेगा और बार-बार उल्लंघन करने वालों का सामान जब्त भी किया जा सकता है। महापौर ऊषा शर्मा ने कहा कि यह व्यवस्था जल्द ही सोलन के अन्य वार्डों में भी लागू की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे नगर निगम के इस निर्णय में सहयोग करें ताकि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और यातायात की दृष्टि से सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर सोलन को एक अनुशासित और सुंदर शहर बनाने में योगदान देना चाहिए।

# संस्कार युक्त समाज की स्थापना भविष्य की सुरक्षा का आधार : न्यायमूर्ति विवेक

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने कहा कि नशा मुक्त और संस्कार युक्त समाज ही सुरक्षित भविष्य की नींव है। वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन द्वारा डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित विशाल विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित कर रहे थे।


कार्यक्रम को संबोधित करते हिमाचल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सिंह ठाकुर।

यह शिविर राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें नशा मुक्त समाज–भारत का संकल्प और पर्यावरण संरक्षण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। न्यायमूर्ति ने कहा कि नैतिक संस्कार युवाओं को उत्तरदायी नागरिक बनाते हैं और नशे जैसी व्यापक समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यावश्यक हैं। उन्होंने आग्रह किया कि हर नागरिक नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ कार्य करे। उन्होंने युवाओं को संस्कारित शिक्षा देने पर जोर दिया ताकि वे समाजहित में योगदान दे सकें। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा समस्या से बढ़कर आज एक सामाजिक बुराई बन चुका है और इसके समाधान के लिए व्यक्तिगत, पारिवारिक व सामुदायिक स्तर पर मजबूत पहल आवश्यक है। न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज ने कहा कि न्याय सभी तक पहुंचाना विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य है और नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण आपस में जुड़े विषय हैं जिन पर समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 191 विधिक शिविर आयोजित किए गए तथा 11 हजार से अधिक पौधे रोपे गए हैं।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश शरद कुमार लगवाल ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय मंडयाल ने प्रस्तुत किया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने नशा निवारण और पर्यावरण संरक्षण पर उपयोगी जानकारी दी। न्यायाधीशों ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर का अवलोकन किया और नशा मुक्त संदेश को बल देने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खिंचवाई। शिव शक्ति कला मंच, अर्की द्वारा दी गई नशा निवारण व पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, नौणी विश्वविद्यालय के उपकुलपति, उपायुक्त सोलन, पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सोलन पुलिस ने बावरा में नशीली दवाइयों की तस्करी में दो युवकों को किया काबू

- आरोपियों के कब्जे से 950 टेबलेट्स नशीली दवाइयां 12,710 रुपए नकद बरामद
- आरोपियों पर ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत कार्रवाई

अनंत ज्ञान, सोलन

जब पुलिस थाना सदर सोलन की एक टीम सोलन शहर में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गांव बावरा में मुकेश उर्फ तोई व राजेश चौहान नशीली व अवैध दवाइयों की खरीद फरोकत का अवैध धंधा कर रहे हैं।

इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव बावरा बसाल में दबिश देकर दो युवकों को काबू करके जिनके नाम क्रमशः राजेश चौहान पुत्र घरभरन चौहान निवासी गांव भैरवपुर खुर्द डाकघर रामपुर सोहणे, तहसील घुस्सी जिला महुं उ.प्र हाल रिहायश गांव बावरा डाक घर चंबाघाट तहसील व जिला सोलन व उम्र 31 वर्ष व मुकेश उर्फ तोही निवासी पुत्र स्व. शंकर लाल निवासी गांधी मोहल्ला चौक बाजार तहसील व जिला सोलन व उम्र 37 वर्ष मालूम हुए उनको 950 टेबलेट्स नशीली दवाइयां व 12,710 रुपए की नकदी सहित पकड़ा/गिरफ्तार किया गया। इस बारे वह कोई भी वैध लाइसेंस/दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश न कर सके। उक्त आरोपियों से पकड़ी गई नशीली दवाइयां ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित है।

पकड़ गए आरोपियों के खिलाफ धारा 18 ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई तथा उक्त दोनों आरोपियों से बरामद की गई नशीली दवाइयां सहित ड्रग निरीक्षक के हवाले किया गया है। दोनों के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल करने पर पाया गया कि एक आरोपी मुकेश उर्फ तोई पहले भी अपराधिक वारदातों में शामिल रहा है। इसके खिलाफ 4 मामले पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी से संबंधित दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त उक्त आरोपी के खिलाफ नशीली दवाइयों से संबंधित कई मामले पंजीकृत हैं। दूसरे आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुद्वारा भवन की स्थिति पर हुआ विचार-विमर्श

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक संयुक्त मोर्चा की उपमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें संस्था का शिमला में 26 नवंबर को शिमला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय संविधान दिवस और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। इसमें संगठन की राज्य कार्यकारिणी पदाधिकारी सेनराम नेगी, राजेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की स्थापना, इसके उद्देश्य और किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिमला के कालीबाड़ी हाल में राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सोलन के सदस्य के शामिल होने पर चर्चा की गई। कई क्षेत्रों में इन वर्गों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसमें कंडाघाट के गुरुद्वारा साहिब के ऐतिहासिक भवन की खराब हालत पर चर्चा की गई। इसमें संगठन की सदस्यता बढ़ाने बारे प्रस्ताव पारित किया गया।

### मनुज को हराकर धर्मेंद्र सेमीफाइनल में

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सर्कुलर रोड स्थित सोलनाइट स्नूकर अकादमी में रविवार को आयोजित अमेच्योर स्नूकर टूर्नामेंट में कुल 9 मुकाबले खेले गए। आयोजक कर्ण शर्मा ने बताया कि पहले मैच में पुनीत वर्मा ने रितेश को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। दूसरे मैच में रिठू ने ध्रुव को मात दी। हरीश और बीएस नेगी के मुकाबले में बीएस नेगी विजेता रहे। इसके बाद रिठू और विकी नेगी के बीच फाइनल फ्रेम में विकी ने जीत हासिल की। धर्मेंद्र डडवाल ने अथर्व को हराया, जबकि डॉ. ऋतुराज और विक्की नेगी के मैच में विजेता विकी रहे। रोहित और बंटी के बीच खेले मैच में रोहित ने जीत दर्ज की। शाम को क्वार्टरफाइनल में पुनीत वर्मा और रोहित के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें रोहित विजेता बने। धर्मेंद्र डडवाल ने मनुज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला विक्की नेगी से होगा। कर्ण शर्मा ने बताया कि सभी मुकाबले बेस्ट ऑफ-3 फ्रेम फॉर्मेट में आयोजित किए जा रहे हैं और केवल गैर-प्रोफेशनल खिलाड़ी ही इसमें भाग ले सकते हैं। विजेता को 10,000 रुपए और उपविजेता को 4,000 रुपए नकद पुरस्कार मिलेगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट नेशनल चैंपियनशिप में इस्तेमाल होने वाले प्रीमियम इंग्लिश टेबल पर आयोजित किया गया और युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। शर्मा ने कहा कि सभी मैच फेयर-प्ले और स्पोर्ट्समैन स्पिरिट के साथ खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता की क्लोजिंग सेरेमनी सोमवार को आयोजित की जाएगी।

### क्रिकेट प्रतियोगिता से नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र का पाव कफोटा गांव ग्रामीण क्रिकेट प्रतिभाओं का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इसी क्षेत्र की टीम शाईन स्टार कफोटा ने लंबे समय से क्रिकेट में दबदबा बनाए रखा है। स्थानीय युवाओं और वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों के प्रयासों से इस वर्ष भी क्रिकेट खेल-कूद प्रतियोगिता का पांचवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में टीमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। यह क्षेत्र खेल सुविधाओं के अभाव के बावजूद कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का जन्मदाता रहा है, जिनमें आलराउंडर दयाराम शर्मा, बल्लेबाज मोहन ठाकुर, गोपाल शर्मा, तुला राम शर्मा, गेंदबाज ओमप्रकाश शर्मा, शेरा और आलराउंडर सीता राम शर्मा शामिल हैं। पांचवें शिरगुल विंटर क्रिकेट ट्रॉफी में विजेता को 1 लाख रुपए और उपविजेता को 50 हजार रुपए पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा मेन ऑड टूर्नामेंट विजेता को 4,100 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'खेल खेलो, नशा छोड़ो' को बढ़ावा देना है, ताकि युवा नशों से दूर रहकर खेलों में अपनी अलग पहचान बना सकें। आयोजकों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से इस क्षेत्र में खेल सुविधाओं की स्थापना का अनुरोध भी किया है, ताकि भविष्य में युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें।

### सत्य साईं बाबा के जन्मदिवस पर भजन-कीर्तन



**अनंत ज्ञान, सराहां।** सत्य साईं बाबा के 99वें जन्मदिवस के अवसर पर साईं मंदिर सराहां में श्री सत्य साईं बाबा के भक्तों ने एक भजन का आयोजन किया था। इसमें भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भक्ति भाव से बाबा के भजनों का गायन किया। इस कार्यक्रम में हनुमान मंदिर सराहन के महंत श्री परमेश्वर दास विशेष तौर पर उपस्थित रहे एवं सभी भक्तों को उन्होंने श्री सत्य साईं बाबा जी के जन्मदिवस पर बधाई दी एवं सभी का मार्गदर्शन करते हुए बाबा के संदेश सबसे प्रेम करो व सबकी सेवा करो पर मुख्य रूप से बल दिया। इस अवसर पर केक काटकर व भंडारा वितरित कर भक्तों ने बाबा के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया एवं सेवा को समर्पण भाव से करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुनीला देवी, रामेश चौहान व राजन कौशल ने भी बाबा के जीवन एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। बाबा का जन्मदिन इस वर्ष पूरे विश्व के 140 देशों में बाबा के सेंटर्स में धूमधाम से मनाया जा रहा है और विशेष से पुट्टापार्थी में पूरे वर्ष भर इस के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

### एंटी चिट्टा रैली को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, मानपुरा।** सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठाना में दून विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम कुमार चौधरी के नेतृत्व में एंटी-चिट्टा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर एसडीए बद्दी संजीव धीमान व एएसपी बद्दी अशोक वर्मा विशेषतौर पर उपस्थित रहे। विधायक राम कुमार चौधरी ने एंटी चिट्टा रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया ओर खुद भी रैली का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में बच्चों को इस जानलेवा नशे के प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है। ताकि बच्चे नशे जैसी समाजिक बुराई से दूर रहते हुए समाज को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा के सरकार ने प्रदेश भर में चिट्टे के खिलाफ जागरूकता अभियान छेड़ा है ओर पुलिस को भी नशे के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा भी वह नशे जैसी समाजिक बुराई का समर्थन नहीं करते न ही नशे के मामले में होने वाली पुलिस कार्रवाई में कभी हस्तक्षेप करते हैं। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने, समाज में जागरूकता फैलाने तथा 'नशा मुक्त हिमाचल' के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में हर बूथ पर 10 किसान प्रहरी नियुक्त करने की रणनीति


जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अविनाश सिंह पत्रकार वार्ता करते हुए।

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर भाजपा किसान मोर्चा की पहली बैठक जिला भाजपा कार्यालय दीपकमल में अध्यक्ष अविनाश सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा मुख्य अतिथि रहे।

बैठक में हर बूथ पर 10–10 किसान प्रहरियों की नियुक्ति को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक के बाद संजीव देष्टा ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं को अंतिम किसान तक पहुंचाने के लिए किसान मोर्चा 'मिशन रणनीति' के तहत हर बूथ पर 'किसान प्रहरी' नियुक्त करेगा, जो योजनाओं के प्रचार–प्रसार के साथ किसानों की समस्याओं को पार्टी मंच तक पहुंचाएंगे। देष्टा ने आरोप लगाया कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार किसान विरोधी है। उनके अनुसार, सरकार की लचर नीतियों के कारण किसान खुद को असहाय महसूस कर रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रामेश्वर, जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह सैनी, बलदेव, जिला परिषद अध्यक्ष सीमा सहित विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अभिकर्ताओं को दिए लक्ष्य प्राप्ति के टिप्स

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के मुख्य डाकघर नाहन में अभिकर्ताओं के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डाकपाल इंदु भरमोरिया द्वारा की गई।

इस मौके पर एपीएम राजीव शर्मा, तपेंद्र ठाकुर और रितु तोमर भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान विशेष कर वित्त वर्ष 2025–26 के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने को लेकर चर्चा की गई। डाकपाल ने सभी अभिकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि मंगलवार को अधिक से अधिक खाते खोलें जाएं, ताकि इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति को ओर आगे बढ़ाया जा सके। इस मौके पर एपीएम राजीव शर्मा और तपेंद्र ठाकुर ने अभिकर्ताओं को लक्ष्य प्राप्त करने के टिप्स भी दिए। इस विशेष बैठक में मुख्य डाकघर नाहन से जुड़े करीब दो दर्जन अभिकर्ता मौजूद रहे।

## कल्याणकारी योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं : सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान, सोलन

शिमला लोक सभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कर इसका लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित बनाना सभी का दायित्व है।


जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता करते सांसद सुरेश कश्यप।

सुरेश कश्यप जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) तथा जिला खनन फाउंडेशन न्यास की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि सोलन जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 225 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 194 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इन पूर्ण कार्यों पर 511.39 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण व रखरखाव के कार्य को समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सोलन जिले में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 101 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इस पर लगभग 356 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को नमामी गंगे योजना के तहत सोलन शहर में बिछाई जाने वाली सीवरेज लाईन की औपचारिकताएं पूर्ण करने तथा पुरानी सीवरेज लाईनों के नवीनीकरण के निर्देश दिए।

सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 15 किसानों को लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत 423 किसान लाभान्वित हुए है। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में किसानों–बागवानों को जागरूक करने के लिए गांव–गांव जाकर प्रचार–प्रसार करें। उन्होंने कहा कि सोलन जिले में अग्रणी बैंक यूको बैंक द्वारा युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 31 अक्तूबर, 2025 तक 17 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। इसके माध्यम से 530 युवा लाभान्वित हुए हैं।

## विद्यार्थियों ने सीखी रोप स्किप्पिंग की कला

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश रोप स्किप्पिंग एसोसिएशन द्वारा सोलन जिला में तीन दिवसीय रोप स्किप्पिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।


रोप स्किप्पिंग कार्यशाला में हिस्सा लेते खिलाड़ी।

भारतीय रोप स्किप्पिंग फेडरेशन के द्वारा नियुक्त रोप स्किप्पिंग ट्रेनर्स आलोक हलदर तथा वरुण ने साउथवेल स्कूल, सोलन, दिल्ली पब्लिक स्कूल, कंडाघाट तथा जीनियस पब्लिक स्कूल सोलन में रोप स्किप्पिंग की विभिन्न विधाओं का डेमोंस्ट्रेशन दिया। इसमें लगभग 200 स्टूडेंट्स तथा अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन हिमाचल प्रदेश रोप्स कीपिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजीनियर कमल सिंह पाल, महासचिव आशीष ढिल्लों, कोषाध्यक्ष गोपाल ठाकुर तथा रोप स्किप्पिंग संघ के तकनीकी समिति के अध्यक्ष इकबाल मल्लिक के सहयोग से करवाया गया। इंजीनियर कमल सिंह पाल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश भर के युवाओं को रोप स्किप्पिंग की विभिन्न स्पर्धाओं के बारे में जागृत करना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय रोप स्किप्पिंग प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिससे स्थानीय स्तर पर रोप स्किप्पिंग की विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए रोप स्किप्पिंग ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि रोप स्किप्पिंग आम जनमानस से जुड़ा हुआ खेल है तथा वर्तमान में फिजिकल फिटनेस से विमुक्त हो रहा जनमानस इस खेल के माध्यम से कम समय तथा स्थान में ही फिजिकल फिटनेस को प्राप्त कर सकता है। संघ के महासचिव आशीष ढिल्लों ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14 अंडर-17, सीनियर तथा 35 वर्ष से अधिक तक के विभिन्न आयु वर्गों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन सभी वर्गों में आगामी समय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हिमाचल प्रदेश रोप स्किपिंग संघ द्वारा किया जाएगा। प्रदेश भर के जो भी पुरुष एवम महिला खिलाड़ी रोप स्किप्पिंग खेल के माध्यम से राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना चाहते हैं वे संगठन के पदाधिकारियों अथवा रोप स्किप्पिंग समिति के तकनीकी अध्यक्ष इकबाल मल्लिक से 97365–57090 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सिरमौर में स्कूल के पास तंबाकू बेचने वालों की अब खैर नहीं

अनंत ज्ञान, नाहन

स्कूलों की परिधि के समीप तंबाकू उत्पाद बेचकर कानून की धज्जियां उड़ाने वाले दुकानदारों पर अब प्रशासन का चाबुक चल गया है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों की गठित फ्लाइंग स्क्वायड ने नाहन शहर में ताबड़तोड़ दबिश दी।

इस कार्रवाई की भनक लगते ही पूरे शहर में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर तुरंत भाग खड़े हुए। टीमों ने ऐसी दुकानों के फोटोग्राफ भी लिए हैं। स्वास्थ्य खंड धगेड़ा की बी.एम.ओ. डॉ. मोनीषा अग्रवाल के नेतृत्व में बनी टीम ने नया बाजार, अमरपुर मोहल्ला और कालीस्थान जैसे मुख्य क्षेत्रों की 35 दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तंबाकू उत्पाद रखने पर 4 दुकानों के मौके पर ही चालान काटे गए। डॉ. मोनीषा अग्रवाल ने बताया कि यह कार्रवाई 60 दिन तक चलने वाले युद्ध स्तर के तंबाकू मुक्त अभियान का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य हर ब्लॉक के 30 गांवों को नशा मुक्त करना है। उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे दुकानों के बाहर तंबाकू उत्पादों को प्रदर्शित नहीं कर सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल के समीप इन उत्पादों को बेचना गंभीर कानूनी अपराध है और पकड़े जाने पर 5 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बीएमओ डॉ. मोनीषा अग्रवाल ने जानकारी दी कि उनकी इस 5 सदस्यीय फ्लाइंग स्क्वायड टीम में तहसीलदार नाहन, पुलिस विभाग से एएसआई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) और आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो दर्शाता है कि कार्रवाई बहु–विभागीय स्तर पर हो रही है।

## मसूलखाना स्कूल में वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा मसूलखाना (सोलन) में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में मोरपेन कंपनी की एआर एडवाइजर गीता सचदेवा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि नवीन गुप्ता, अरुण बाली और एसएनएस फाउंडेशन परवाणू की अंजना शर्मा विशिष्ट एवं सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ ने समारोह में भाग लिया। दीप प्रज्वलन के बाद 'वंदे मातरम्', 'सरस्वती वंदना' और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या कमनीश कुमारी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**संयोग** एक ही जिले से दोनों दलों के अध्यक्ष : सिरमौर में कांटेदार 'सरदारी' का ताज

# सिरमौर के कंधों पर भाजपा-कांग्रेस का जिम्मा

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को जिला सिरमौर से मिले नए प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं अब तेज हो गई हैं। इसकी बड़ी वजह जहां दो साल के बाद विधानसभा चुनाव का होना है। वहीं, एक ही जिला से भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का होना प्रमुख है।

पेंडुलम माने जाने वाली प्रदेश की राजनीति में हर 5 साल के बाद सरकार बदलने की रवायत रही है। ऐसे में वर्ष 2027 कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होगा। भाजपा में जहां गुटबाजी का महासंग्राम अंदर खाते चला हुआ है, तो वहीं कांग्रेस में संगठन और सरकार के बीच में न तो पहले कभी तालमेल रहा है और न ही भविष्य में इसकी संभावनाएं नजर आती हैं। पूर्व में रहे कांग्रेस के मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के अभूतपूर्व विकास और भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे जयराम ठाकुर की ताबड़तोड़ विकास की घोषणाओं के बावजूद, दोनों ही दिग्गज अपनी सरकार को रिपीट करने में कामयाब नहीं रहे थे। इसका सबसे बड़ा कारण हर 5 साल के दौरान कर्मचारी वोट बैंक माना जाता है, जो कि हर पांच साल के बाद दोनों प्रमुख दलों पर भारी रहता है। इस प्रमुख फैक्टर के बाद जातिगत फैक्टर दूसरे नंबर पर आता है। जाहिर है, ऐन चुनाव के वक्त पर प्रदेश का मतदाता किए गए विकास को लगभग भूल जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो सुक्खू गुट अपने मंसूबे में कामयाब हुआ है। मौजूदा नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार वीरभद्र गुट के माने जाते हैं। जिला सिरमौर में ही बात की जाए तो पोंटा साहिब में पूर्व में विधायक रहे कर्नेश जंग और पच्छाद से बार–बार हार चुके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ही वीरभद्र गुट से रहे हैं।

सरकार की मौजूदा स्थिति और प्रदेश में भाजपा के संगठन की मजबूत होती जा रही पकड़ ने 2027 की इबारत पहले ही लिख दी है। ऐसे में कांग्रेस को मिले नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के सिर पर लगाया गया सरदारी का ताज कांटों से भरा नजर आ रहा है। जानकारी तो यह भी है कि वर्ष 2027 में भाजपा भी श्री रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र से विनय कुमार की टक्कर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतार सकती है, जिसकी काट विनय कुमार के पास होगी ही नहीं। हालांकि संगठनात्मक तौर पर भाजपा इस विधानसभा क्षेत्र में फिलहाल काफी कमजोर है, मगर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खुद सिरमौर जिला से ही ताल्लुक रख रहे हैं। ऐसे में वह कब बड़ा दांव खेल जाए, कहा नहीं जा सकता। विकास की अपार संभावनाएं होने के बावजूद, मौजूदा नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार उन संभावनाओं को पटल पर उतार नहीं सके हैं। जबकि आने वाले चुनावों में भाजपा के तरकश में रेणुका जी डैम के अलावा पर्यटन को कैश करने का वृहद प्लान कांग्रेस के भावी प्रत्याशी के लिए भारी पड़ेगा। भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष पहले ही रोप वे सर्किट का सुनहरा सपना दिखा चुके हैं।

### कांग्रेस की देरी, भाजपा का होमवर्क पूरा

**संगठन** को चलाने के जबरदस्त अनुभव के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लगातार प्रदेश भ्रमण पर हैं और उन्हें रणनीति बनाने में काफी अच्छा समय मिला है, जबकि कांग्रेस के द्वारा नए प्रदेश अध्यक्ष बनाने में की गई देरी काफी नुकसानदायक साबित रहेगी। बहरहाल देखना अब यह होगा कि जहाँ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अपना होमवर्क लगभग पूरा करने में सफल हो चुके हैं और बाकी का बचा समय यदि वह नाहन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं तो उसके लिए उनके पास पर्याप्त समय भी होगा, वहीं श्री रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने विनय कुमार बाकी बचे दो सालों में संगठन को मजबूत करेंगे या फिर अपने लिए अपने विधानसभा क्षेत्र में समय देंगे।

अनंत ज्ञान स्पैशल

## तीन साल का जश्न नहीं, सरकार को करना चाहिए आत्मचिंतन : ओम आर्य

अनंत ज्ञान, सोलन

कसौली विधानसभा से युवा भाजपा नेता और समाज सेवी ओम आर्य ने जारी बयान में कहा कि जश्न से पहले प्रदेश सरकार को जनता से किए वादों का हिसाब देना चाहिए। आर्या ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर युवाओं के साथ वादों के अनुरूप व्यवहार न करने के आरोप लगातार बढ़ते रहे हैं।



सुक्खू सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में युवाओं को हर साल एक लाख रोजगार देने का जो बड़ा वादा किया था, वह जमीन पर कहीं दिखाई नहीं देता। ओम ने आरोप लगाया है कि तीन साल में एक लाख तो दूर, 30 हजार नौकरियां भी युवाओं को उपलब्ध नहीं करवाई गईं। इससे नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं में गहरा असंतोष है। ओम ने कहा भर्तियों में देरी और पारदर्शिता पर सवाल कई विभागों में भर्तियाँ लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। लिखित परीक्षाएँ, परिणाम तथा नियुक्ति प्रक्रियाएँ अक्सर विलंब से चल रही हैं। इससे युवाओं में यह धारणा बनी कि सरकार रोजगार निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है। कुछ भर्ती बोडों और विभागीय परीक्षाओं पर पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठे, जिससे विश्वास और कमजोर हुआ। ओम ने कहा की कहा चुनावी गारंटी पूरी न होने की नाराजगी सरकार ने युवाओं के साथ–साथ आम जनता के लिए भी कई वादे किए थे– जैसे 1500 रुपये प्रतिमाह महिलाओं के लिए, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, स्टार्ट–अप इकोसिस्टम को मजबूत करना आदि।

परंतु कथित रूप से इनमें से कई गारंटियाँ समय पर पूरी न होने से जनता में असंतोष बढ़ा है। ओम ने कहा युवाओं का मानना है कि सरकार की प्राथमिकताओं में उनका हित लगातार पीछे रहा। जश्न बनाम आत्मचिंतन का सवाल सरकार अपने तीन वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाने मंडी जा रही है, जिसे विरोधी और असंतुष्ट युवा 'दुर्भाग्यपूर्ण' बता रहे हैं। उनका कहना है कि उत्सव मनाने से अधिक जरूरी है कि सरकार पिछले तीन वर्षों का आत्मचिंतन करे और स्वीकार करे कि वह जनता–खासकर युवाओं के विश्वास पर खरा उतरने में विफल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिल्प मेले में काफी संख्या में पहुंचे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर देश की सांस्कृतिक विरासत को देखकर पर्यटकों को लघु भारत के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक जगह पर एकत्रित करके यह महोत्सव अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस तट पर देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छठा बिखेर रहे हैं और देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपनी कलाओं के जरिए लोगों को आकर्षित करने का कार्य कर रहे हैं। इस सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने और पवित्र ग्रंथ गीता की नगरी को देखने के लिए पर्यटक काफी संख्या में पर्यटक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के 9वें दिन रविवार को छुट्टी के दिन सुबह से ही पर्यटक सरस और शिल्प मेले में खरीदारी करने के लिए पहुंच गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ती रही। इस महोत्सव में पर्यटकों को देश के हर राज्य की लोक कलाओं और संस्कृति से आत्मसात करने का अवसर मिल रहा है। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व भद्रवाही कुड व रुमाली नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उत्तराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्य, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संभालपुरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, ढेरु गाथा गायन आदि की शानदार प्रस्तुति दे रहे हैं। इसके साथ-साथ पंजाब का बाजीगर ग्रुप भी पर्यटकों को अपने मोहपाश में बांधने का काम कर रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में छोड़ी अनोखी छाप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला ने पर्यटकों के मन को मोह लिया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 5 दिसंबर तक लगने वाले इस सरस और क्राफ्ट मेले में शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला की मेहनत के साथ खुद में ही ब्यां कर रही है। इतना ही नहीं इस सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तटों पर शिल्पकारों ने अपनी शिल्पकला को सजाया हुआ है। ये शिल्पकार अपने साथ लकड़ी का बना साज्जो-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है तथा इसको बनाने में कम से कम 2 से 4 दिन का समय लगता है। शिल्पकारों ने बातचीत करते हुए कहा कि अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन वे अन्य राज्यों में भी करते है। वे इस गीता अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष आते है तथा इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, पलावर पॉट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर इस अद्भुत शिल्पकला ने एक अनोखी छाप छोड़ी है।

### अश्वत्थामा की कहानी से विकल्प व जीवन पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** द लेक क्लब में लिटरारी चंडीगढ़ लिट फेस्ट 2025 के दूसरे दिन 'रिपिट्यूअल कार्डस - स्टोरीज ऑफ चेंज एंड चॉइस' शीर्षक से एक सुंदर सत्र देखने को मिला। इस सत्र में, लेखिका-ज्योतिषी शालिनी मोदी ने जाने-माने आध्यात्मिक मार्गदर्शक, कवि और भक्ति व वैष्णव दर्शन के व्याख्याता, कृष्णपद दास जी के साथ एक ज्ञानवर्धक बातचीत की। इसका संचालन कवयित्री और लेखिका अन्नु रानी शर्मा ने किया। शालिनी मोदी ने अश्वत्थामा की कहानी की गहराई को प्रकाशित करते हुए, उनके दिव्य जन्म, उन्हें भटकाने वाले विकल्पों, और उन पर लगे अमरता के अभिशाप पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हम जो विकल्प चुनते हैं, वे हमारे जीवन और भाग्य को कैसे आकार देते हैं, जिसके लिए उन्होंने अश्वत्थामा की कहानी से समानांतर उदाहरण प्रस्तुत किए। पैनल में मौजूद कवियों ने भी अपने विचार साझा किए और परिवर्तन तथा चुनाव के विषय पर अपनी कविताएं और विचार प्रस्तुत किए, जिससे सत्र और भी समृद्ध हो गया। चर्चा का एक प्रमुख हिस्सा क्लेश यानी मन के विकारों, विशेष रूप से भय या भयानक रस की भावना पर केंद्रित था।

# महिलाओं की आर्थिक आजादी में स्वयं सहायता समूहों का अहम योगदान: सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरस आजीविका मेला शिल्पकारों और खरीदारों को एक मंच पर लाने के साथ-साथ देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता में भी योगदान देता है। हम सबको अपने शिल्पकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं पर गर्व करना चाहिए और उनके द्वारा बनाये उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसा करके हम अपने क्षेत्र के शिल्पकारों तथा लघु उद्यमियों की मदद कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 के समापन समारोह को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। महिला उद्यमी ऐसे उत्पादों का निर्माण करें जो गुणवत्ता और शिल्प की दृष्टि से विदेशी उत्पादों को कड़ी टक्कर दें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों की महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों, शिल्पकारों व कारीगरों द्वारा



लगाए गए विभिन्न उत्पादों के स्टॉल्स का अवलोकन किया और उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने महिलाओं की कला और कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी बहनें स्वदेशी उत्पादों का निर्माण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने में अपना अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने महिला उद्यमियों से आह्वान किया कि वे ऐसे उत्पादों का निर्माण करें जो गुणवत्ता और शिल्प की दृष्टि से विदेश उत्पादों को कड़ी टक्कर दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य ग्राम आजीविका मिशन के दो ऑनलाइन पोर्टल- स्वापन डिजिटल ग्राम बाजार पोर्टल और सांझा बाजार सेल्स पोर्टल का शुभारंभ किया। स्वापन डिजिटल ग्राम बाजार पोर्टल एक एकीकृत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से हरियाणा के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन और बिक्री की जा सकेगी। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी और आर्थिक स्वतंत्रता सुदृढ़ होगी। यह ऑनलाइन खुदरा मंच एसएचजी को अपने उत्पाद पंजीकृत करने, ऑर्डर प्राप्त करने, बिक्री का रिकॉर्ड देखने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के ग्राहकों तक पहुंचने की सुविधा प्रदान करेगा। इसी प्रकार सांझा बाजार सेल्स पोर्टल के माध्यम से एसएचजी को निरंतर बाजार उपलब्धता, स्टॉल आवंटन में पारदर्शिता, रियल-टाइम सेल्स ट्रैकिंग तथा उत्पाद प्रदर्शन के विश्लेषण जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

यह पोर्टल सांझा बाजार, बस स्टैंड शॉप्स, ग्राम दुकानों, कैंटीन, सरस मेला और मॉल स्टॉल्स के अंतर्गत आने वाली सभी परिचालन गतिविधियों को एकीकृत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस मेले में हमारी बहनों की भागीदारी अधिक है। यह महिला सशक्तिकरण का एक मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में महिलाओं की आर्थिक आजादी में स्वयं सहायता समूहों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के काम की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रशंसा की है।

# अतिरिक्त खाद-कीटनाशक की जबरन बिक्री पर सख्ती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सभी सरकारी अधिकारियों और निजी उर्वरक-कीटनाशक डीलरों को सख्त निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट कहा कि किसानों को डीएपी या यूरिया के साथ अतिरिक्त खाद, जिंक, कीटनाशक या किसी अन्य कृषि सामग्री को जबरन खरीदने के लिए बाध्य करना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी किसी भी जबरदस्ती पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राणा ने कहा कि किसानों को अवांछित उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस तरह की प्रथाएं अनैतिक हैं और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों का सीधा उल्लंघन हैं। उर्वरक वितरण संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। कोई भी अधिकारी या डीलर इन नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसे किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री ने सभी जिला के कृषि उपनिदेशकों को ऐसे मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने, मौके पर जांच करने और दोषियों के खिलाफ लाइसेंस निलंबन से लेकर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने तक की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उल्लंघन करने वालों पर नजर रखने के लिए विशेष मॉनिटरिंग व्यवस्था सक्रिय कर दी गई है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई अधिकारी या डीलर डीएपी या यूरिया के साथ अतिरिक्त उत्पाद खरीदने का दबाव डालता है, तो किसान तुरंत टोल-फ्री नंबर 1800-180-1551 पर कॉल करें या जिला कृषि कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं। किसान ब्लॉक या जिला स्तर पर कृषि अधिकारियों को भी अपनी शिकायत दे सकते हैं। सरकार तुरंत कार्रवाई करेगी और दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी। उर्वरक उपलब्धता को लेकर चिंता दूर करते हुए श्री राणा ने कहा कि राज्य में रबी सीजन के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि हरियाणा को डीएपी और यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति मिल चुकी है। केंद्र सरकार से नियमित रूप से सप्लाई जारी है और सभी जिलों में पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरक का वितरण पैक्स, निजी डीलरों और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है।

## चौथी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा 'बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के उद्घोष से शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व के पावन अवसर पर यमुनानगर जिला के कस्बा साढौरा से शुरू हुई चौथी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा को बीती सायं सरस्वती नगर स्थित जनता पब्लिक स्कूल से कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व यात्रा संयोजक गुरबाज सिंह सिकंदरा, बीबी जसबीर कौर व चेयरमैन रुपेंद्र मल्ली के मार्गदर्शन में बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ गांव झीवर हेडी में रात्रि ठहराव के लिए रवाना किया।

यह नगर कीर्तन यात्रा जोडियो गुरुद्वारा साहिब से रात्रि विश्राम के बाद गांव ऊंचा चांदना, रपोली, सतगोली, टोपरा कला, हरनौल, रेतगढ़, हाफिजपुर, कुंजल कंबोयान, बैडी, खजूरी, बकाना, रादौर चौक से होते हुए रादौर पहुंची, जहां वरिष्ठ नेताओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया और सरोपे भेंट किए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में हरियाणा में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो हरियाणा के सभी जिलों से गुजरते हुए 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न होंगी, जहां सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके अगले दिन, 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में महा समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता, धर्म और देश की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया, जिसे समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता 2 दिसंबर से

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) के महासचिव अमरजीत कुमार के अनुसार, स्वर्गीय समाजसेवी श्री तेलू राम की स्मृति में पहला अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट 2 दिसंबर से आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच 30-30 ओवर की पारी, लाल गेंद और सफेद ड्रेस में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम कम से कम चार मैच खेलेगी, और 12 खिलाड़ियों को सुपर सब पैटर्न के तहत खेलने का अवसर मिलेगा। मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जैसे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज, क्षेत्ररक्षक और विकेटकीपर को ट्रॉफी और क्रिकेट उपकरण से सम्मानित किया जाएगा। दो सेमीफाइनल मैच 10 को टीडीएल क्रिकेट स्टेडियम, पंचकूला में होंगे, जबकि फाइनल और पुरस्कार वितरण समारोह 11 को आयोजित किया जाएगा।

## किसना ज्वेलरी के चौथे शोरूम का लुधियाना में शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, लुधियाना**

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने गर्व से पंजाब, लुधियाना में अपने चौथे एक्सक्लूसिव शोरूम के ग्रैंड ओपनिंग की घोषणा की, जो ब्रांड रोड, मॉडल टाउन में है। उद्घाटन में हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री घनश्याम ढोलकिया शामिल हुए, जो ब्रांड के तेज़ी से नेशनल रिटेल विस्तार में एक और मील का पत्थर है। इस मौके पर कुलवंत सिंह सिद्धू, एँम एल ए और अमरजीत सिंह एडवोकेट, प्रेसिडेंट, मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन, लुधियाना भी मौजूद रहे।

इस लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, किसना डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 फीसदी तक और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25% तक की छूट दे रहा है, साथ ही आई सी आई सी आई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 5% का




एडिशनल इंस्टेंट डिस्काउंट भी दे रहा है। हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा: 'लुधियाना, जो अपनी वाइब्रेंट कमर्शियल स्पिरिट और बदलती लाइफस्टाइल पसंद के लिए जाना जाता है, पंजाब के सबसे तेज़ी से बढ़ते ज्वेलरी मार्केट में से एक है। शादियों का सीज़न अपने पीक पर है, हमें किसना की भरोसेमंद कारीगरी और मॉडर्न डिज़ाइन को उन परिवारों तक पहुँचाने में खुशी हो रही है जो अपने सबसे खास पल मना रहे हैं। यह लॉन्च 'हर घर किसना' के हमारे विज़न को और मज़बूत करता है, क्योंकि हम भारत की हर महिला के लिए डायमंड ज्वेलरी को आसान बनाने के करीब पहुंच रहे हैं। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सी इ ओ, श्री पराग शाह ने कहा, 'पंजाब में हमारा विस्तार पूरे भारत में हमारे मजबूत कंज्यूमर कॉन्फिडेंस को दिखाता है। लुधियाना में नया शोरूम एक मॉडर्न रिटेल स्पेस, पर्सनलाइज्ड सर्विस और हर मौके, खासकर शादियों के सीज़न के लिए तैयार की गई डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की एक बड़ी रेंज का वादा करता है।

## देश-विदेश

# फडणवीस बोले- पाकिस्तान नहीं हरा सकता भारत को

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर 26/11 हमलों की 17वीं बरसी के मौके पर 'ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि

**कहा- 26/11 के बाद ऑपरेशन सिंदूर होता तो हिम्मत नहीं करता**

पाकिस्तान जानता है कि वह सीधे युद्ध में भारत को नहीं हरा सकता, इसलिए, उसने पहलगाम आतंकी हमला और दिल्ली ब्लास्ट किया। सीएम ने कहा कि मुंबई में 26 नवंबर 2008 (26/11) को आतंकवादी हमला भारत की संप्रभुता पर हमला था। अगर तब हमने ऑपरेशन सिंदूर करने साहस दिखाया होता, तो आज कोई हम पर हमला करने की हिम्मत नहीं करता। लेकिन हमने उस समय वह साहस नहीं दिखाया। फडणवीस ने कहा कि आतंकियों ने 2001 में 9/11 हमले के लिए अमेरिका के ट्विन टावर्स को चुना था। अमेरिका की ताकत ट्विन टावर्स में है, इसलिए वहां हमला करके, उन्होंने अमेरिका की संप्रभुता को चुनौती दी थी। इसी तरह, भारत की संप्रभुता को चुनौती देने के लिए मुंबई को चुना गया था। फडणवीस ने कहा कि मुंबई हमले के 17 साल बीत चुके हैं, फिर भी हमारे दिलों में दर्द है। आतंक का खतरा अभी भी बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सोनम वांगचुक की पत्नी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा। पत्नी ने याचिका में क्लाइमेट एक्टिविस्ट की सख्त नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत हिरासत को गैर-कानूनी और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला मनमाना काम बताया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट ने 29 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की बदली हुई याचिका पर केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। (अनंत ज्ञान)

# हमास के शीर्ष नेता काहिरा में, इसराइल के गाजा पर हमले से 24 लोगों की मौत

**एजेंसी, काहिरा/गाजा पट्टी**

**आतंकवादी** समूह हमास का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल गाजा में बढ़ रहे तनाव के मद्देनजर मिस्र के खुफिया अधिकारियों से चर्चा करेगा। इस बीच उत्तरी और मध्य गाजा में इसराइली ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम 24 लोग मारे गए। द टाइम्स ऑफ इसराइल की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अल-हदाथ न्यूज आउटलेट ने हमास नेताओं के काहिरा पहुंचने की सूचना दी है। हमास नेताओं ने कहा कि वह वह गाजा में बढ़ते तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना के दूसरे चरण में हुए बदलाव पर चर्चा करेंगे। इस



आउटलेट ने एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि हमास के अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल मिस्र के खुफिया अधिकारियों से मुलाकात करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान मध्यस्थ देशों मिस्र और अमेरिका के प्रतिनिधियों से भी हमास के नेता मिल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा भारत: डॉ. जितेंद्र सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार भारत की विकास यात्रा के प्रमुख स्तंभ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान कम समय में देश के वैज्ञानिक क्षेत्र में नई पहचान और नई ऊर्जा का केंद्र बन गया है।

वैज्ञानिक और अभिनव अनुसंधान अकादमी के नौवें दीक्षांत समारोह में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि साल 2023 में शुरू किया गया आई- पीएचडी कार्यक्रम एक ऐसा शैक्षणिक मॉडल है जो कल्पना, नवाचार और उद्योग को सीधे शोध से जोड़ता है। आई-पीएचडी का आई केवल उद्योग ही नहीं बल्कि कल्पना और नवाचार का भी प्रतीक है। हर शोधार्थी को ऐसी तकनीक विकसित करनी होती है जो शोध को उद्योग, समाज या स्टार्टअप से जोड़े। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और अभिनव अनुसंधान अकादमी महज एक दशक में देश के तेजी से विकसित हो रहे वैज्ञानिक संस्थानों में शामिल हो चुकी है।

भारत तेजी से नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग पर आधारित होगी और अकादमी के शोधार्थी इस परिवर्तन के महत्वपूर्ण वाहक बनेंगे। (अनंत ज्ञान)

# फ्रांसीसी नौसेना ने किया पाक पत्रकार का दावा खारिज, कहा- राफेल गिरने की बात कभी नहीं मानी

**एजेंसी, पेरिस**

**फ्रांसीसी** नौसेना ने ऑपरेशन सिंदूर में राफेल गिरने की पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर की रिपोर्ट को फर्जी बता दिया है। नौसेना ने कहा है कि राफेल गिरने की बात न तो कभी मानी गई और न ही किसी अधिकारी ने ऐसा बयान दिया।

हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते राफेल गिरने का दावा किया था। फ्रांसीसी नेवी ने बताया कि रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत है। रिपोर्ट में जैक्स लौने कहा गया, जबकि सही नाम कैप्टन यवन लौने है। नेवी ने कहा कि कैप्टन लौने के पद और जिम्मेदारियों को भी बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। फ्रांस के मुताबिक कैप्टन लौने ने न तो राफेल गिराए जाने की कोई बात कही और न ही भारत-

### पाकिस्तान का झूठ बेनकाब: भाजपा

**बीजेपी** नेता अमित मालवीय ने कहा कि पाकिस्तान का मिसइन्फॉर्मेशन नेटवर्क एक बार फिर बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि हामिद मीर की रिपोर्ट में राफेल जेट्स को लेकर वही पुराने, मनगढ़ंत दावे दोहराए गए, जिन्हें अब फ्रांसीसी नेवी ने भी झूठा बता दिया है। मालवीय ने आरोप लगाया कि हामिद मीर के कुछ भारतीय मीडिया संस्थानों से करीबी संबंध हैं, जिससे पाकिस्तान की प्रोपेगेंडा मशीनरी को बढ़ावा मिलता है।

पाकिस्तान झड़प को लेकर कोई दावा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल पूछे जाने पर सिर्फ इतना कहा था कि वे इस पर टिप्पणी नहीं कर सकते। इसके बावजूद रिपोर्ट में इसे पुष्टि की तरह पेश किया गया। (अनंत ज्ञान)

## शेख हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले जजों के खिलाफ सोशल मीडिया पर बवाल

**एजेंसी, ढाका।** अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना व अन्य को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए सजा सुनाने वाले बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायधिकरण-1 (आईसीटी-1) के जजों पर तमाम लोगों ने सोशल मीडिया पर निशाना साधा है। आईसीटी-1 ने पिछले दिनों अपने फैसले में हसीना को मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद सोशल मीडिया इन जजों के खिलाफ टिप्पणियों की बाढ़ आ गई। कई ने तो जजों के फोटो अपलोड कर अभद्र संदेश लिखे। आईसीटी-1 ने ऐसे फोटो और टिप्पणियों को हटाने का आदेश अंतरिम सरकार को दिया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीटी-1 ने ऐसे फोटो और टिप्पणियां हटाने का आदेश दिया है। आईसीटी-1 ने बीटीआरसी के चेयरमैन और सूचना सचिव को आदेश दिया है कि वह तीन दिसंबर तक इस संबंध में रिपोर्ट जमा करें। ऐसे संदेश अखबारों और न्यूज चैनलों से भी हटवाए जाएं। यह आदेश आज न्यायाधिकरण के मुख्य न्यायाधीश गुलाम मुर्तजा मजूमदार की अगुवाई वाली दो सदस्यों वाली पीठ ने दिए। (अनंत ज्ञान)

# नोटबंदी व लॉकडाउन की तरह एसआईआर को भी जल्दबाजी में लागू किया: खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अलग-अलग राज्यों में कुछ बूथ लेवल अफसरों की मौत की खबरें सामने आई हैं।

इनमें से कई मौतों के पीछे एसआईआर के काम के भारी दबाव को वजह बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि काम का बोझ बीएलओ और पोलिंग अफसरों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। दावा किया कि एसआईआर को जल्दबाजी में लागू किया गया और ये नोटबंदी और लॉकडाउन के फैसलों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वोट चोरी अब जानलेवा हो गई है। खरगे ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में दावा किया कि '19 दिनों में, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 16 बीएलओ की मौत हो गई है। काम का बोझ बीएलओ और पोलिंग अफसरों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर रहा है।

हर उस परिवार के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं हैं जिन्होंने अपनों को खोया है। जमीनी हकीकत के हिसाब से, यह संख्या बताई गई संख्या से कहीं ज्यादा है, जो बहुत चिंता की बात है। इन परिवारों को इंसाफ कौन दिलाएगा?' उन्होंने आरोप लगाया, 'भाजपा चोरी की सत्ता का मजा ले रही है, जबकि चुनाव आयोग मूकदर्शक बनकर देख रहा है।' खड़गे ने दावा किया कि 'एसआईआर को जल्दबाजी में, बिना किसी योजना के जबरदस्ती लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सत्ता की भूख संस्थाओं को आत्महत्या करने, संविधान को खत्म करने और सत्ता का गलत इस्तेमाल करके लोकतंत्र को कमजोर करने पर मजबूर कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# कॉप-30 सम्मेलन में भारत ने दोहराई जलवायु न्याय समानता पर वैश्विक जिम्मेदारियों को पूरा करने की मांग

**एजेंसी, बेलेम**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कॉप-30 के समापन सत्र में कहा कि विकसित देशों को जलवायु वित्त से जुड़े अपने पुराने वादे अब पूरा करने होंगे और जलवायु न्याय और समानता को वैश्विक ढांचे का आधार बनाना होगा। भारत ने साफ किया कि जिन देशों की जलवायु संकट पैदा करने में सबसे कम भूमिका है, उन पर बोझ नहीं डाला जा सकता।

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, बयान में भारतीय पक्ष ने कॉप-30 की अध्यक्षता के समावेशी और संतुलित नेतृत्व की सराहना की।

'ग्लोबल गोल ऑन एडाप्टेशन में हुई प्रगति को विकासशील देशों की जरूरतों को मान्यता देने वाला अहम कदम बताया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जलवायु वित्त पर अनुच्छेद 9.1 को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि 33 वर्ष पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा किया जाना चाहिए। भारत ने जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म की स्थापना को कॉप-30 का महत्वपूर्ण परिणाम बताया और उम्मीद जताई कि यह वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर समानता व जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा।

भारत ने एकतरफा व्यापार-प्रतिबंधात्मक जलवायु उपायों पर चर्चा का अवसर देने के लिए भी अध्यक्षता को धन्यवाद दिया। भारत ने कहा कि ऐसे उपाय विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं और समानता तथा साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारियों के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। (अनंत ज्ञान)

## छत्तीसगढ़ में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीमों की 18 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रविवार सुबह एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीमों ने आबकारी और डीएमएफ मामले से जुड़े लगभग 18 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसियों के सूत्रों के हवाले से खबर है कि रायपुर के रामा ग्रीन कॉलोनी में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के ठिकाने पर दबिश दी गई है। मौके पर अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। साथ ही अमलीडीह स्थित ला विस्टा कॉलोनी में कारोबारी हरपाल अरोरा के घर छापेमारी की गई है। वहीं, बिलासपुर में अशोक टुटेजा के ठिकानों पर छापेमारी की खबर है। रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार रामा ग्रीन कॉलोनी में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के ठिकाने सहित अंबिकापुर, कोंडागांव समेत विभिन्न जिलों में छापा पड़ा है। एसीबी-ईओडब्ल्यू टीम के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# वेनेजुएला में तख्तापलट करा सकता है अमेरिका सीक्रेट ऑपरेशन की तैयारी, इलाके में घेराबंदी जारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** और लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में वेनेजुएला के खिलाफ नया ऑपरेशन शुरू हो सकता है। ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट भी करवा सकता है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है।

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआत सीक्रेट ऑपरेशन से हो सकती है। अभी साफ नहीं है कि यह कदम कब उठाया जाएगा और इसका दायरा कितना बड़ा होगा,

### अमेरिका बोला- हर तरह की ताकत का इस्तेमाल करेंगे

**अमेरिकी** रक्षा विभाग पेंटागन और सीक्रेट एजेंसी सीआईए इस पूरे मामले पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस तस्करी रोकने के लिए हर तरह की ताकत का इस्तेमाल करने को तैयार हैं। कैरेबियाई इलाके में बीते कुछ महीनों से अमेरिकी सेना का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। सबसे बड़ा अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर 'जेराल्ड आर फोर्ड' और उसके साथ कई युद्धपोत, एक परमाणु पनडुब्बी और एफ-35 विमान तैनात किए गए हैं। अमेरिका लंबे समय से मादुरो पर आरोप लगाता रहा है कि वह ड्रग तस्करी में शामिल हैं, हालांकि मादुरो इन आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताते हैं। दूसरी तरफ मादुरो का कहना है कि अमेरिका उन्हें सत्ता से निकालना चाहता है, लेकिन देश और सेना किसी भी बाहरी दखल का विरोध करेगी। अमेरिकी सेना सितंबर से अब तक दर्जनों ड्रग बोट्स पर हमले कर चुकी है, जिनमें 80 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि अमेरिका बिना सबूत के लोगों को मार रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

लेकिन इतना जरूर है कि ट्रम्प प्रशासन इसे लेकर काफी गंभीर है। हाल के हफ्तों में अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई इलाके में बड़ी संख्या में जहाज, विमान और सैनिक तैनात किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच टकराव की आशंका बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### हॉकी इंडिया ने की पुरुष जूनियर विश्व कप के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा

**एजेंसी, मदुरै।** हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक यहां होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए रविवार को मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' उन्होंने कहा कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकटजीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के लिए पहुंचीं तीन देशों की टीमें

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु में हो रहे एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 से पहले रविवार को ओमान, फ्रांस और स्विट्जरलैंड की टीमें चेन्नई पहुंच गई हैं। यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होगा। 24 टीमों की भागीदारी के साथ यह संस्करण इतिहास का सबसे बड़ा जूनियर विश्व कप है। इन टीमों के आगमन से इस वैश्विक प्रतियोगिता से पहले उत्साह और बढ़ गया है। ओमान एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में पहली बार भाग ले रहा है, जो देश के हॉकी कार्यक्रम के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मेजबान भारत, स्विट्जरलैंड और चिली के साथ पूल बी में शामिल ओमान अपने अभियान की शुरुआत 28 नवंबर को चेन्नई में स्विट्जरलैंड के खिलाफ करेगा। ओमान के कोच मोहम्मद बैत जंदाल ने कहा, 'हम इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पहली बार भाग ले रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और इस अनुभव का पूरा लाभ उठाना है। हम जानते हैं कि हम भारत जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलेंगे और हमें उम्मीद है कि हम इन उच्च-स्तरीय मैचों से सीखेंगे और आगे आने वाले मैचों में उन सीखों को लागू करेंगे। हममें से कई लोग भारतीय हॉकी के प्रशंसक हैं और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में उनका बारीकी से अनुसरण करते हैं, इसलिए उनका सामना करना हमारे खिलाड़ियों के लिए निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण क्षण होगा। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी रहे संयुक्त 42वें स्थान पर

**एजेंसी, रियाद।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी पीआईएफ सऊदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अंतिम दौर में एक ओवर का कार्ड खेलकर संयुक्त 42वें स्थान पर रहे जबकि स्पेन के जोसेले बालेस्टर ने खिताब अपने नाम किया। बालेस्टर ने अंतिम दौर में छह अंडर पार 65 का कार्ड खेला जिससे उन्होंने तीन शॉट से जीत दर्ज की। लाहिड़ी ने तीन बर्डी लगाई लेकिन चार बोगी कर बैठे जिससे उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा। (अनंत ज्ञान)

#### बेहतरीन अंदाज में एलिस कैप्सी

**एलिस** कैप्सी इंग्लैंड की एक दाएं हाथ की बल्लेबाज और दाएं हाथ की ऑफ-ब्रेक गेंदबाज हैं, जो एक ऑलराउंडर के रूप में खेलती हैं। उन्होंने जुलाई 2022 में इंग्लैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 2021 में पीसीए महिला यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता और युवावस्था में ही एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरी हैं।



# लक्ष्य सेन ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब

## मात्र 38 मिनट में फाइनल अपने नाम किया; जापान के युशी तनाका को हराया

**एजेंसी, सिडनी**

**भारतीय** शटलर लक्ष्य सेन ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने जापान के युशी तनाका को 21-15, 21-11 से हराया। सिडनी के स्पोर्ट्स सेंटर में लक्ष्य ने मुकाबला सिर्फ 38 मिनट में अपने नाम कर लिया और जीत के बाद कानों पर उंगलियां रखकर जश्न मनाया। 24 साल के लक्ष्य उत्तराखंड के अल्मोड़ा के रहने वाले हैं। पेरिस ओलिंपिक में चौथा स्थान हासिल करने के बाद वे खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, लेकिन इस टूर्नामेंट में उन्होंने शानदार वापसी की।

सेमीफाइनल में उन्होंने चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को मात दी थी। तनाका के खिलाफ एकतरफा जीत विश्व रैंकिंग में नंबर-26 तनाका ने इस साल ऑरलियंस मास्टर्स और यूएस ओपन (दोनों सुपर 300) जीते थे। उनके खिलाफ लक्ष्य ने बेहतरीन कंट्रोल, सटीक प्लेसमेंट और साफ-सुथरा खेल दिखाया और मैच को सीधे गेम में समाप्त किया। लक्ष्य की शानदार शुरुआत लक्ष्य ने शुरुआत से ही लय पकड़ ली और 6-3 की बढ़त बनाई। तनाका लगातार नेट, बैकलाइन और ओवरहिट शॉट्स की गलतियां करते रहे। 35 शॉट्स की लंबी रैली भी उनकी गलती पर खत्म हुई। ब्रेक तक लक्ष्य 11-8 से आगे थे। ब्रेक के बाद लक्ष्य का खेल और मजबूत हुआ। उनके बैकहैंड स्मैश और क्रॉस-कोर्ट विनर ने उन्हें 17-13 की बढ़त दिलाई।



**युशी तनाका को 21-15, 21-11 से दी शिकस्त**

तनाका की लगातार गलतियों के चलते लक्ष्य को पांच गेम पॉइंट मिले और उन्होंने पहला ही मौका भुना लिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा दूसरा गेम एकतरफा रहा। लक्ष्य शुरुआत में ही 8-4 से आगे निकले। उनकी बैकलाइन जजमेंट शानदार रही और तनाका कई बार शटल बाहर मारते रहे। लक्ष्य ने नेट पर एक अहम रैली जीतकर स्कोर 13-6 किया, फिर लगातार स्मैश लगाते हुए 19-8 की बढ़त हासिल की। उनके पास 10 मैच पॉइंट आए। पहला मौका चूकने के बाद उन्होंने अगले ही पॉइंट पर तेज क्रॉस-कोर्ट शॉट से मैच और खिताब दोनों जीत लिए। 2024 के बाद पहला बड़ा खिताब वर्ल्ड नंबर-14 लक्ष्य ने आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल (सुपर 300) जीता था। उसके बाद यह उनका पहला बड़ा सुपर 500 टाइटल है। इस साल सितंबर में वे हांगकांग सुपर 500 के फाइनल तक भी पहुंचे थे, लेकिन खिताब नहीं जीत पाए थे। इस सीजन खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय इस जीत के साथ लक्ष्य इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 जीता था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी हांगकांग और चाइना मास्टर्स के फाइनल में पहुंची थी, जबकि किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### लक्ष्य सेन ने नहीं गंवाया एक भी गेम

**इस** वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेज तर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए।

## सेनुरन मुथुसामी ने भारत के खिलाफ शतक लगाकर रचा इतिहास

**एजेंसी, गुवाहाटी।** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपने करियर की पहली सेंचुरी लगाने वाले सेनुरन मुथुसामी सुर्खियों में हैं। उनका जन्म भले ही 22 फरवरी 1994 को साउथ अफ्रीका के डरबन में हुआ हो, लेकिन उनके पूर्वज भारत के तमिलनाडु के नागपट्टिनम के रहने वाले थे। साउथ अफ्रीका के इस ऑल-राउंडर ने अपना टेस्ट डेब्यू भी भारत के खिलाफ किया था।

कोहली को उन्होंने 20 रन पर कॉट एंड बोल्ड किया था। परिवार और शुरुआती जीवन सेनुरन एक तमिल हिंदू परिवार से आते हैं। साउथ अफ्रीका में रहते हुए भी वे भारतीय परंपराओं, मंदिर दर्शन और योग से जुड़े रहते हैं। 6 फीट 3 इंच लंबे इस खिलाड़ी ने बचपन से ही क्रिकेट में रुचि दिखाई। उन्होंने शुरूआती पढ़ाई डरबन के क्लिफ्टन स्कूल में की और यहीं से उनकी क्रिकेट ट्रेनिंग शुरू हुई।टेस्ट डेब्यू से मिली पहचान 31 साल के मुथुसामी ने 2019 में विशाखापट्टनम में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया। इस मैच में विराट कोहली का विकेट झटकर वे अचानक सुर्खियों में आ गए। यह विकेट उनके करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट था। (अनंत ज्ञान)

# पहली पारी: साउथ अफ्रीका 489 रन पर ऑलआउट

## गुवाहाटी टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने बिना किसी नुकसान के 9 रन बनाए

**मुथुसामी ने लगाया शतक**
**कुलदीप को मिले 4 विकेट**

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**भारत** के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट की पहली पारी में साउथ अफ्रीका 489 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने बिना किसी नुकसान के 9 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल नाबाद लौटे।

साउथ अफ्रीका ने बरसापारा स्टेडियम में शनिवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। टीम से सेनुरन मुथुसामी ने 109 और मार्को यानसन ने 93 रन बनाए। भारत से कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को 2-2 विकेट मिले। साउथ अफ्रीका ने पहले दिन 6 विकेट खोकर 247 रन बनाए थे। ट्रिस्टन स्टब्स ने 49 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 41 रन की पारी खेली थी।



तीसरे दिन का खेल सोमवार सुबह 9 बजे से शुरू होगा। कुलदीप यादव ने मार्को यानसन को बोल्ड कर दिया। यानसन ने 91 बॉल पर 93 रन बनाए। इसी विकेट के साथ साउथ अफ्रीका की पहली पारी खत्म हो गई। केशव महाराज 12 रन बनाकर नाबाद रहे। यानसन ने अपनी पारी में 7 छक्के जड़े। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने साइमन हार्मर को बोल्ड कर भारत को नौवीं सफलता दिलाई। 144वें ओवर की पहली गेंद पर बुमराह ने क्रीज के बाहर से गेंद फेंकी और सीधे स्टंप उखाड़ दिए। हार्मर गेंद को डिफेंड करना चाहते थे, लेकिन चूक गए और गेंद स्टंप के ऊपरी हिस्से पर जा लगी। हार्मर ने 17 गेंदों में 5 रन बनाए। मार्को यानसन ने रवींद्र जडेजा के ओवर में दो छक्के लगाए। 140वें ओवर में 13 रन बने। साउथ अफ्रीका का आठवां विकेट गिर गया है। सिराज ने मुथुसामी को आउट कर मार्को यानसन के साथ उनकी 97 रन की साझेदारी तोड़ी। उन्होंने 139वें ओवर की पहली गेंद पर उन्हें बाउंड्री के पास यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करवाया। मुथुसामी ने 206 गेंदों में 109 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 10 चौके और 2 छक्के लगाए। (अनंत ज्ञान)

### अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ने से चूके येन्सन

**मार्को** येन्सन ने भारत के खिलाफ गुवाहटी में पहली पारी में 7 छक्के जड़े। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा एक पारी में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में जड़े गए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा छक्के हैं। शाहिद अफरीदी ने भी ऐसा कर रखा है। मार्को येन्सन ने भारत के खिलाफ गुवाहटी टेस्ट की पहली पारी में 93 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने 7 छक्के जड़े। येन्सन इसी के साथ भारत के खिलाफ एक पारी में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस लिस्ट में शाहिद अफरीदी की बराबरी कर ली है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के नाम भी भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 7 छक्के जड़ने का रिकॉर्ड है। उन्होंने यह कारनामा 2006 में लाहौर टेस्ट में किया था, जब उन्होंने 103 रनों की पारी खेली थी।

## अमर देवंदा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीती



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीत ली। भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## एशेज मैराथन की तरह, हम मजबूत वापसी करेंगे: मैकुलम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंग्लैंड टीम के लिए एशेज 2025-26 की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया ने दो दिन के अंदर हरा दिया। इंग्लैंड ने अपने 20 विकेट 67.3 ओवर में गंवा दिए। हार के बाद इंग्लैंड अपनी बल्लेबाजी को लेकर आलोचना का शिकार है, लेकिन, कोच ब्रेंडन मैकुलम ने टीम का बचाव किया है। ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि हम 204 रन का बचाव कर लेंगे, लेकिन ट्रेविस हेड की आसाधारण पारी की वजह से हमें हार का सामना करना पड़ा। मैंने जितनी बेहतरीन टेस्ट पारियां देखी हैं, ये उसमें से एक थी। हम हार से निराश नहीं हैं। हेड की बल्लेबाजी देख हमारा भी आत्मविश्वास कहीं न कहीं बढ़ा है। एशेज मैराथन की तरह है। हम अगले मैचों में जोरदार वापसी करेंगे। इंग्लैंड के कोच ने कहा कि हमारी दूसरी पारी जब समाप्त हुई तो मेरी बात पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट से हुई थी। गिलक्रिस्ट ने कहा था कि हमने 30 रन अधिक बना लिए हैं। लेकिन, जिस तरह की बल्लेबाजी ट्रेविस हेड ने की, उसे देख मुझे लगता है कि हम कम-से-कम 230 रन कम रह गए थे। मैकुलम ने हेड के अलावा ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की भी तारीफ की। इंग्लैंड के मुख्य कोच ने हार के बावजूद इंग्लैंड की बल्लेबाजी शैली का बचाव करते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल ठीक है। हमें अपने अप्रोच पर विश्वास है और हम अगले मैचों में निश्चित रूप से वापसी करेंगे। इंग्लैंड ने चौथी पारी में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 205 का लक्ष्य दिया था। (अनंत ज्ञान)

## शुभमन गिल इंजरी के चलते अब लंबे समय तक मैदान से रहेंगे बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल गर्दन में लगी नर्व इंजरी के चलते लंबे समय तक मैदान से बाहर रहेंगे। गिल अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के साथ-साथ आगामी तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। यानी 2025 के सभी शेष अंतरराष्ट्रीय मुकाबले वे नहीं खेल पाएंगे। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान गिल की गर्दन में अचानक दर्द हुआ।

इसके बाद वे दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए भी मैदान पर नहीं उतर सके और भारत की दूसरी पारी (124 रन के लक्ष्य का पीछा) में भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में ले जाया गया था, जहां प्रारंभिक जांच के बाद अगले दिन छुट्टी दे दी गई। गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट से बाहर होने के बाद गिल को आगे की जांच के लिए मुंबई भेजा गया। वहां स्पाइनल इंजरी स्पेशलिस्ट ने उनकी जांच की और नर्व इंजरी की पुष्टि की। फिलहाल उन्हें इंजेक्शन दिए जा रहे हैं। रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम कुछ दिनों बाद शुरू होगा। बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट किसी भी तरह का रिस्क लेना नहीं चाहते, क्योंकि फरवरी 2026 में भारत में ही टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुभमन गिल जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से टीम में वापसी कर सकते हैं। उससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे और 21 जनवरी से खेली जाने वाली टी20 सीरीज पूरी तरह मिस करेंगे। ये दोनों सीरीज टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारत की आखिरी द्विपक्षीय सीरीज होंगी। वहीं, केएल राहुल टीम इंडिया की कप्तानी संभाल सकते हैं।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में खेला जाएगा। गर्दन की चोट नस या मांसपेशियों से जुड़ी समस्या बीसीसीआई अधिकारियों के मुताबिक गिल की चोट सामान्य नहीं है। यह मांसपेशियों या नसों से जुड़ी जटिल समस्या हो सकती है। गिल को दर्द कम करने के लिए इंजेक्शन दिया गया है और उन्हें आराम की सलाह मिली है। संभावना है कि वह 9 दिसंबर से शुरू होने वाली 20 सीरीज भी मिस कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**खिताब** भारतीय टीम ने तीन विकेट खोकर 12वें ओवर में हासिल किया 115 रन का लक्ष्य

# भारत ने टी-20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप जीता

**एजेंसी, कोलंबो**

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम ने पहला दृष्टिहीन क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम किया। भारतीय टीम ने नेपाल को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। श्रीलंका केपी सारा ओवल में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए 115 रन का लक्ष्य मिला था। इसे भारतीय टीम ने केवल तीन विकेट गंवाकर 12वें ओवर में ही हासिल कर लिया। नेपाल ने पहले खेलते हुए पांच विकेट पर 114 रन का स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने जबरदस्त बॉलिंग की और नेपाल की बल्लेबाजों को केवल ही एक बाउंड्री लगाने दी।

भारत की तरफ से फुला सारेन नाबाद 44 रन के साथ सर्वोच्च स्कोरर रही। दृष्टिहीन महिला वर्ल्ड कप में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें भारत, नेपाल के अलावा ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका शामिल है। टी-20 फॉर्मेट में यह इवेंट खेला गया। भारत और श्रीलंका ने मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की। पहले कुछ मुकाबले बेंगलुरु में खेले गए और इसके बाद कोलंबो में मैच कराए गए। टूर्नामेंट में सभी टीमों ने राउंड रोबिन के तहत आपस में मैच खेले। इसमें भारत ने सभी पांच मैच जीते और उसने सबसे पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम ने दृष्टिहीन महिला वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। वहीं, नेपाल की टीम पाकिस्तान को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंची थी। श्रीलंका की टीम केवल एक ही मैच टूर्नामेंट में जीत सकी, उसे अमेरिका के खिलाफ सफलता मिली थी। पाकिस्तान की महरीन अली ने टूर्नामेंट में 600 से ऊपर रन बनाए। इस दौरान श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 78 गेंद में 230 रन की पारी भी खेली। वहीं ऑस्ट्रेलिया के सामने 133 रन बनाए। गौर रहे कि ब्लाइंड क्रिकेट एक खास तरह का खेल है। इसमें एक सफेद प्लास्टिक की गेंद का इस्तेमाल होता है, जिसके अंदर बॉल बेयरिंग भरे होते हैं। जब गेंद लुढ़कती है तो उसमें से खड़खड़ाहट की आवाज आती है, जिससे खिलाड़ी उसे सुन पाते हैं। गेंदबाज को बल्लेबाज से पूछना होता है कि क्या वह तैयार है। फिर गेंद फेंकते समय 'प्ले' चिल्लाना होता है। गेंद को कम से कम एक बार उछालकर अंडरआर्म फेंका जाता है। नियमित क्रिकेट की तरह ब्लाइंड क्रिकेट में भी हर टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं। लेकिन इसमें कम से कम चार खिलाड़ी पूरी तरह से नेत्रहीन होने चाहिए। खेल में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी खिलाड़ियों को आंखों पर पट्टी बांधना अनिवार्य होता है। फील्डर अपनी स्थिति बताने के लिए एक बार ताली बजाते हैं। बाकी खिलाड़ी आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)




## ट्राई सीरीज : पाकिस्तान टीम ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** ने ट्राई सीरीज के मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। इस सीरीज की तीसरी टीम जिम्बाब्वे है। रावलपिंडी में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 128/7 रन बनाए। पाकिस्तान ने यह लक्ष्य सिर्फ 15.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जनिथ लियानागे ने बनाए सर्वाधिक 41 रन टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय उनके लिए सफल साबित नहीं हुआ।

टीम का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। कामिल मिशारा ने शुरूआती 11 गेंदों में 22 रन जरूर बनाए, लेकिन चौथे ओवर में फहीम अशरफ की स्लोअर गेंद को समझ नहीं पाए और कैच देकर लौट गए। पावरप्ले में श्रीलंका सिर्फ एक बाउंड्री और लगा सका। इसी दौरान कुसल मेंडिस भी अनावश्यक दूसरा रन लेने की कोशिश में रनआउट हो गए। पावरप्ले के अंत तक श्रीलंका का स्कोर 44/2 था। जनिथ लियानागे ने 38 गेंदों में 41 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी टीम को तेज रफ्तार नहीं दिला सकी। पाकिस्तान के गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन पाकिस्तान के गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन रहा।

मोहम्मद नवाज ने 4 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट केवल 4 की रही। उनके अलावा अबरार अहमद, फहीम अशरफ और सलमान मिर्जा को 1-1 सफलता मिली। साहिबजादा फरहान की ने नाबाद 80 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। ओपनर सैम अयूब 18 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। इसी दौरान उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए। दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा अर्धशतक था, जिसे उन्होंने सिर्फ 33 गेंदों में पूरा किया। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने पहली बार अर्धशतक लगाया और साल 2025 में अपने 100 छक्के भी पूरे कर लिए। फरहान ने बाबर आजम के साथ 69 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जो चेज का निर्णायक मोड़ साबित हुई। श्रीलंका एक भी मैच नहीं जीत पाया है ट्राई सीरीज में अब तक तीन मैच खेले गए हैं। पाकिस्तान ने लगातार दो मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 स्थान पक्का कर लिया। श्रीलंका अब तक एक भी मैच नहीं जीत सका है और नेट रन रेट भी उनका सबसे खराब है। (अनंत ज्ञान)